CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 23°C
सेंसेक्स 82,330.59
निफ्टी 25,019.80
सोना 95,575
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 17 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 45 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## मिचेल स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### थरूर, ओवैसी, सलमान खुर्शीद व मनीष तिवारी समेत 30 सांसद कई मुल्कों में जाकर बताएंगे हकीकत

# ऑपरेशन सिंदूर ट्रेलर है, दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर

अहमदाबाद, वार्ता

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भुज 65 और -शेष पृष्ठ दो पर

■ बोले-ब्रह्मोस ने पाक को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया, भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला



### पाक को बेनकाब करने में सरकार का साथ देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विभिन्न देशों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जानकारी देने के लिए सरकार अगर बहुदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल भेजती है, तो कांग्रेस इसमें शामिल होगी। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बनी स्थिति और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सरकार आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों की राजधानियों में बहुदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजने पर विचार कर रही है। सरकार अगर यह कदम उठाती है, तो कांग्रेस के सांसद भी उसमें शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत की है।

## ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां नार्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेन्सी सेन्टर के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेन्सियों की सटीक सूचना और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। मल्टी एजेन्सी सेन्टर को देश में आंतरिक सुरक्षा को चाक चौबंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस सेंटर में खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एनालाइसिस विंग, देश भर के पुलिस खुफिया विंग और अर्द्धसैनिक बलों की खुफिया इकाई एक दूसरे के साथ तालमेल बनाकर काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने छह मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे।

# शाह के बाद देवड़ा ने दिया बेहूदा बयान

जबलपुर, वार्ता

**मध्य प्रदेश** के मंत्री विजय शाह के बाद अब प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि पूरा देश, देश की सेना और सैनिक पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। डिप्टी सीएम के इस बयान पर सियासी बवाल हो रहा है।

विपक्ष ने देवड़ा पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे देश की सेना भी प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा ने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री जितनी तारीफ की जाए कम है। इस दौरान उन्होंने आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए उपस्थित लोगों से तालियां भी बजवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया। पर्यटकों को उनके परिवार के सामने धर्म पूछकर गोली मारी गई। महिलाओं को अलग ले जाया गया और पुरुषों को उनके परिवार के सदस्यों, उनके बच्चों के सामने गोली मार दी गई। तभी हमने ठान लिया कि इस देश के लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों से बदला नहीं ले लेते।

### कहा: पूरा देश, देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक



### हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। पूरे देश की जनता सेना के शौर्य पर गौरवान्वित है, लेकिन भाजपा के लोग सेना को अपमानित कर रहे हैं और भाजपा अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। भाजपा ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है।

### कोचीन हवाई अड्डे से 44.40 लाख की विदेशी मुद्रा जब्त

**कोच्चि।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण अभियान में 15 मई की रात को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया। शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा गया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, सीमा शुल्क टीम ने फ्लाइट एसजी18 से दुबई जा रही एक महिला यात्री को रोका। उसके चेक-इन बैगेज की गहन जांच करने पर, अधिकारियों ने 2,00,000 सऊदी रियाल (500 एसएआर × 400 नोटों के मूल्यवर्ग में) बरामद किए, जो लगभग 44.40 लाख रुपये के बराबर है। विदेशी मुद्रा को चेक-इन बैगेज के भीतर एल्यूमीनियम पन्नी की परतों के अंदर चतुराई से छिपाया गया था। आगे की जांच जारी है। सीबीआईसी के मुख्य आयुक्त एसके रहमान के नेतृत्व में तिरुवनंतपुरम जोन के अधिकारियों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

### पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे: हाईकोर्ट

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय सशस्त्र बल अगले आदेश तक अशांत शमशेरगंज और धुलियान में तैनात रहेंगे और न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को और अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती करने की सलाह दी। अदालत ने कहा कि अगर राज्य के पास पर्याप्त बल होते, तो हिंसा को टाला जा सकता था। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और राज्य दोनों को शमशेरगंज और धुलियान में एक स्थायी सीमा सुरक्षा बल शिविर स्थापित करने पर विचार करने के लिए कहा, ताकि उन क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके जहां गत 11-12 अप्रैल को सांप्रदायिक दंगों में तीन लोगों की मौत हो गई थी तथा दुकानों और घरों में लूटपाट किया गया था। गुरुवार को आदेश जारी करने के बाद, न्यायाधीशों ने मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से मुक्त कर दिया और इसे मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगननम को भेज दिया, ताकि दूसरे खंडपीठ के लिए भेजा जा सके।

### 29 राज्यों में आंधी व बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने 29 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। बाकी जिलों में हीट वेव के आसार हैं। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में हीट वेव का येलो अलर्ट है। 14 जिलों में बारिश की संभावना है। राजस्थान के 6 जिलों मेंअधिकतम तापमान 44.0 डिग्री के पार पहुंच गया। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ज्यादा तापमान (45.8 डिग्री) दर्ज किया गया। राज्य के 11 जिलों में शनिवार को बारिश का अलर्ट है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

## रक्षा बजट में होगा 50 हजार करोड़ का इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवम्बर-दिसम्बर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। इस बीच रक्षा बजट में बढ़ोतरी को लेकर रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को अहम माना जा रहा है। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में हमला किया था। इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया।

### राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे, लेकिन बैरिकेडिंग तथा भारी पुलिस बल की तैनाती ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग पर ही उन्हें रोक दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय आकर रहेगा।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं, तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई।



■ कहा: हर कोई अखबार में नाम चाहता है

उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी।

### इस्कॉन-बेंगलुरु राधा कृष्ण मंदिर का वैध मालिक: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का एक फैसला पलटते हुए इस्कॉन) सोसाइटी बेंगलुरु को दक्षिण भारत के इस शहर के हरे कृष्ण हिल पर स्थित इस्कॉन मंदिर का वैध मालिक घोषित कर दिया। पीठ ने इस्कॉन-बेंगलुरु की कानूनी और प्रशासनिक स्वायत्तता की पुष्टि करते हुए कहा कि सोसाइटी श्री राधा कृष्ण मंदिर की वैध मालिक है।

### जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहन भारती को मिली जान से मारने की धमकी



**रामपुर ( ब्यूरो )।** श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहन्त मोहन भारती को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिलने पर हड़कंप मच गया है। श्रद्धालुओं में भी मैसेज के प्रति उबाल है। जूना अखाड़ के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना मिलक खानम स्थित पीपली वन में बने माता बाल सुंदरी के मंदिर के महंत और श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को गुरुवार को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिला है। जिसमें कहा कि बाबा मोहन भारती जूना अखाड़े का अध्यक्ष क्या बना है। अपने आप को बहुत बड़ा समझ रहा है। मोहन भारती सुरक्षा को लेकर शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में शुक्रवार शाम लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के धौला कुआं और फरीदाबाद में शुक्रवार दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। फरीदाबाद में तेज आंधी और बारिश से सड़कों पर पेड़ टूट गए हैं। वहीं दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम सुहाना हो गया है। नोएडा और गाजियाबाद के आसमान में बादल छाए रहे और हल्की हवाएं चलती रही। इससे पहले दिल्ली के आरके पुरम इलाके में मौसम सुहाना हो गया। जिससे बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली- एनसीआर के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा हल्की आंधी और बिजली गरजन की संभावना है।

### भगोड़े नीरव मोदी पर कसा शिकंजा

#### पीएनबी से 14500 करोड़ के फ्रॉड का है आरोप

**लंदन।** पीएनबी घोटाला मामले में मुख्य आरोपी भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की गई है। लंदन की किंग्स बेंच डिवीजन हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इसे खारिज किया। भारत की ओर से सीबीआई के वकील ने नीरव की दलीलों का विरोध किया था। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से लोन लेकर करीब 14 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। घोटाला सामने आने के बाद वह जनवरी 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया था। नीरव को साउथ-वेस्ट लंदन से 19 मार्च, 2019 को गिरफ्तार किया गया था। तभी से वो वहां की जेल में है। भारत में नीरव के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन केस हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ धोखाधड़ी का सीबीआई मामला। दूसरा, पीएनबी मामले मनी लॉन्ड्रिंग का केस और तीसरा सीबीआई की कार्रवाई में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का मामला है। फरवरी 2021 में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर कोर्ट में नीरव के प्रत्यर्पण पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने भी नीरव मोदी को भारत भेजने की मंजूरी दे दी थी।

### बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कश्मीर के बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक आूपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा कि सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कोआर्डिनेशन अच्छा था।

## भारतीय कारोबारियों ने तोड़ा तुर्की व अजरबैजान से रिश्ता

नई दिल्ली, वार्ता

**खुदरा कारोबारियों** के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया है।

कैट के शुक्रवार को दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है। कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है, तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि हाल ही में तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान के पक्ष में खुलेआम समर्थन जताया। वहीं, इस समय भारत एक संवेदनशील सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यह भारत की दोस्ती और मदद का अपमान है, खासकर तब जब भारत ने इन देशों को संकट के समय मानवीय और कूटनीतिक सहयोग दिया था। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सम्मेलन में कहा कि तुर्की और अजरबैजान ने भारत की मदद लेकर अब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थक देश का साथ दिया है। यह भारत की संप्रभुता और जनता की भावनाओं का अपमान है।

### आईआईटी रुड़की ने इनोनू विवि के साथ एमओयू को किया रद्द

**देहरादून।** देश के अग्रणी संस्थानों में शुमार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। मीडिया सेल की प्रभारी श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार आईआईटी रुड़की अपने अतंर्राष्ट्रीय जुड़ाव को राष्ट्रीय हित के साथ जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी समझौता ज्ञापन रद्द किए

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय तथा अन्य विश्वविद्यालयों का अनुसरण करते हुए निजि विश्वविद्यालय लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने भी तुर्की और अजरबैजान के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों को रद्द कर दिया है। एलपीयू की ओर से बताया गया कि इन दोनों देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का सहयोग किया था।

### मुंबई हवाई अड्डे ने तुर्की की कंपनी से समझौता किया समाप्त

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने तुर्की की विमानन कंपनी सेलेबी के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। क्योंकि भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि सेलेबी को निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी ग्राउंड हैंडलिंग सुविधाओं को तुरंत सौंपने का निर्देश दिया गया है।

## उत्तराखंड में धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद का होगा गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन का उद्देश्य

**देहरादून।** उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। ये निर्णय शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है।

तीर्थाटन इस क्षेत्र की एक प्रमुख पर्यटन विद्या रही है, जिसमें चारधाम यात्रा, नन्दादेवी राजजात यात्रा एवं आदि कैलाश यात्रा आदि कुछ प्रमुख धार्मिक यात्राएं हैं। वर्तमान समय में बेहतर परिवहन व्यवस्था, सड़क, रेल एवं वायु सेवा की सुलभता के कारण इन यात्राओं - मेलों में तीर्थयात्रियों- श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुख धार्मिक यात्राओं, मेलों के उचित प्रबन्धन हेतु एक पृथक नियंत्रण एवं प्रबन्धन इकाई की आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए निम्न उद्देश्यों सहित उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् का गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया। इसके तहत धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए समुचित प्रबन्धन एवं संचालन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच दरगाह जेठ मेले पर रोक में नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ से बहराइच में दरगाह शरीफ के लगने वाले जेठ मेले पर रोक मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद भी याचियों को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 19 मई को नियत की है। याचियों की ओर से कहा गया कि जेठ मेला 18 मई से शुरू हो रहा है, इसलिए मामले की जल्द सुनवाई की जाए। इसके मद्देनजर कोर्ट ने मामले की अर्जेंट सुनवाई की अर्जी मुख्य न्यायमूर्ति को देने की याचियों को अनुमति दी है। न्यायधीश एआर मसूदी और न्यायधीश अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ के समक्ष बहराइच की दरगाह शरीफ प्रबंध समिति की ओर से इसके चेयरमैन समेत छह छह लोगों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह ने याचिका का विरोध किया। जबकि याचियों की ओर से उनके अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र ने मेला आयोजन की अनुमति देने की दलीलें दीं।

### हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर: पाठक

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए बयान पर अब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से स्पष्टीकरण मांगा है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा जातिगत उन्माद फैलाना चाहती है। दलित समाज की बेटी को जाति सूचक शब्द से पुक. ारना कहां तक उचित है? अखिलेश यादव का इस विषय पर अब तक बयान नहीं आया है। उन्हें अपना और पार्टी का स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। समाजवादी पार्टी इस विषय पर अपना स्टैंड स्पष्ट करे और जनता से माफी मांगे। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने सपा नेता रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए जाति सूचक बयान की आलोचना की है। राम गोपाल यादव का बयान शर्मनाक है। हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर है और सिर्फ भारतीय है। सेना को जाति और धर्म से जोड़कर राजनीति नहीं करनी चाहिए। ऐसे बयान मनोबल गिराने वाले होते हैं, इससे बचना चाहिए।

### लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी

**लखनऊ।** अब यूपी के किसान अपने खेतों को समतल कर कम पानी में ज्यादा फसल उगा सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत तक या अधिकतम दो लाख रुपये तक की सब्सिडी देने का ऐलान किया है। इस मशीन से खेत इस तरह समतल होंगे जैसे फुटबाल का मैदान। इससे फसल की सिंचाई में पानी की बचत, उपज में बढ़ोतरी और लागत में कमी जैसे कई फायदे होंगे। खेत का पानी खेत में, यह कहावत अब केवल कहावत नहीं रहेगी, बल्कि आधुनिक तकनीक की मदद से इसे जमीन पर उतारा जा सकेगा। खेत समतल होने से सिंचाई का पानी हर हिस्से में बराबर बहेगा, जिससे नमी पूरे खेत में समान बनी रहेगी। इससे बीज अच्छी तरह जमेंगे और फसल एकसाथ पकेगी। सरकार की ओर से बताया गया है कि इस मशीन में जीपीएस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है।

# मीडिया की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक

**नई दिल्ली, वार्ता**



गुजरात समाचार के संस्थापक को गिरफ्तार किया: खड़गे

अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तो लोकतंत्र खतरे में : राहुल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताते हैं और दूसरी तरफ सरकार के कार्यों की आलोचना करने वाले अखबार पर डंडा चलाकर लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने करीब सौ साल पुराने अखबार गुजरात समाचार के संस्थापक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर साबित कर दिया है कि मोदी आलोचना करने वालों की आवाज दबाने में संकोच नहीं करते हैं। यह मीडिया की आजादी तथा लो. कतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। श्री खड़गे ने कहा कि मोदी जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था– आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। गुजरात समाचार एक 93 वर्ष पुरानी संस्था है, जिसके वरिष्ठ संस्थापक बाहुबली भाई शाह जी को प्रवर्तन निदेशालय से गिरफ्तार करवाकर मोदी ने सिद्ध किया है, आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है। जिसने भी इस सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और जिसने भाजपा से समझौता नहीं किया, उसको जेल जाना पड़ेगा। गांधी ने कहा कि गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अखबार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज दबाने की एक और साज़िश है। जब सत्ता को आईना दिखाने वाले अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तब समझ लीजिए लोकतंत्र खतरे में है।

## सेना, सैनिकों को अपमानित करने वाले मप्र के दोनों मंत्री हों बर्खास्त: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह ने बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपने दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देवड़ा तथा शाह ने भारतीय सेना तथा सैनिकों का अपमान करने वाले बयान दिए हैं, इसलिए इन दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं। सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है। इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। भाजपा मूक–दर्शक बनी नहीं रहेगी और मोदी छिपे नहीं रह सकते। अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा जगदीश देवड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन–सहमति और संरक्षण है।

### दरगाह जोगीपुरा की सालाना मजलिसें

# डा. मिर्जा शफीक हुसैन चौथी बार बनाए गए मजलिसों के कॉर्डिनेटर

**जिया अब्बास जैदी, शाह टाइम्स**



22 मई से शुरू होकर 25 तक चलेंगी मजलिसें

**लखनऊ।** दरगाह जोगीपुरा की चार दिवसीय सालाना मजलिस के लिए मौलाना डा. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। चार दिवसीय मजलिस में हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ 60 उलेमाओं को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी तकरीर में अलग–अलग मौजुओं पर तकरीर करेंगे।

इस संबंध में मौलाना डा. मिर्जा शफीक ने 'शाह टाइम्स' को जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह–ए–आलिया नजफ–ए–हिन्द जोगीपुरा की मजा. लिसें 122 वर्ष से लगातार होती चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि ये अकीदत का मरकज़ है। 351 साल से ज्यादा हो गए, ये दरगाह यहां मौजूद है। दरगाह में दुनियाभर के विभिन्न समुदाय के लोग यहां शिरकत करने के साथ–साथ मन्नत व मुरादें पूरी करने के लिए आते हैं। चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई 2025 तक होंगी। उन्होंने बताया कि मजलिसों का सिलसिला रोजाना सुबह से शुरू होकर रात तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद व शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली ज़ैदी की ओर से उन्हें पिछले साल की तरह इस बार भी लगातार चौथी बार मजलिसों का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्तमान में दरगाह जोगीपुरा के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़्वी की ओर से जायरीनों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासक गुलरेज हैदर के वालिद जहीर हैदर भी दरगाह जोगीपुरा के सेक्रेट्री रह चुके हैं। डा. मिर्ज़ा शफीक ने बताया कि 24 मई की रात्रि मौला अली की शान में मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा।

# सपा ने किया था मायावती का चीरहरण: सूर्य प्रताप

**लखनऊ, वार्ता**



राम गोपाल यादव के बयान पर योगी के मंत्री का पलटवार

यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही शुक्रवार को अपने निजी आवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को ध्वस्त किए जाने की बात कही थी। उन्होंने सेना को खुली छूट दी, जिसकी वजह से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपने शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के लगभग एक दर्जन आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया और 7 से 8 हवाई अड्डों को सामूहिक रूप से नुकसान पहुंचाया। यह अपने भारत के सैन्य ताकत को प्रदर्शित करता है। सेना के तीनों अंगों को मैं सलाम करता हूं, बधाई देता हूं।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव के सेना अधिक. ारी पर विवादित बयान पर कृषि मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने हमेशा जाति और सांप्रदायिक एंगल से हर चीजों को देखा है। आज पाकिस्तान और हिंदुस्तान की जो कठिनाइयां पैदा हो रही है, उसके भीतर ही कांग्रेस का ही गढ़ है। कांग्रेस की वजह से नासूर की तरह देश हमारा 72 वर्षों से भुगत रहा है और अभी भी वह इसके बारे में सचेत नहीं है। देश के भीतर अनावश्यक टिप्पणियां करके सेना के लोगों के हौसले पर सवाल खड़ा करते हैं। उनको जाति के अंतर्गत बांटने का काम करते हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। रामगा. पाल यादव ने कहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नाक के नीचे दलित अल्पसंख्यक और पिछड़ों के साथ अत्याचार हो रहा है। इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उनके नाक के नीचे तो मायावती जी का चीर हरण किया जा रहा था, उस समय क्या कर रहे थे। समाजवादी पार्टी के लोगो ने एक अनुसूचित नेता जो प्रदेश की मान्य नेता है, को चीर हरण के लिए कैसा प्रयास किया था, ये सारी दुनिया ने देखा था।

## जल जीवन मिशन : योजना की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

# 183 अफसरों-कर्मियों पर की गई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



122 अधिकारियों पर जांच बैठाई, 55 पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई छह को निलंबित कर दिया गया है: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब तक 183 अफसरों–कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें से 122 अधिकारियों पर जांच बैठाई गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि 6 को निलंबित कर दिया गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन के अंतर्गत कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सबसे अधिक कार्रवाई अधिशासी अभियंताओं पर की गई है। अभी तक कुल 7 मुख्य अभियंताओं पर अनुशासनिक जांच बैठाई गई, जबकि 4 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इसके अलावा 5 अधीक्षण अभियंताओं पर जांच और 7 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। 59 अधिशासी अभियंताओं पर जांच बैठाई गई है, तो 44 को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर 4 को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही 32 सहायक अभियंताओं पर जांच बैठाकर 2 का निलंबन किया गया है। वहीं 19 अवर अभियंताओं की अनुशासनिक जांच की गई है। इस तरह लापरवाही बरतने वाले कुल 122 अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई और 06 का निलंबन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक नल कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर घर तक समय पर और गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल पहुंचे। इस दिशा में राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## बरेली समेत पांच शहरों में स्थापित होंगी नई अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब लखनऊ और मेरठ के बाद वाराणसी, कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ जैसे प्रमुख जिलों में भी माइक्रोबायलॉजी लैब स्थापित की जा रही हैं। यह लैब्स न केवल खाद्य और औषधि पदार्थों की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच के लिए उपयोगी होंगी, बल्कि इससे जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में भी त्वरित और सटीक कार्रवाई संभव हो सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखासिंह चौहान ने बताया कि वाराणसी में लैब का कार्य पूरा हो चुका है और 31 मई से संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह पूर्वांचल के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी, क्योंकि अब इस क्षेत्र के नागरिकों को बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और सूक्ष्म पैथोजन्स से जुड़ी जांच के लिए दूसरे शहरों या राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ में भी ऐसी ही अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब की स्थापना हेतु एफएसएसएआई द्वारा बजट स्वीकृत कर दिया गया है।

## श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक–दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है, जब श्रम कानूनों को प्रो–इंडस्ट्री और प्रो–श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतु. लित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक–हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से गिरा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, एसबीआई और इंफोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की तेजी के बाद आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक का गोता लगाकर 82,330.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.30 अंक टूटकर 25019.80 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 45,005.84 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग



लगाकर 51,045.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4126 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2607 में लिवाली जबकि 1380 में बिकवाली हुई, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2971 कंपनियों में से 1969 में तेजी जबकि 911 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण भारती एयरटेल, एसबीआई और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में कमजोरी रहा। इन शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव बना। वहीं इस गिरावट के बावजूद बाजार को अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से कुछ सहारा मिलने की उम्मीद है। बीएसई के सात समूहों में गिरावट जबकि अन्य में बढ़त रही। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 138 अंक की गिरावट लेकर 82,392.63 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 82,514.81 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह दोपहर से पहले 82,146.95 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस केके मुकाबले 0.24 प्रतिशत टूटकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ।

## इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट का शुभारम्भ किया। राजधानी में उद्योग भवन में मंत्रालय के कार्यालय में आयोजित समारोह में इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय का कहना है कि नई वेबसाइट को इसके संचालन में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई वेबसाइट में एक आधुनिक और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल इंटरफ़ेस है, जिससे वेबसाइट का इस्तेमाल करना और वहां से प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करना सहज हो जाता है। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उठाव सुस्त, जिंसों में बना रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों की जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल–तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट गिरकर 3837 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.16 सेंट गिरावट लेकर 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़–चीनी: मीठे



के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल–दलहन : दाल–दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल–दलहन : चना 6100–6200, दाल चना 7100–7200, मसूर काली 7650–7750, मूंग दाल 9850–9950, उड़द दाल 9250–9350, अरहर दाल 8500–8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950–3050 रुपये और चावल 3550–3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी–गुड़: चीनी एस. 4280–4380, चीनी एम. 4500–4600, मिल डिलीवरी 3620–3720 और गुड़ 4400–4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर....**

71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है। राजनाथ ने कहा कि आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। राजनाथ ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे।

राजनाथ ने कहा कि इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता–पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिराई हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। राजनाथ ने कहा कि कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर के फंड पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, छसीपी–एसपी, बीजद, सीपीआई–एम के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलीगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी–एसपी की सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को डिप्लोमेटिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। एक पार्टी के नेता ने अपना नाम उजागर न करते हुए बताया कि उन्हें 22–23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय यात्रा से जुड़े डिटेल्स शेयर करने के लिए उनसे संपर्क करेगा। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि डेलीगेशन में 5–6 सांसदों के 8 ग्रुप्स होंगे। सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय (एमईए) का एक अधिकारी और एक सरकारी प्रतिनिधि भी जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सांसदों का विदेश दौरा कोआर्डिनेट कर रहे हैं। सां. सदों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। उन्हें अपना पासपोर्ट और ट्रैवल से जुड़ी जरूरी डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने की सलाह दी गई है।

# कश्मीर में सुरक्षाबलों की नई रणनीति रही सफल



दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी रणनीति में बदलाव किया है, जिसके कारण उन्हें 48 घंटे में दक्षिण कश्मीर में दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली। इस बीच मंगलवार से अब तक दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अवंतीपोरा में दो अलग–अलग मुठभेड़ों में लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद के तीन–तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

पुलिस, सेना और केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में आज यहां अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों अभियानों की सफलता सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच 'सहज समन्वय' के कारण है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विधि कुमार बिरदी ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले ने मौजूदा सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा को प्रेरित किया है। प्रेस ब्रीलफ्ग में सेना के 'विक्टर फोर्स' के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद थे। बिरधी ने आगे कहा कि कश्मीर घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद ऑपरेशन पर अधिक ध्यान दिया गया। इस गहनचिंतन और समन्वय के आधार पर हमने पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए जिसके दौरान हमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। दोनों ऑपरेशनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। बिरधी ने कहा कि शोपियां और त्राल अवंतोपोरा में एक–एक ऑपरेशन सीआरपीएफ, भारतीय सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस के बीच सहज समन्वय के कारण संभव हुआ। उन्होंने इन आपरेशनों में खुफिया एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। इस बीच जैन ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां यहां आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र या किसी भी आतंकी गतिविधि को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जनरल जोशी ने आपेरशन के बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन 'नादर' त्राल और केलर शोपियां पर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा कुछ खास इलाकों को लक्षित करके किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों ऑपरेशन अलग–अलग इलाकों में किए गए थे, एक शोपियां के घने जंगलों में और दूसरा पुलवामा जिले के त्राल के आबादी वाले गांव में।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# औचंदी गांव से 4 बांग्लादेशी दंपति व पांच बच्चे पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने औचंदी गांव से चार बांग्लादेशी दंपति और पांच बच्चों को पकड़ा है। जिनको दो साल पहले बांग्लादेश के रहने वाले जलील अहमद नामक एजेंट ने भारत में एंट्री करवाई थी। पुलिस जलील अहमद के बारे में जानने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में

इंस्पेक्टर योगेश और विनोद यादव के निर्देशन में पुलिस टीम ने औचंदी गांव में छापेमारी करके सभी १३ बांग्लादेशियों को पकड़ा। पूछताछ करने पर उन्होंने बांग्लादेश से होने और भारत में रहने के लिए उचित दस्तावेजों की कमी की बात स्वीकार की। सभी बांग्लादेश के खुदीग्राम जिले के खुशावली गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि वे बांग्लादेश के जलील अहमद नामक एक व्यक्ति की मदद से भारत आए थे। उन्होंने बांग्लादेश में अपने पैतृक गांवों से बस द्वारा अपनी यात्रा शुरू की, और लगभग दो साल पहले भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में पहुँचे। वहाँ से, वे बिना बाड़ वाले कृषि क्षेत्रों से होते हुए सीमा पार कर गए और फिर कूच बिहार रेलवे स्टेशन के लिए एक ऑटो रिक्शा किराए पर लिया। उनका एजेंट, जलील अहमद कूच बिहार से बांग्लादेश लौट आया, जबकि वे ट्रेन से दिल्ली की यात्रा जारी रखते थे। वे बस से हरियाणा के खरखौदा पहुँचे, जहाँ उन्होंने हरियाणा के खरखौदा के सिसाना गाँव में स्थित एक ईंट भट्टे में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करना शुरू कर दिया था। पिछले काफी महीनों से वे औचंदी गांव में रह रहे थे। यहां पर वे किस किसके संपर्क में थे। उनके बारे में जानने की कोशिश की जा रही है।

## अवैध हथियारों के साथ चार आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के विभिन्न थानों ने अलग अलग घटनाओं में अवैध हथियारों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चार पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस बरामद की है। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि पहले मामले में १५ मई को शाम ६:३० बजे एमएस पार्क थाने के हेड कांस्टेबल बबलू सिंह, कानाराम और सुमित को रेलवे लाइन, डीडीए फ्लैट्स, एमएस पार्क के पास अवैध हथियार ले जाने वाले एक व्यक्ति के बारे में गुप्त सूचना मिली।इसके बाद टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी लखन को पकड़ कर उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद की है। इसके बाद आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वही दूसरे मामले में एसआई विकास कुमार के नेतृत्व में गांधी नगर थाने की टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति लोहे के पुल के पास एक अवैध देशी कट्टा लेकर घूम रहा है। इस सूचना के मिलते ही १५ मई के दिन टीम ने जाबिर उर्फ जाकी उर्फ घ्ज्जावेद को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है । वहीं तीसरे मामले में १५ मई के दिन अगतपुरी थाने के हेड कांस्टेबल मोहसिन,आनंद पाल और कांस्टेबल. मनीष ने गश्त ड्यूटी के दौरान मदर डेयरी चंदर नगर के पास मोनू लूथरार को पकड कर उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके अलावा अन्य मामले में एएसआई अली हसन, हेड कांस्टेबल दिवाकर के साथ गश्त ड्यूटी पर थे। गश्त करते हुए एएसआई अली हसन और हेड कांस्टेबल दिवाकर एमसीडी ऑफिस के पास करकरी रोड पर पहुंचे। रात करीब ०९:१५ बजे पुलिस पार्टी ने देखा कि एक व्यक्ति विश्वास नगर की तरफ आ रहा था और पुलिस कर्मचारियों को देखकर वह पीछे मुड़ा और भागने लगा। इस मौके पर एएसआई अली हसन ने हेड कांस्टेबल दिवाकर की मदद से उस व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान सागर उर्फ मक्खी के रूप में हुई है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीकरण शिविर का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं रोहिणी क्षेत्र के विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने रोहिणी में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीकरण शिविर का दौरा किया।इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के स्थानीय वृद्ध जनों ने बढ़ चढ़कर अपना पंजीकरण कराया।इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने वाली एक परिवर्तनकारी पहल बताया।

इस शिविर का केंद्रबिंदु आयुष्मान वय वंदना योजना रही, जो आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक नवीन पहल है। इस योजना के तहत ७० वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को हर वर्ष १० लाख रुपए तक का नि:शुल्क और कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा, जिसमें मानक आयुष्मान भारत योजना की ५ लाख रुपए की सीमा के अतिरिक्त ५ लाख रुपए का टॉप-अप भी शामिल है। गुप्ता ने इस योजना की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यह वृद्धजनों की पूर्व-विद्यमान बीमारियों के उपचार और देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में सुविधा प्राप्त करने की दिशा में एक अहम कदम है।रोहिणी सेक्टरख्र९ में आयोजित इस शिविर में नागरिकों का उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिससे स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूकता और जनसमर्थन का परिचय मिला।

## डीपीएस द्वारका के अभिभावकों से जुड़ी याचिका पर निर्णय सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में द्वारका दिल्ली पब्लिक स्कूल को दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के नियंत्रण में देने का निर्देश देने की मांग वाली १०० अभिभावकों की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए १०० से अधिक अभिभावकों ने याचिका दायर की है। आज इस पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अभिभावकों ने अपने बच्चों की सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका में कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में स्कूल ने अभिभावकों से अस्वीकृत फीस वसूलने के लिए दबाव डाला है और बलपूर्वक तरीकों का इस्तेमाल किया है।

## एक नजर

### मधुमेह पर चिंता जताते हुए सीबीएसई ने दिए शुगर बोर्ड स्थापित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बच्चों में बढ़ रही मधुमेह बीमारी पर चिंता जताते हुए सीबीएसई ने शुगर बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों में अब जल्द ही शुगर बोर्ड बनेंगे। सीबीएसई ने कहा है कि इन पर छात्रों को अत्यधिक चीनी सेवन. जंक फूड (पिज्जा, बर्गर, मोमोज), कोल्ड ड्रिंक्स जैसे खाद्य और पेय पदार्थों से जुड़े जोखिम की जानकारी प्रदर्शित करने के लिए कहा है। स्कूलों में शुगर बोर्ड के माध्यम से सेमिनार और वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी। वहीं, विशेषज्ञ बच्चों को चीनी के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे। सीबीएसई की ओर से इस संबंध में संबद्ध स्कूल प्रिंसिपल को निर्देश जारी किए हैं। सीबीएसई ने कहा है कि बीते एक दशक में बच्चों में टाइप-२ मधुमेह में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पहले यह बीमारी मुख्य रूप से व्यस्कों में देखी जाती थी, लेकिन अब इसका शिकार बच्चे भी हो रहे हैं। सीबीएसई के अनुसार यह खतरनाक प्रवृत्ति काफी हद तक चीनी के अधिक सेवन के कारण है, जो अक्सर स्कूल के वातावरण में मीठे स्नैक्स पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की आसानी से उपलब्धता के कारण होती है। चीनी का अत्यधिक सेवन न केवल मधुमेह के जोखिम को बढ़ाता है, बल्कि मोटापा, दंत समस्याओं और अन्य विकारों में भी योगदान देता है। जो कि बच्चों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित करता है। ऐसे में बोर्ड ने स्कूलों को कहा है कि वह अपने यहां शुगर बोर्ड स्थापित करें।

### चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में आशुतोष सुना रहे सम्राट की गौरव गाथा

**नई दिल्ली।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन गर्व के साथ प्रस्तुत कर रहा है अपना आगामी ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान, जो एक ऐसे युवा राजकुमार की अद्भुत यात्रा को दर्शाता है, जिसने असाधारण पराक्रम और बुद्धिमत्ता से भारत के इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराया। यह भव्य गाथा पृथ्वीराज चौहान के प्रारंभिक जीवन, उनके सामने आई चुनौतियों और उन्हें पार करने के उनके साहस, विवेक और अदम्य उत्साह को प्रभावशाली रूप से चित्रित करती है। बचपन से लेकर उनके शासन की निर्णायक लड़ाइयों तक, यह शो एक ऐसे वीर सम्राट की प्रेरणादायक कहानी को जीवंत करता है, जिसकी विरासत आज भी इतिहास के पन्नों में गूंजती है। इस ऐतिहासिक कहानी में गहराई जोड़ते हैं प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा, जो पृथ्वीराज चौहान के परम मित्र चंद बरदाई की भूमिका में अपने प्रभावशाली स्वर से कथा को स्वर देंगे। अपनी सशक्त आवाज और गूंजते संवादों के लिए अलग पहचान रखने वाले राणा दर्शकों को इस ऐतिहासिक यात्रा से भावनात्मक रूप से जोड़ेंगे और उन्हें उस युग की गहराइयों में ले जाएंगे। उनका यह स्वरूप कथा में गंभीरता, प्रामाणिकता और गौरव का भाव लेकर आएगा।

### एलआईसी म्यूचुअल फंड एएमसी ने पेश की पांच प्रमुख इक्विटी योजनाएं



**नई दिल्ली।**एलआईसी म्यूचुअल फंड (एलआईसी एमएफ) ने अपनी पांच प्रमुख इक्विटी योजनाओं को फिर से पेश करने की घोषणा की है. इसका उद्देश्य उत्पादों की संख्या बढ़ाना, नए निवेशक आकर्षित करना और बदलते बाजार से मेल खाने वाले फंड पेश करना है. 'फंड्स इन फोकस ''१थ्ल२५'को पुन: पेश करने के साथ नई तकनीकों को शामिल किया गया है और वृद्धि की संभावनाएं बढ़ाने वाली नवोन्मेषी सुविधाओं व रणनीतियों को अपनाया गया है. इससे फंड की अपील बढ़ेगी। निखिल रुंगटा और महेश बेंद्रे के अनुसार एलआईसी एमएफ द्वारा अप्रैल २०२५ तक ४१ योजनाओं का प्रबंधन किया जा रहा है, जिनमें १५ इक्विटी फंड, ९ डेट फंड, ६ हाइब्रिड फंड, १ सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड और १० ईटीएफ, इंडेक्स व अन्य फंड शामिल हैं। फंड हाउस के मुख्य निवेश अधिकारी (इक्विटी) योगेश पाटिल ने ये फंड पुन: पेश किए जाने पर कहा, ''हम इन पांच प्रमुख इक्विटी योजनाओं को फिर से पेश कर रहे हैं, जिनमें लंबी अवधि में अलग-अलग वित्तीय जरूरतों वाले निवेशकों के लिए बढ़िया धन सृजन करने की संभावना है।

### ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम दिल्ली रोहिणी जॉन के पूर्व निगम पार्षद अनिल शर्मा के नेतृत् में में ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का एक प्रति. निधिमंडल दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सैयद अहमद खान के अलावा डॉ शकील अहमद मेरठी, हकीम आफताब आलम, इसरार अहमद उज्जैनी, मोहम्मद इमरान कन्नौजी शामिल थे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी और विश्व विख्यात मसीहुल मुल्क हकीम अजमल खान की सेवाओं पर आधारित एक ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है की हकीम अजमल खान की विशिष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए और उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके जरिए स्थापित आयुर्वेद एंड युनानी तिब्बिया कॉलेज करोल बाग नई दिल्ली को नेशनल यूनानी विश्वविद्यालय के तौर पर विकसित किया जाए। प्रतिनिधि मंडल की बातों को मुख्यमंत्री ने गौर से सुना और सकारात्मक रुख का इजहार किया।




सेनाओं के प्रति आभार व सम्मान प्रकट करने के लिए शाहदरा जिला अंतर्गत छाछी बिल्डिंग चौक कृष्णा नगर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने को निकाली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान के खिलाफ की गई सख्त सैन्य कार्रवाई के समर्थन में भारतीय सेनाओं के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने के लिए आज शाहदरा जिला अंतर्गत छाछी बिल्डिंग चौक कृष्णा नगर पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। सिटिजन फॉर नेशनल सिक्योरिटीष के बैनर तले आयोजित इस यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान पूरा कृष्णा नगर लाल क्वार्टर मार्केट तिरंगे झंडे से पट गया। चारों तरफ देश भक्ति के गीत और वन्देमातरम् व भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। जिला भाजपा प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़ ने बताया कि यात्रा की अगवाई भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा।

इस इस अवसर पर भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा,शाहदरा से विधायक संजय गोयल, कृष्णा नगर से विधायक डॉ अनिल गोयल, महामंत्री गीता शर्मा,जिला प्रभारी डॉक्टर अनिल गुप्ता,, पूर्व विधायक नितिन त्यागी,जॉन अध्यक्ष संदीप कपूर, निगम पार्षद ड्रॉ मोनिका पंत, पंकज लूथरा,अलका राघव, यशपाल कंतुरा, मीनाक्षी शर्मा, राजू सचदेवा, नीमा भगत, सहकारिता प्रकोष्ठ सह संयोजक राजीव शर्मा, सरदार जस्मैन सिंह न्नोनी, राजेश शर्मा, साहित्य सभी निगम पार्षद कार्यकर्ता पदाधिकारी और सैकड़ो समर्थकों के साथ सेना के सेवानिवृत सैनिक भी यात्रा में शामिल हुए। भारत गौड़ ने बताया कि नेताओं के अलावा सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स आपदा मित्र होमगार्ड के जवान एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट, आरडब्लूए मंदिरों के प्रधान, मार्केट एसोसिएशन,स्कूलों के स्टूडेंट, भारी संख्या में वकील और डॉक्टर के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी उत्साह से तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। सबसे पहले अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का छाती बिल्डिंग चौक पर ध्वजारोहण किया गया और शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# समाज कल्याण मंत्री ने आशा किरण होम में मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहका. रिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रोहिणी स्थित आशा किरण होम में मानसिक रूप से दिव्यांगजनों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। समाज कल्याण मंत्री ने कहा की,मुख्यमंत्री ने अपनी पहली होली दो माह पूर्व आपके बीच मनाई थी। आज मैं अपना जन्मदिन आपके साथ मनाने आया हूँ, हमारी सरकार का प्रयास है की समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ भावनात्मक जुड़ाव और समावेश सुनिश्चित किया जा सके। रविन्द्र इन्द्राज ने दिव्यांगजनों का हाल जानने के बाद आयोजन के दौरान कहा कि आज बच्चों की भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन को आनंद और प्रेरणा से



भर दिया है। इस अवसर पर आप सभी से मिला प्रेम और शुभकामनाएँ मेरे लिए जन्मदिन का सबसे शानदार उपहार है। आप सब मेरे लिए ईश्वर का अंश और परिवार के सदस्य की तरह हैं। अपनी कोई भी शिकायत या सुझाव नि:संकोच साझा करें, मैं सदैव आपके लिए उपलब्ध हूँ। इस आयोजन के बाद मीडिया से बात करते हुए रविन्द्र इन्द्राज ने शनिवार को होने वाली जनसुनवाई की जानकारी दी, उन्होंने बताया की सुबह ११ बजे से बवाना के दादा भैया चौपाल में स्थानीय निवासियों की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जनसुनवाई की जाएगी।

# सर्वोदय बाल विद्यालय बुलन्द मस्जिद के छात्रों ने किया नाम रौशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सर्वोदय बाल विद्यालय, बुलन्द मस्जिद स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 95.12% और 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 95.45% परीक्षा परिणाम प्रतिशत रहा। इस वर्ष १२वीं में मो. बिलाल (83. 6%) प्रथम, फैजान (78.4%) द्वितीय, कृष्णा (73.8%) तृतीय स्थान पर रहे वहीं मोहम्मद मोी. हत (73.4%) प्रथम, फरहान ((65.8%) द्वितीय, मो. कसन अली ((61.2%) तृतीय स्थान पर रहे।

इस परीक्षा परिणाम का श्रेय यहां के प्रधानाचार्य बलराज सिंह, उनके स्टाफ (अध्यापकों) व स्कूल की एसएमसी को जाता है जिन्होंने कम सुविधा में भी स्कूल के रिजल्ट में काफी सुधार किया है, जो लगातार जारी है। इस पर स्कूल के प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने सफल विद्यार्थियों, उनके



मो. बिलाल 83.6 | फैज़ान 78.4 | कृष्णा 73.8

अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी तरह प्रयास करता रहेगा। प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# आर्म्स रॉबरी का मामला सुलझा, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आर्म्स रॉबरी का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से लूटी गई अपाचे बाइक बरामद की है। आरोपी दिल्ली और हरियाणा के कई मामलों मे शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि ०९.मई को मंगोलपुरी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत लूट का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें तीन आरोपियों ने हवा में गोलियां चलाने के बाद शिकायतकर्ता से अपाचे बाइक लूट ली थी। इसके बाद एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर अरविंद के नेतृत्व में एसआई नवीन, प्रदीप, राजबीर सिंह, एएसआई महेश, हेड कांस्टेबल योगेश और कांस्टेबल हेमंत की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने संभावित संदिग्धों से संबंधित कई कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया।इसी बीच हेड कांस्टेबल योगेश कुमार को एक गुप्त सूचना मिली कि मंगोलपुरी थाने के डकैती मामले में शामिल आरोपी लूटी गई अपाचे बाइक पर नाला रोड, आईटीबीपी स्कूल, सेक्टर १६, द्वारका के पास आने वाले हैं। इस सूचना के मिलते ही टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी लाला उर्फ विशाल (२३) और लीला उर्फ साहिल (२३) को गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने सनसनीखेज डकैती मामले में अपनी संलिप्तता कबूल की।

## शिष्टाचार दस्ते ने महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित करने के मिशन पर काम शुरू किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस की एंटी-ईवटी जिंग यूनिट के शिष्टाचार दस्ते ने महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित, सम्मानजनक और उत्पीड़न-मुक्त बनाने के मिशन पर मंगोल पुरी में काम शुरू कर दिया है। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि इस दौरान जागरूकता पैम्फलेट बांटने से लेकर दैनिक यात्रियों से वास्तविक बातचीत करने तक, टीम ने ईव-टीजिंग, उत्पीड़न और सुरक्षा के मुद्दों को सीधे संबोधित किया। स्थानीय अधिकारियों के समर्थन से, दस्ते ने निवारक कार्रवाई की इस दौरान महिलाओं को बोलने के लिए सशक्त बनाया और कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दिया। स्थानीय समुदाय इस पहल के पीछे खड़ा था, जिसने एक बात को जोरदार और स्पष्ट रूप से साबित कर दिया।

## 28 वारदातों में भगौड़ा बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सुरेश उर्फ गोलू नामक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पिछले साल ही कोर्ट ने उसको भगौड़ा घोषित कर दिया था। एसीपी नरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अमित सोलंकी के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी सुरेश को मोबाइल फोन ट्रैकिंग (कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन डेटा) और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की सहायता से उसके त्रिलोक पुरी ठिकाने से गिरफ्तार किया।

# भाजपा सरकार सबके प्रति संवेदनशील: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दस साल के शासन में अरविंद केजरीवाल सरकार ने बस मार्शलों से लेकर डाक्टर के रूप में कार्य करने वालों के जीवन से खिलवाड़ किया और सत्ता से बाहर होने के बाद अब उनके नाम पर घड़ियाली आंसू बहा कर राजनीतिक सुर्खियां बटोरने में लगे हैं। केजरीवाल सरकार ने सरकारी नौकरी में नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी किये बिना हजारों युवाओं को विभिन्न तरह की सरकारी ड्यूटी कांट्रैक्ट नौकरी के रूप में देकर ना सिर्फ उनके जीवन से खेल किया बल्कि ऐसी भी चर्चा सुनने में आई की इन कांट्रैक्ट नौकरियों को देने के नाम पर तत्कालीन सरकारों द्वारा वसूलियां भी की गईं। सचदेवा ने कहा है की नवनिर्वाचित भाजपा की दिल्ली सरकार ने स्पष्ट घोषणा की है कि मोहल्ला क्लीनिक अभी चलते रहेंगे पर कुछ मोहल्ला क्लीनिकों के स्थान पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाये जायेंगे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की हमारी सरकार कांट्रैक्ट कर्मियों के प्रति संवेदनशील है और कल ही भाजपा सरकार के स्वास्थ मंत्री ने सभी मोहल्ला क्लीनिक स्टाफ को आश्वस्त किया की उनकी सेवाएं कांट्रैक्ट अनुसार अगले एक वर्ष तक बनी रहेंगी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लियें एन.एच.एम. नियमों के अंतर्गत स्टाफ भर्ती में भी अवसर दिया जायेगा।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की २०१५-१६ में सरकारी नौकरी के लालच में केजरीवाल सरकार ने हजारों युवकों को बिना किसी भर्ती नियम का पालन किये कांट्रैक्ट नौकरियां या को टर्मिनस जाब थमा दिये।

## 1303 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड नेट प्रॉफिट घोषित किया

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1302.88 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ घोषित किया। यह वित्तीय वर्ष 2023-24२ में 1070.08 करोड़ रुपए था। यानी सालाना आधार पर मुनाफा 21.75% बढ़ा। बैंक के वित्तीय नतीजे घोषित करते हुए बैंक के एमडी व सीईओ पी.आर. शेषाद्रि ने कहा , मुझे यह साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हम अगर लगातार मुनाफे की राह में आगे बढ़ रहे हैं तो इसका श्रेय हमारी एसेट क्वालिटी, फ्लेक्जिबल लोन बुक और एक बेहद सशक्त रिटेल कर्ज पोर्टफोलियो को जाता है। बैंक अपने संगठनात्मक ढांचे में लगातार बदलाव कर रहा है। अपने कारोबारी लक्ष्य हासिल करने के लिए हम डिजिटल टेक्नोलॉजी का भी भरपूर उपयोग कर रहे हैं।

# दिल्ली सरकार गिग वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड का गठन करेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक ऐतिहासिक पहल के तहत, श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में गिग वर्कर्स और प्रमुख प्लेटफॉर्म कंपनियों एवं एग्रीगेटर्स जैसे स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, उबर, अर्बनक्लैप और बिगबास्केट के प्रतिनिधियों के साथ पहली बार बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए सामा. जिक, चिकित्सीय और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था, जो तेजी से बढ़ते गिग इकोनॉमी में उनके कल्याण और अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस बैठक में गिग वर्कर्स को अपनी समस्याओं को सीधे सरकार और एग्रीगेटर्स के सामने रखने का मंच प्रदान किया। उन्होंने लंबे काम के घंटे, अपर्याप्त भुगतान और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली की कमी जैसी गंभीर समस्याओं को उजागर किया, जिन्होंने उनकी आजीविका को लंबे समय से प्रभावित कर रखा है। गिग वर्कर्स ने बताया कि ये चुनौतियाँ उनके दैनिक जीवन को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रही हैं। गिग वर्कर्स द्वारा उठाए गए मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, "इन सभी समस्याओं का समाधान प्लेटफॉर्म(कम्पनीज) और एग्रीगेटर्स के सहयोग से किया जाएगा। सरकार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए एक वेलफेयर बोर्ड का गठन करेगी और उनके कल्याण के लिए योजनाएँ तैयार करेगी। मैं प्लेटफॉर्म और एग्रीगेटर्स को यह भी आश्वासन देता हूँ कि उन्हें इंस्पेक्टरों या किसी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि दिल्ली सरकार ने इन पहलों के समर्थन के लिए बजट में १० करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है।" बैठक के दौरान, कई प्लेटफॉर्म कंपनियों और एग्रीगेटर्स ने अपने वर्कर्स के समर्थन में पहले से किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। उन्होंने बताया कि वे अपने वर्कर्स को चिकित्सा और दुर्घटना कवरेज, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और उनके बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## फरारी के बीच प्राईवेट चालक बनकर दे रहा था चकमा,पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने कर्दमपुरी के रहने वाले समीर उर्फ चुंडा को गिरफ्तार किया है। आरोपी भगौड़ा घोषित होने के बाद पुलिस से बचने के लिये प्राईवेट चालक के रूप में वाहन चलाकर पुलिस को चकमा दे रहा था। वह दिल्ली/एनसीआर में चोरी, स्नैचिंग, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास के १२ मामलों में शामिल रहा है। एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को उत्तराखंड के रामनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि नशे की अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए उसने दिल्ली/एनसीआर में मोबाइल फोन छीनना शुरू किया। स्नैचिंग करने के लिए वह अलग-अलग जगहों से मोटरसाइकिल चुराता था। फिलहाल वह प्राइवेट ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## भारतीय किसान मजदूर मोर्चा ने बिजली घर पर जड़ा ताला

# समस्याओं को लेकर एसडीओ को बनाया बंधक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के सैकड़ों लोगों ने बिजलीघर पर अनेकों समस्याओं को लेकर हल्ला बोला व कार्यालय में मौजूद एसडीओ को ताला लगाकर बंधक बनाया। मोर्चा के अध्यक्ष बबली गुर्जर ने बताया कि क्षेत्रवासी बिजली विभाग से बहुत परेशान हैं।

जिनमें प्रमुख रूप से सीकरी खुर्द गाँव से लेकर मोदी पॉन कॉलोनी तक लाइन पार के पूरे क्षेत्र में बिजली पूरी रात गायब रहती है व देहात में किसानों को सिंचाई के लिए केवल 3-4 घंटे ही बिजली मिल रही है जिससे किसान अपनी सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं देहात के कई गाँवों में आठ दस दिन से कई ट्रांसफार्मर फूंके पड़े हैं बिजली विभाग के कर्मचारी कोई भी काम बिना सुविधा शुल्क के नहीं करते हैं। शुक्रवार को इन सभी समस्याओं को लेकर सैकड़ों लोग बिजली घर में धरने पर बैठ गए किसी सक्षम अधिकारी के न आने पर बिजली घर पर ताला जड़ दिया। 1 घंटे बाद एसडीओ प्रदर्शनकारियों के बीच में पहुंचे उन्हें भी किसानों ने बंधक बना लिया लगभग 2 घंटे के बाद। एसडीओ के द्वारा सभी समस्याओं का निस्तारण सोमवार तक करने के आश्वासन पर उन्हें ज्ञापन दिया गया प्रदर्शनकारियों ने बताया कि अगर सोमवार तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बिजलीघर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से डाक्टर बबली गुर्जर राहुल प्रधान सतेन्द्र शर्मा नीरज प्रजापति। निर्दोष खटाना।

अमित गोयल नगर पालिका के कई सभासद गण भी उपस्थित रहे जिनमें सूबे सिंह गुलाब सिंह धर्मवीर सिंह वेद प्रकाश चौधरी बबलू कौशिक आलोक भारती एवं इस्तकार प्रधान पप्पू प्रधान सुनील प्रधान राहुल कलछीना राज वर्मा नवीन जैन बीके शर्मा एमपी सिंह चमन सिंह वीर सिंह उत्तम प्रधान। राहुल वाल्मीकि मोनू गुर्जर देव शर्मा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने

# जॉइंट कमिश्नर सुजाता सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में सुजाता सिंह जॉइंट कमिश्नर (एस आई बी ए रेंज) से शिष्टाचार मुलाकात की तथा व्यापारियों की समस्याओं को हल कराने का आग्रह किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता ने सुझाव रखा कि टैक्स देकर बिल लेने वाले व्यापारी को दोषी न मानकर रिटर्न दाखिल न करने वाले व्यापारी से रिकवरी करनी चाहिए।

राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारी बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, सौरभ यादव, राजीव अग्रवाल, रितेश शर्मा आदि ने अन्य कई समस्याओं पर अपने विचार रखे। गाड़ियों को ना रोककर, 1000 के चालान में गाड़ियों को छोड़ा जा सकता है तथा यदि कोई गाड़ी पकड़ी भी जाती है तो उसका वीडियोग्राफि कराने सहित अनेक समस्याओं पर सुजाता सिंह जी का ध्यान आकर्षित करा तथा व्यापारियों की समस्याओं को हल कराने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर सुजाता सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना तथा समस्याओं का संज्ञान लेकर शासन से समस्याओं को हल कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आप अपने सुझावों को जीएसटी काउंसिल को प्रेषित करें।

## एम.पी.एस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया स्कूल का नाम रोशन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर- 23 जाग्रति विहार स्थिति एम.पी.एस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 10 वीं कक्षा व 12 वीं कक्षा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। 10 वीं कक्षा में आदेश नोटियाल ने 91%, पायल शर्मा 90.6%, निर्भय मिश्रा 90.4%, वंशिका त्यागी 90%, पारखी गर्ग 88.4%, वंश श्रीवास्तव 86.2%, आशमा परवीन 85.6%, आदित्य कुमार 85.6%, रितिका 85.6%, अक्षरा 85.6%, रौनक कुमार 85%, अंक प्राप्त किये वहीं 12 वीं कक्षा में छाया कुमारी ने 92.2%, निशा 91.2%, खुशी तिवारी 91.2%, खुशी चौधरी 88.6%, खुशी 87.6%, लविश कुमार 87%, प्रज्ञा कौशिक 85.8% व देव श्रीवास्तव ने 85.2% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रबंधक राजीव त्यागी व प्रधानाचार्य शिल्पा त्यागी ने सभी छात्र - छात्राओं को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तुर्की और अजरबैजान का करें बहिष्कार: इटवा

### एहसान फरामोश निकला तुर्की: प्रिन्स कंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पहलगाम घटना के परिणामस्वरूप किये गए ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ पाकिस्तान का साथ देकर तुर्की और अजरबैजान ने खुद के पैर पर कुल्हाड़ी नहीं, बल्कि कुल्हाड़ी पर अपना पैर रख दिया है। तुर्की ने भारत पर हमला के लिए पाकिस्तान को 300 से अधिक ड्रोन दिए और अपने सैनिक भी भेज दिया। दोनों देशों ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारत के हालिया हमलों की निंदा की है। भारत से पंगा लेना दोनों ही देशों को भारी पड़ सकता है। इसका असर भी दिखने लगा है। भारत में तुर्की और अजरबैजान बॉयकॉट की मांग उठने लगी है।

इसके लिए देश के प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन 'इटवा' ने देश के नागरिकों से दोनों देशों का बहिष्कार करने की अपील की है! इटवा के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिन्स कंसल ने बताया है कि इस अपील का तुर्की और अजरबैजान को भारी असर पड़ सकता है,लोग तेजी से अपना ट्रिप कैंसिल कर रहे हैं और भारतीय पर्यटकों ने दोनों देशों में जाने से इनकार कर दिया है! ऐसा लगता है कि इन दोनों देशों का भी वही हाल होने वाला है, जो पर्यटकों के बहिष्कार के बाद मालदीव का हुआ था। प्रिन्स कंसल ने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत से तुर्की और अजरबैजान के लिए की गई 50% हवाई बुकिंग रद्द हो गई हैं! भारत ने पर्यटन क्षेत्र में तुर्की और अजरबैजान की बहुत मदद की है और उनका समर्थन किया है,हमें इस बात पर अपनी नाराजगी जाहिर करनी चाहिए कि उन्होंने भारत के साथ कैसा व्यवहार किया है इसलिए हम इन देशों का विरोध कर रहे हैं!

एहसान फरामोश निकला तुर्की जब तुर्की में भूकंप आया था तो भारत ने तुर्की का सहयोग किया था!इस पर इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिन्स कंसल ने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब तुर्की में भूकंप आया था, तो हमने वहां बहुत मदद की थी। हमने अपने डॉक्टर, डॉग स्क्वॉड और मेडिकल स्क्वॉड भी भेजे थे। हमने इसे 'ऑपरेशन दोस्त' नाम दिया था। हम सोच भी नहीं सकते थे कि तुर्की ऐसा कदम उठाएगा और वह हमारे दुश्मन के साथ मिलकर सब कुछ करेगा, इसी कारण एसोसिएशन ने तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार की अपील की है।

## शिक्षा स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** निवाड़ी स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं और बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन नीरज त्यागी ने मेधावी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस समारोह में कक्षा बारहवी और कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। चेयरमैन नीरज त्यागी ने अभिभावकों को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष महोदय, प्रधानाचार्या, समन्वयक महोदया, शिक्षकगण और अभिभावकगण मौजूद रहे।

## विवेक तिवारी की घातक गेंदबाजी से एचसीए पायनियर सेमीफाइनल मे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के अन्तर्गत खेले गए लीग मैच मे एचसीए पायनियर ने विवेक तिवारी की घातक गेंदबाजी ( 6 विकेट 23 रन देकर) की मदद से कारपेडियम इंडिया को 10 विकेट से परास्त किया। टास जीतकर कारपेडियम इंडिया के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया परन्तु बांये हाथ के फिरकी गेंदबाज विवेक तिवारी की घूमती गेदो के सामने कोई बल्लेबाज जम कर नही खेल पाया फलस्वरूप सभी खिलाड़ी मात्र 20 ओवर मे 88 रन बना कर आउट हो गए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एचसीए पायनियर के ओपनर जसमीत नैन 68 रन 18 गेद व मयंक 25 रन 13 गेद ने धुआंधार अविजित पारी खेल कर 5 ओवर मे अपनी टीम को विजय दिला दी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विवेक तिवारी को संजय शर्मा ने प्रदान किया, संचालन विश्वजीत सिंह ने किया।

प्रमुख स्कोर ÷ कारपेडियम इंडिया: 88 रन सभी आउट, 19 ओवर मे। सौरभ गोडियाल 31 रन,(8 चौके) विवेक तिवारी 06-03-23-06 जसमीत नैन 02-00-02-02 एचसीए पायनियर: 94 रन 5 ओवर में। जसमीत नैन 68 रन ( 4 चौके, 7 छके, 18 गेद) अविजित मयंक 25 रन ( 4चौके, 1 छका, 13 गेद) अविजित। आगामी मैच दिनांक 19-05-2025 को यूपी पुलिस बनाम रवि ब्रदर्स के मध्य खेला जाएगा।

## समर कैंप से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास: विनोद वैशाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने फीता काटकर किया उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय में समर कैंप बच्चों के लिए एक जरूरी गतिविधि है जिसके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और पूरे साल पढ़ाई करने के बाद कुछ नया करने के लिए समर कैंप का आयोजन सभी विद्यालय के लिए नितांत आवश्यक है। इससे जहां बच्चे अपने रुचि के अनुसार उस विषय में पारंगता हासिल करते है साथ ही पूरे वर्ष के पढ़ाई के बोझ को हल्का भी करता है और जीवन में एक नए पन का एहसास भी कराता है वर्तमान समय में समर कैंप बच्चों की एक विशेष आवश्यकता बन चुका है आज मुझे देखकर काफी प्रसन्नता हो रही है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चे अलग-अलग खेलों में नई-नई भाषाओं का ज्ञान संगीत नृत्य नाटिका आदि गतिविधियों का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि विनोद वैशाली जी को पटका माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी बताया कि इस 15 दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों को तीन आउटडोर गतिविधियों के साथ रोबोटिक्स विभिन्न खेल, संगीत में, गायन, नृत्य, नाट्य मंचन विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्र चलाना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कला, पुस्तक कला, वेस्ट मटेरियल से कुछ नई चीज तैयार करना व अन्य नई तकनीकियों का उच्च स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रत्येक दिन अपने क्षेत्र की नामचीन हस्तियां द्वारा बच्चों के बीच जाकर उन्हें उस विषय की बारीकियों से अवगत कराकर उस विद्या का प्रदर्शन उनके द्वारा किया जाएगा और समर कैंप के अंतिम दिन कैंप फिनाले में बच्चों द्वारा सिखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन अभिभावकों के सामने किया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न विषय विशेषज्ञों के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं अपनी अहम भूमिका निभा रहे है।

## इंटर कॉलेज में छात्रों को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मास को-ऑपरेशन एनजीओ द्वारा चलाएं जा रहे महिला सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के तहत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजयनगर, गाजियाबाद में मंगलवार से एक हफ्ते के लिए निशुल्क प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 500 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कैंप के बाद छात्राओं मैं आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है इस मौके पर प्रिंसिपल डॉक्टर विभा चौहान ने कहा कि आज के युग में जहां महिला व पुरुष का अंतर खत्म हो रहा है ऐसे में महिलाओं को अपनी रक्षा का जिम्मा खुद ही लेना पड़ेगा जिस प्रकार मास को-ऑपरेशन एनजीओ ने यह मुहिम चलाई है वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर मास को-ऑपरेशन एनजीओ के नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं ट्रेनिंग कैंप के हेड संतोष कुमार नें कहा कि समाज में जिस प्रकार महिलाओं के प्रति हिंसक घटनाएं बढ़ रही है उसे देखते हुए महिलाओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अति आवश्यक है। शिविर के अवसर पर एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तौसीफ हाशमी ने कहा कि उनकी संस्था महिला सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और वह उन सभी महिलाओं तक पहुंच कर उन्हें प्रशिक्षित करने का प्रयास करेंगे जो अपनी दैनिक दिनचर्या में किसी न किसी शोषण का शिकार होने के खतरे मैं जूझती है। साथ ही ट्रेनिंग स्टाफ के हेड संतोष कुमार को अच्छे प्रशिक्षण के लिए बधाई दी।

### एक नजर

## परिवहन विभाग चला रहा विशेष अभियान



**गाजियाबाद।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में प्रदेश में अनधिकृत रूप से चल रही टूरिस्ट बसें जो अनुमन्य मार्गों पर संचालित होने के साथ परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही हैं एवं निजी वाहन जो व्यावसायिक परिवहन के रूप में प्रयोग किये जा रहे हैं तथा निजी बस तथा मिनी बस टैक्सी / टैम्पो आदि जो अवैध रूप से संचालित कर यात्रियों को 100 किमी या उससे अधिक यात्रा करा रही है, के विरूद्ध परिवहन विभाग द्वारा एक प्रभावी अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया।

परिवहन विभाग, गाजियाबाद द्वारा 15 मई से 16 मई 2025 तक दो दिनों में अनाधिकृत रूप से संचालित 49 यात्री वाहनों का चालान किया गया तथा 33 वाहनों को जब्त करते हुए मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में रू0 5.25 लाख का जुर्माना आरोपित किया गया, यह कार्यवाही जनपद के प्रमुख मार्गों पर केंद्रित थी। इस अभियान का लक्ष्य अनाधिकृत बसों, बिना परमिट संचालित बसों और ओवरलोड बसों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करना है।

ऐसे वाहनों के द्वारा यदि नियमित उल्लंघन किया जाता है, तो परमिट निलम्बन / निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी। उक्त अभियान परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, अमित राजन राय, मनोज कुमार मिश्रा तथा यात्रीकर अधिकारी राजेश्वर कुशवाहा, मनोज कुमार के द्वारा चलाया गया।

परिवहन विभाग, गाजियाबाद बस ऑपरेटर्स, यात्रियों और जनता के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।

## हेलमेट नहीं, तो ईंधन नहीं

### नियमों का उल्लंघन करने पर एक्शन 20 से अधिक चालान कटे

**गाजियाबाद।** विभिन्न जिलों में लागू की गई 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' नीति का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इस नीति के तहत, बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाना चाहिए।हाल ही में, जिला पूर्ति अधिकारी ने इस नीति के उल्लंघन की जांच के लिए पांच टीमों का गठन किया। बृहस्पतिवार को इन टीमों ने दस से अधिक पेट्रोल पंपों पर निरीक्षण किया और 20 से अधिक ऐसे वाहन चालकों को पकड़ा जो बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवा रहे थे। इन वाहनों के फोटो खींचकर परिवहन विभाग को ऑनलाइन चालान के लिए भेजे गए हैं। जनवरी माह में नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी लागू की गई थी। इसे 15 दिन में लागू कराना था।आपको बता दें की कई पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी का उल्लंघन किया जा रहा है। पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा बिना हेलमेट पहने पहुंचे चालकों के दोपहिया वाहनों में पेट्रोल दिया जा रहा था। आपको बता दे की जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने इसका संज्ञान लिया और जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की अध्यक्षता में पांच टीम गठित की है। मोदीनगर में दो टीम, लोनी में एक और गाजियाबाद शहर में दो टीम को पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी का उल्लंघन करने वालों की जांच के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही पेट्रोल पंपों के शौचालयों की सफाई व्यवस्था चेक करने के लिए भी कहा गया है। बृहस्पतिवार को पांचों टीमों ने दस से अधिक पेट्रोल पंपों पर जांच की और 20 से अधिक वाहन चालकों को बिना हेलमेट पहने वाहनों में पेट्रोल डलवाते हुए पकड़ा है। आपको बता दें की पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना हेलमेट पहने पंप पर आने वाले दोपहिया वाहन चालकों के वाहनों में पेट्रोल न डालें। उन्होंने बताया कि रोजाना ही अब टीम द्वारा जांच की जाएगी। वह खुद भी पेट्रोल पंप पर औचक निरीक्षण कर जांच करेंगे।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में किया गया

# तीसरे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के सातवें मॉड्यूल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के पेरियोडोन्टोलॉजी विभाग द्वारा तीसरे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के सातवें मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस के विद्यार्थी और कॉलेज के अध्यापक शामिल थे। यह कोर्स डेक्टोमैक्स इंटरनेशनल एकेडमी और प्रोफी विश्वविद्यालय, उज्बेकिस्तान के सहयोग से आयोजित किया गया था।

यह कार्यक्रम आईटीएस-द एजुकेषन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य मरीजों के बीच चेहरे के सौन्दर्य चिकित्सा के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा चेहरे के सौन्दर्य में वृद्धि की मांग करने वाले रोगियों की प्राथमिक वैकल्पिक लक्ष्यों को प्राप्त करना एवं रोगी को समग्र उपचार प्रदान करना है। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ आशीष कुमार सिंह एवं डॉ गौरव तिवारी थे, दोनों वक्ता फेशियल एस्थेटिक्स चिकित्सक के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता भी है। कार्यक्रम के दौरान डॉ आशीष एवं उनकी टीम ने कॉस्मेटिक डेन्टिस्ट्री के अन्तर्गत चेहरे की सुदंरता को ज्यादा बढाने के लिए विभिन्न विकल्पों के बारे में सभी प्रतिभागियों को समझाया। कार्यक्रम के पहले दिन चेहरे पर मौजूद दाग या निशान के सर्जिकल उपचार के बार में बताया गया, जिसमें निशान को हटाकर त्वचा को सावधानीपूर्वक दोबारा जोड़कर सौंदर्य और कार्यात्मक दृष्टिकोण से सुधार लाने की प्रक्रिया सिखाई गई। इसके साथ ही ग्लूटाथायोन थेरेपी पर भी जानकारी दी गई जो एक एंटीऑक्सीडेंट उपचार है और इसका उद्देश्य ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करना और मेलेनिन के उत्पादन को अवरुद्ध कर त्वचा को हल्का बनाना है। कार्यक्रम के दूसरे दिन पर प्रतिभागियों को चेहरे की झुर्रियों को चिकना करने और चेहरे की बनावट को सुधारने हेतु वॉल्यूम बहाल करने के लिए फिलर्स के बारे में ज्ञान प्रदान किया गया। इसके साथ ही चेहरे के दागों के नीचे की फाइब्रॉटिक स्ट्रैंड्स की प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे जब इसे चेहरे के फिलर्स के साथ मिलाकर किया जाता है तो इसके परिणाम और भी बेहतर होते है। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों की परीक्षा ली गई। जिसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। अंत में कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को उनके शैक्षणिक एवं क्लीनिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में सभी प्रतिभागियों को डेक्टोमैक्स इंटरनेशनल एकेडमी और प्रोफी विश्वविद्यालय, उज्बेकिस्तान द्वारा फेशियल एस्थेटिक्स फैलोशिप से सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर डिग्री वितरण आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा किय गया। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के सेक्रेट्री, भूषण कुमार अरोड़ा एवं संस्थान के निदेशक- प्रधानाचार्य, डॉ0 देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ सभी डीन्स, एचओडी एवं दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहें। डॉ आशीष ने एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों के लिये इस तरह के ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिये संस्थान को धन्यवाद दिया।

### संबंध विच्छेद

मैं बाबू हसन पुत्र इमाम बख्श निवासी- ख.नं- 278, दौलत नगर अगरौला लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र आसिफ व पुत्रवधु फरहीन को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### संबंध विच्छेद

हम कान्ती प्रसाद पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्रीमती कमलेश पत्नी श्री कान्ती प्रसाद निवासीगण म. नं. 680 ग्राम सदरपुर गाजियाबाद ने अपने पुत्र सौरभ शर्मा के गलत व्यवहार, लड़ाई झगड़ा, के कारण अपने संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया भविष्य में वह अपने कृत्य / लेन देन का स्वयं जिम्मेदार होंगा।

# शेयर बाजार में घोटाला करने वाला चीनी एजेंट साथी के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में घोटाला करने और घोटाले में आए रुपयों को कमीशन पर लिये बैंक खातों में जमा करने के मामले में शामिल एक चीनी एजेंट समेत दो आरोपियों को स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने गिरफ्तार किया है। आरो. पियों की पहचान वड्डोरिया केविन मुकेशभाई और अब्दुल बारिक के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न चीनी ऐप और ऑनलाइन वॉलेट वाले ०६ मोबाइल फोन जब्त किये हैं। जांच टीम दोनों के बैंक खातों की जांच करके पता करने की कोशिश कर रही है कि कब से और अभी तक आरोपियों के बैंक खातों से कितने का लेनदेन हुआ है। पुलिस आरोपियों के बाकी नेटवर्क के बारे में भी पता करने की कोशिश कर रही है। आरोपियों को विदेशी ऑनलाइन बिनेंस वॉलेट से यूएसडीटी में कमीशन मिलता था। दोनों विदेश में स्थित साइबर अपराधियों द्वारा इनको निर्देश मिलते रहते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते दो अप्रैल को अशेक कुमार नामक व्यक्ति से आईएफएसओ को एक लिखित शिकायत मिली थी,जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें आईपीओ, स्टॉक ट्रेडिंग के माध्यम से मुनाफा का झांसा देकर ६४.७५ लाख की धोखाधड़ी की गई।

साइबर अपराधियों ने उन्हें बिजनेस कैटेलिस्ट मार्केट लिमिटेड के नाम से एक फर्जी डिमैट खाता खोलने के लिए राजी किया। जिसके बाद आरोपियों ने उसके पांच बैंक खातों से ६४.७५ लाख रुपये निकाल लिये। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी जय प्रकाश की देखरेख में एसआई विक्रम सिंह, एसआई धनंजय दुबे, हेड कांस्टेबल मोनू कुमार और संदीप को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। शिकायतकर्ता से मिलकर फोन नंबर,सोशल साइट और बैंक खातों की जानकारी ली। बैंक खातों से निकाले गए रुपये को खंगाला गया। जिसमें पता चला कि पांच बैंक खातों में शिकायतकर्ता के रुपये लेकर उन रुपयों को आगे कई बैंक खातों में भेजा गया था। जिसके बाद यह रकम अपने कामों के लिये निकाली गई थी। दो खाताधारकों की पहचान की गई। जिसके बाद वड्डो. रिया केविन मुकेशभाई और अब्दुल बारिक को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि वड्डो. रिया केविन मुकेशभाई टेलीग्राम पर कई चीनी साइबर समूहों जैसे गेमिंग अड्डा और एचवाई-पेय का सक्रिय सदस्य था। वह कमीशन के आधार पर बैंक खाते उपलब्ध कराने के दावों के साथ सोशल मीडिया पर संदेश भेजकर लोगों को लुभाता था।

## मेट्रो ने मिलाया ओएनडीसी से हाथ सफर हुआ और भी सुविधाजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) से हाथ मिलाया है। अब दिल्लीवासी गूगल मैप्स, रैपिडो, रेडबस जैसे १० से अधिक लोकप्रिय ऐप्स के जरिए मेट्रो टिकट बुक कर सकते हैं, जिससे यात्रा पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक होगी। दिल्ली मेट्रो के टिकट चार्टर, इजमायट्रिप, गूगल मैप्स, हाईवे डिलाइट, माइल्स एंड किलोमीटर्स (टेलीग्राम के जरिए), नम्मा यात्री, वनटिकट, रैपिडो, रेडबस, तुम्मॉक और यात्री रेलवेज जैसे १० से अधिक लोकप्रिय ऐप्स पर बुक किए जा सकते हैं। इस पहल से करीब ६५ लाख दैनिक यात्रियों को अलग मेट्रो ऐप डाउनलोड करने या विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। टेक्नोलॉजी सर्विस प्रोवाइडर सीक्वलस्ट्रिंग एआई (एसएआई) के इंटरफेस से डीएमआरसी की टिकटिंग सेवाएं अब मोबिलिटी ऐप्स, ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स, जर्नी प्लानर्स और टेलीग्राम बॉट पर उपलब्ध हैं। इस एकीकरण से दूसरे शहर से दिल्ली आने वाले यात्रियों को जबरदस्त सुविधा मिलेगी। यात्री एसएआई इंटरफेस से रेडबस ऐप पर न केवल बस टिकट बुक कर सकता है, बल्कि आईएसबीटी कश्मीरी गेट से दिल्ली के किसी भी गंतव्य के लिए मेट्रो टिकट खरीद सकता है।

# पैसों के लेनदेन के विवाद में युवक की चाकू गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर इलाके में बीती रात ३५ सौ रुपये को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी,जबकि उसके भाई को चाकू गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। तीन युवकों को हिरासत में भी ले लिया है। जबकि मुख्य आरोपी समेत दो की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक की शिनाख्त मोहम्मद मुनचुन और घायल उसके भाई की पहचान मोहम्मद अफसर के रूप में हुई है। मुनचुन अपने तीन भाइयों और इनके परिवार के साथ स्वरूप नगर इलाके में रहता था। सभी भाई इलाके के राइस मिल में काम करते हैं। स्वरूप नगर पुलिस को बीती रात इलाके में दो पक्षों में झगड़ा और दो युवकों को चाकू लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। गली में काफी ज्यादा खून पड़ा था। पता चला कि मोहम्मद मुनचुन और उसके भाई मोहम्मद अफसर को चाकू मारे थे। जिनको उनका परिवार बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले गया है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोहम्मद मुनचुन को मृत घोषित कर दिया,जबकि मोहम्मद मुनचुन की हालत चिंताजनक बताई। पुलिस ने परिवार के बयान पर इलाके में रहने वाले राकेश और उसके भाई व रिश्तेदारों ासमेत चार पांच युवकों पर हत्या और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से तीन युवकों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके हिरासत में ले लिया। जबकि राकेश की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

# परिवहन मंत्री ने की नई इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार एक आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली में नई ई-बसों की उपलब्धता को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी, स्विच मोबिलिटी, जेबीएम जैसी प्रमुख बस कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, हम सार्वजनिक परिवहन को तेजी से बदल रहे हैं। अगले दो महीनों में दिल्ली की सड़कों पर ५०० ई-बसें चलेंगी और साल के अंत तक १००० और बसें इसमें जुड़ेंगी, जिससे लोगों को साफ-सुथरी और बेहतर यात्रा का विकल्प मिलेगा। मंत्री ने कहा कि इन नई इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत दिल्ली को देश की ई-कैपिटल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

उन्होंने संबंधित एजेंसियों को प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा, ष्नई इलेक्ट्रिक बसों को जल्द से जल्द दिल्ली की सड़कों पर उतारा जाए राजधानी में प्रदूषण रहित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और मजबूत हो। इस बैठक के दौरान परिवहन विभाग ने अवगत कराया कि विभिन्न बस डिपो पर सिविल कार्यों एवं इलेक्ट्रिकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से अपने अंतिम चरण में पहुँच चुकी है।मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बस कॉनसेशनर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे इलेक्ट्रिक बसों की डिलीवरी में तेजी लाएं और सभी प्रमुख डिपो में म्ट चार्जिंग इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करें इंफ्रास्ट्रक्चर का त्वरित विकास सुनिश्चित करें। जिससे ई-बसों का कुशल संचालन समयबद्ध तरीके से संभव हो सके।दिल्ली के मौजूदा पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में क्म्टप् इलेक्ट्रिक बसों को प्रभावी रूप से शामिल करने के लिए एक सुव्यवस्थित रूट रेशनलाइजेशन प्लान लागू किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में ये ई-बसें लगभग १२ किलोमीटर के छोटे रूट्स पर चलाई जा रही हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ १२-मीटर लंबी बसों का संचालन चुनौतीपूर्ण होता है।



**परिवहन मंत्री नई इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती को लेकर परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी, स्विच मोबिलिटी, जेबीएम जैसी प्रमुख बस कंपनियों के प्रतिनिधि के साथा चर्चा करते हुए।**

# 12 मासी हुआ डेंगू: सालभर के लिए बना चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डेंगू अब केवल बरसात के मौसम तक सीमित नहीं रहा। यह बीमारी अब साल के लगभग हर महीने राजधानी के निवासियों को अपनी चपेट में ले रही है। इतना ही नहीं, पहले जहां डेंगू दो वर्षों के अंतराल पर गंभीर रूप लेता था, वहीं अब एक साल के अंतराल में इसका विकराल रूप सामने आ रहा है।

इस तरह मौसमी रोग माने जाने वाला डेंगू अब सालभर की चुनौती बन गया है। पिछले चार वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो २०२१ से २०२४ के बीच राजधानी में डेंगू के करीब ३० हजार मामले सामने आए। वर्ष २०२१ में जहां ९६१३ मामले सामने आए थे, वहीं २०२२ में यह संख्या घटकर ४४६९ पर आ गई, लेकिन २०२३ में फिर से मामलों में तेजी आई और ९२६६ केस मिले। वर्ष २०२४ में डेंगू के ६३९१ मामले सामने आए थे। इस वर्ष भी पहले चार माह के दौरान १३० मामले सामने आ चुके हैं। इन वर्षों के दौरान वर्ष २०२१ के जनवरी माह को छोड़कर कोई भी माह ऐसा नहीं है, जिसमें डेंगू के मामले सामने नहीं आए। लिहाजा डेंगू का प्रकोप पूरे साल सक्रिय रहता है। एक समय था जब डेंगू केवल अगस्त से नवंबर तक सीमित रहता था, लेकिन अब जनवरी, फरवरी और मार्च में भी मरीज मिल रहे हैं। वर्ष २०२२ में जनवरी में २३, फरवरी में १६ और मार्च में २२ मामले सामने आए। वर्ष २०२३ और २०२४ में भी शुरुआती महीनों में कई केस मिले।

# दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे की बदलेगी तस्वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे की तस्वीर बदलने जा रही है। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने २४५ करोड़ रुपये का टेंडर बुधवार को जारी कर दिया। निर्माण कंपनियां १२ जून तक टेंडर में हिस्सा ले सकेंगी। १३ जून को टेंडर ओपन कर दिया जाएगा। अगले १५ दिनों में वर्क अलाट करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जुलाई से जमीनी स्तर पर काम शुरू हो जाएगा। दो साल के भीतर एक्सप्रेसवे के कायाकल्प का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली में धौलाकुआं के नजदीक से लेकर गुरुग्राम में खेड़कीदौला टोल प्लाजा तक २८ किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे है। इसमें १० किलोमीटर का हिस्सा दिल्ली में, जबकि १८ किलोमीटर गुरुग्राम इलाके में पड़ता है। दोनों हिस्सा बदहाल है। खासकर गुरुग्राम भाग की हालत काफी दयनीय है। न मुख्य मार्ग ठीक है, रेलिंग दुरुस्त है और न ही स्ट्रीट लाइटें सही से जलती हैं। हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर के एक साइड में कई बार गड्ढे बन चुके हैं। पिछले कई महीनों से जयपुर-दिल्ली साइड की एक लेन बंद है। फ्लाईओवर की भी मरम्मत की जाएगी। सर्विस लेन को पूरी तरह ठीक किया जाएगा। जहां चौड़ाई बढ़ाने की आवश्यकता होगी।

## मोहल्ला क्लीनिक में तैनात डॉक्टरों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाने की घोषणा के बाद अपनी नौकरी को लेकर चिंतित मोहल्ला क्लीनिक में तैनात डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ के प्रति मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहानुभूति दिखाई है।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि नई भर्ती में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। शुक्रवार सुबह शालीमार बाग स्थित आवास पर मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से अपनी चिंता साझा कीं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आप निश्चिंत रहें, दिल्ली में जो भी नए आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे, उनमें नई भर्ती में पहले आपको प्राथमिकता (आक्यूपाई करेंगे) दी जाएगी, इसके बाद किसी और को रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने एक दिन पहले ही मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत ४३१ डॉक्टर को एक साल के लिए कार्य विस्तार दिया गया है।

# तुर्किये के बहिष्कार से कश्मीरी सेब में आया उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान तुर्किये द्वारा पाकिस्तान के समर्थन के बाद दिल्ली के फल बाजारों में तुर्किये सेब का बहिष्कार जोर पकड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप, व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने तुर्किये सेब की खरीद बंद कर दी है, जिससे इन सेबों की आपूर्ति बाजारों में लगभग खत्म हो गई है। दूसरी ओर कश्मीरी अम्बरी सेब की मांग में वृद्धि देखी जा रही है, क्योंकि उपभोक्ता स्वदेशी विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं।

आजादपुर मंडी, ओखला मंडी व दिल्ली की अन्य मंडियों में तुर्किये सेब का व्यापार होता है। वहां से व्यापारियों ने सेब का आयात बंद कर दिया है। इससे तुर्किये सेब की बिक्री में गिरावट देखने को मिली है। इसका सीधा लाभ कश्मीरी व्यापारियों को मिल रहा है, जिसकी मांग करीब २५ से ३० फीसदी तक बढ़ गई है। व्यापारियों ने बताया कि व्यापारियों ने तुर्किये सेब का बहिष्कार कर आयात भी रोक दिया है। विक्रेता सेब की अनुपस्थिति और कश्मीरी सेब की बढ़ती मांग ने बाजार की कीमतों को प्रभावित किया है। थोक बाजार में सेब के १० किलो के कार्टन की कीमत में २००-३०० रुपये की वृद्धि हुई है, जबकि खुदरा बाजार में सेब २०-३० रुपये प्रति किलो महंगे हो गए हैं। स्थानीय निवासी प्रिया शर्मा ने कहा कि उनके पास कश्मीरी सेब जैसे बेहतरीन विकल्प हैं।

# तिहाड़ में कैदी की हत्या के बाद बिहार में की शादी, पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हत्या की वारदात में पिछले 16 साल से पुलिस को चकमा दे रहे नवादा बिहार के एक बदमाश मोहम्मद मलिक को बिहार शरीफ से अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वर्ष १९९७ में तिहाड़ जेल में एक विचाराधीन कैदी की हत्या की वारदात में उम्रकैद मिली थी।

सितंबर २००९ में ४ सप्ताह की जमानत पर बाहर आया, लेकिन वापिस जेल नहीं गया था। जेल से छूटने के बाद उसने शादी की और दो बच्चे हुए। बिहार जाकर नाम बदलकर एक इलेक्ट्रिकल दुकान खोली और इलेक्ट्रिशियन के रूप में काम करने लगा था।

तिहाड़ जेल में रहने के दौरान अपने साथी महावीर उर्फ गढ़वाली, मनोज त्यागी और मुन्ना के साथ मिलकर उसने हत्या के दोषी कैदी कैलाश नाथ और धर्मवीर पर चाकुओं से हमला किया, जिसमें धर्मवीर की मौत हो गई।

इस मामले में उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था। वह १९८२ में काम की तलाश में दिल्ली आया था। यहां पर आदर्श नगर में रहने लगा तथा एक फैक्टरी में काम करने लगा।

## मुख्यमंत्री ने आजादपुर मंडी का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, ष्दिल्ली की सभी मंडियों की हालत इतनी खराब है कि पिछले १०-१५ सालों में इन मंडियों में कोई काम नहीं हुआ। यहां सफाई, सड़क, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कितनी समस्याएं हैं, जबकि सैकड़ों लोग यहां काम कर रहे हैं। यहां कोई विकास कार्य नहीं हुआ है, आम आदमी पार्टी ने इसे भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। आज हम इसका दौरा कर रहे हैं और इसके आधुनिकीकरण की योजना बनाई जाएगी। सुरक्षा को मजबूत करके व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।



**मुख्यमंत्री ने आधुनिक अग्निशमन वाहन व फायर फाइटिंग रोबोट का निरीक्षण करतीं हुईं।**

# मुख्यमंत्री ने अग्निशमन वाहन व फायर फाइटिंग रोबोट का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वदेशी तकनीक से तैयार फायर फाइटिंग वाहन, फायर फाइटिंग रोबोट के साथ कई अत्याधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के समक्ष दिल्ली फायर सर्विस के कर्मचारियों ने दिल्ली सचिवालय में फायर फाइटिंग रोबोट और पोर्टेबल हाई प्रेशर वाटर मिस्ट सिस्टम का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे।

दमकल विभाग की गाड़ियों के निरीक्षण के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली फायर डिपार्टमेंट को देश ही नहीं पूरी दुनिया की सबसे बेहतर तकनीकी सुविधाएं और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली फायर सर्विस की दशा और दिशा सुधारने के लिए हमारी सरकार कई तरह की आधुनिक मशीनों, रोबोटिक फायर फाइटिंग सिस्टम, उपकरणों से लेकर कई नई तकनीक से लैस करने में जुटी है। जिसके लिए इस वर्ष के बजट में फायर सर्विस विभाग के लिए आधुनिक वाहन और उपकरण खरीदने के लिए सरकार ने ११० करोड़ रुपए का अलग से प्रावधान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि दिल्ली को सबसे अत्याधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम जल्द से जल्द मुहैया करवाया जा सके। अत्याधुनिक, एफिशिएंट और तकनीकी रूप से सक्षम फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाते वक्त दमकल विभाग के कर्मचारियों की जान की रक्षा हो पाएगी और जहां पर आग लगी होगी वहां पर त्वरित कार्रवाई भी हो सकेगी। दिल्ली की संकरी गलियों में जहां आग लगने की घटनाएं ज्यादा सामने आती हैं। उन संकरी गलियों में भी आग बुझाने के लिए रोबोटिक फायर फाइटिंग सिस्टम बेहद कारगर साबित हो सकते हैं। कई बार दमकलकर्मी भीड़भाड़ वाले इलाकों में आग बुझाने के लिए कोई त्वरित कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। अग्निकांड में फंसे लोगों तक पहुं. चने में कई बार कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है।

ऐसी स्थिति में ऐसे रोबोटिक छोटे वाहन आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अत्याधुनिक वाहनों और रोबोटिक फायर फाइटिंग सिस्टम से फायर ब्रिगेड के जवानों की आग बुझाते समय जान जाने का खतरा बेहद कम हो जाएगा। उन्होंने भरोसा दिया कि बहुत जल्द दिल्ली फायर सर्विस के पास वॉटर बोसर, हाई-टेक फायर टावर, हजमत वैन, रोबोटिक फायर फाइटर, ड्रोन के साथ ही नए एयरियल लैडर प्लेटफॉर्म समेत पूरी दुनिया में आग बुझाने वाले सबसे आधुनिक उपकरण और तकनीक मौजूद होगी।

## फायरिंग के बाद बाइक लूटी, धरा

**नई दिल्ली।** हरियाणा के रहने वाले दो बदमाशों को दिल्ली में कई वारदातों को अंजाम देने के आरोप में अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान लीला उर्फ साहिल और लाला उर्फ विशाल के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से लूट की बाइक भी जब्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते नौ मई को मंगोलपुरी इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली चलाकर एक बाइक लूटी थी। अपराध शाखा में तैनात हेड कांस्टेबल योगेश कुमार की एक पुख्ता जानकारी के बाद नाला रोड, आईटीबीपी स्कूल, सेक्टर १६, द्वारका के पास घेराबंदी करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि वे अपने एक अन्य साथी निशांत के साथ मिलकर एक बाइक लूटना चाहते थे क्योंकि निशांत बाइक स्पेयर पार्ट्स की बिक्री और खरीद का व्यवसाय करता है।

# झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाम को दिल्ली समेत एनसीआर में लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। दोपहर बाद एकाएक आसमान में बादल छा गए और हल्की हवाएं चलने लगीं। । धौला कुआं के बाद दिल्ली के आरके पुरम , आई टी ओ यमुनापार में इलाको में झमाझम बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। जिससे कि बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिली । मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा हल्की आंधी और बिजली गरजन की संभावना है। दिल्ली एनसीआर में ३०-४० किमी/घंटा की तेज हवाएँ चल सकती हैं। दिल्ली में बीते बुधवार देर रात से लेकर बृहस्पतिवार सुबह तक चली धूल भरी आंधी ने हवा को प्रदूषित कर दिया था । धूल की एक मोटी परत ने आसमान को घेर लिया था । धूल भरी आंधी के कारण प्रदूषण स्तर अचानक बढ़ गया। इससे सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुर्जुगों को हुई। वहीं, सांस के मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ा। ऐसे में अचानक हुई यह बारिश दिल्ली वालों के लिए राहत भरी साबित हुई क्योंकि इसके धूल गुबार बैठ गया और पब्लिक को धूल भरी आबो हवा से राहत मिली।

# दिल्ली सरकार ने किया सिक्किम दिवस समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवसों को उत्साहपूर्वक और गरिमापूर्ण ढंग से मनाने की श्रृंखला को आगे बढ़ाने के क्रम में आज दिल्ली सचिवालय में सिक्किम दिवस के अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिक्किम राज्य की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर, जीवंत परम्पराएं एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित करना था। साहित्य कला परिषद से जुड़े लगभग २० कलाकारों ने सिक्किम के लोकनृत्य, लोक संगीत और पारंपरिक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम ने सिक्किम की विविध सांस्कृतिक छवियों को जीवंत कर दिया।

इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में सिक्किम के नागरिक बड़ी संख्या में निवास करते हैं, जो अपनी मेहनत, समर्पण और कर्मठता से न केवल अपने राज्य बल्कि पूरे देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। सिक्किम




न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि वहाँ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शांति. प्रिय जीवनशैली और विकास के प्रति समर्पण ने पूरे देश के लिए एक मिसाल कायम की है। दिल्ली सरकार ने ये निर्णय लिया है कि प्रत्येक राज्य के स्थापना दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। इस विशेष दिन पर, मैं सिक्किमवासियों की खुशहाली, स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की कामना करती हूं।"

दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि "सिक्किम न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी भारत का प्रमुख राज्य है।दिल्ली और सिक्किम के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक सहयोग लगातार सशक्त हो रहा है और आने वाले वर्षों में यह साझेदारी और प्रगाढ़ होगी। इस राज्य की समृद्ध विरासत, प्रेरणादायक परंपराएं और ऐतिहासिक योगदान देश के लिए गर्व की बात है। मैं इस शुभ अवसर पर सिक्किम के नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।"

सिक्किम के पारंपरिक लोकनृत्य "तमांग" की प्रस्तुति ने सचिवालय में मौजूद सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तमांग समुदाय का यह समूह नृत्य जोरदार पैर की थाप और विस्तृत ध्वनि तथा डंफू वाद्य के प्रदर्शन के साथ खुशी के अवसर पर किया जाता है। यह नृत्य समुदाय की शक्ति और जीवंतता को उजागर करता है। इसके साथ ही खम्पा, लायन डांस और मास्क नृत्य पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला एवं पुरुष कलाकारों ने जब प्रस्तुत किए, तो सचिवालय परिसर में उत्साह और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में सचिवालय के कर्मचारी भी सहभागिता करते हुए नजर आए।इस अवसर पर सिक्किम राज्य की कलात्मक परंपराओं, कारीगरी और सांस्कृतिक प्रतीकों को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## मौजमस्ती के लिए वारदात करने वाले गैंग के दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौजमस्ती और ड्रग्स का सेवन करने के लिये वारदात करने वाले गैंग के दो बदमाशों को नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लूट का सामान भी जब्त किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद इरशाद उर्फ बाबू और संजू उर्फ सरु उर्फ थापा के रूप में हुई है। आरोपी मोहम्मद इरशद स्थानीय पुलिस का घोषित बदमाश है। वह पहले डकैती, डकैती-सह-हत्या और चोरी सहित तीन आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार दस बजकर ४० मिनट पर सचदेवा हाउस, अर्जुन नगर, ग्रीन पार्क के रहने वाले आशुतोष अग्रवाल एनएसपी मेट्रो स्टेशन से नेताजी सुभाष प्लेस (एनएसपी) में अपने कार्यालय की ओर जा रहे थे, जब दो अज्ञात व्यक्ति पीछे से उनके पास आए और उनका मोबाइल फोन जबरन छीनकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ महेश कुमार के निर्देशन में हेड कांस्टेबल मनोज कुमार,प्रमोद, कांस्टेबल मोहित,शुभम,श्यामवीर और कांस्टेबल राजेश को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से मिले। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सार्स की सहायता के साथ साथ कई संदिग्धों की लोकेशन जानने की भी कोशिश की। मोबाइल फोन का डंप डाटा खंगाला। जिसके बाद कई संदिग्ध जगहों पर छापेमारी करने के बाद दोनों आरोपियों को उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया।

# केंटर ने पीसीआर गाड़ी में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

## हरियाणा से चॉकलेट लेकर मुरादाबाद जाते समय फुलैरा गांव के निकट हुआ हादसा, 25 हजार की चॉकलेट चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें पर फुलैरा गांव के समीप पुलिस की खड़ी पीसीआर गाड़ी मे केंटर ने टक्कर मार दी जिसमे बैठे पुलिस कर्मी बाल बाल बचें पुलिस केंटर चालक को पकड़ थानें ले आयी।

दिल्ली निवासी केंटर चालक मुकेश पुत्र मोतीलाल केंटर चालक है वह हरियाणा से चाकलेट लेकर मुरादाबाद जा रहा था जब वह ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें फर फुलैरा गांव के पास पहुंचा तो वहा खड़ी पुलिस की पीसीआर गाड़ी मे उसने टक्कर मार दी जिसमे बैठे कांस्टेबल मुकेश कुमार व हेड़ कास्टेबल कपिल बाल बाल बचें राहगीरों की साहयता से दोनो को गाड़ी से बाहर निकाला गया। पुलिस केंटर चालक को पकड़ थानें ले आयी जबकि केंटर वही खड़ा रहा जिसका जाल काट अज्ञात चोर उसमे से लगभग 25 हजार की चाकलेट चोरी कर ले गये। पीड़ित ड्राईवर का बेटा जब वहा पहुंचा तो चोरी का पता चला। पीड़ित ड्राईवर ने अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।





# पीपीई मॉडल के विरोध में वकीलों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील में शुक्रवार को सभी वकीलों ने रजिस्ट्री विभाग निबंधन, दस्तावेज लेखकों तथा अधिवक्ताओं के सार्वजनिक निजी भागीदारी व्यवस्था यानि पीपीपी माडल लागू करने से किसी का भी भला नहीं होने वाला, इसलिए सरकार इसे जितना जल्दी हो वापस लेने की घोषणा करे। वहीं पीपीई के विरोध में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने अपने समस्त चेंबर आज बंद कर दिए और तहसील में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठ गए। धरने पर सभी अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखकों ने नारेबाजी करते हुए धरना दिया। धरने को सभी अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धरना देते हुए हड़ताल जारी रखने का आहवान किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि अगर सरकार ने फिर भी ऐसा किया, तो देश भर में हड़ताल की जाएगी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को बेरा. जगारी की तरफ धकेला जा रहा है। अगर पीपीई लागू की गई तो न जाने कितने लोग बेरोजगारी की तरफ चले जाएंगे। तहसील परिसर में तहसील के समस्त अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखकों टाइपिंगो चेंबर के मुन्शियों ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की व सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि, इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर सतपाल मान एडवोकेट आनंदपाल तोमर धर्मवीर सिंह तोमर ईश्वर सिंह हिलवाडी वीरेंद्र चौहान विनोद जैन सागर तोमर पवन कुमार एडवोकेट हरेंद्र तोमर अमित वशिष्ट पुष्पेंद्र कुमार प्रदीप कुमार दीपक राठी विनोद मान गुनेन्द्र गुप्ता अश्वनी शर्मा हरिओम शर्मा अश्वनी कुमार सतपाल पवार गुलसहनवर राकेश विश्वकर्मा संतोष शर्मा हेमंत कुमार विकास कुमार एडवोकेट आदि ने धरना प्रदर्शन में भाग लिया।



# किसानो की देन मूवी के डायरेक्टर अनुज जैन उर्फ मोनू को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर की छपरौली चुंगी अमृत जीवन हॉस्पिटल में किसान की देन मूवी रिलीज होने पर इस मूवी को अमृत जीवन हॉस्पिटल टीम के सभी डॉक्टरों ने देखा और मूवी अच्छी लगी।

किसानो की देन मूवी के डायरेक्टर अनुज जैन उर्फ मोनू को सम्मानित किया। जीवन ज्योति हॉस्पिटल के डायरेक्टर मनोज तोमर ढिकाना ने कहा कि यह मूवी किसानों के सम्मान के लिए बनाई गई है। इस मूवी को आज देश प्रदेश के किसान देखकर मूवी के डायरेक्टर का सराहनीय कदम बता रहे हैं। इस मूवी फिल्म की शूटिंग तहसील क्षेत्र के ढिकाना गांव में हुई है। गांव के किसनो ने भी इस मूवी की प्रशंसा की है। इस मौके पर यूटयूब चैनल अनुज बागपत फिल्म्स पर किसान की देन मूवी के डायरेक्टर अनुज जैन उर्फ मोनू के साथ वार्तालाप करते हुए उनका सराहनीय कदम बताया। इस मौके पर पारस जैन धर्मेंद्र वर्मा अमित कुमार मनोज तोमर मुदित जैन सौरभ अनस डा.अजय गर्ग डा. सुनीता खोखर डा.अजय चौहान विशाल चौहान दिशा छाया मेघा गोस्वामी गुंजन राठी नासिर सिद्दीकी साहिल विनीत तोमर शिवानी विकास किशन सिंह आदि मौजूद रहे।

# नवजात शिशु को जन्म के प्रथम क्षणों में जीवनदायिनी पहली सांस करना है सुनिश्चित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए 'साँस' (SAANS – The First Breath) पहल को जनपद बागपत में प्रभावी रूप से लागू किया गया है। इस पहल का लक्ष्य प्रत्येक नवजात शिशु को जन्म के प्रथम क्षणों में जीवनदायिनी पहली सांस सुनिश्चित करना है। डा.अभिनव तोमर बाल रोग विशेषज्ञ ने एक दिवसीय कार्यशाला में बच्चों को जन्म के उपरांत किन-किन चीजों का लेबर रूम में विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

नवजात शिशुओं की सुरक्षा एवं जीवनरक्षा हेतु यह एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन लिटिल फीट फाउंडेशन तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सांस (श्वासावरोध और नवजात शिशु के जीवन के लिए रणनीतिक कार्रवाई) पहल को जिले में सक्रिय रूप से लागू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जन्म के समय श्वसन में तकलीफ झेल रहे नवजात शिशुओं को त्वरित सहायता प्रदान करना है। इस संदर्भ में स्पजजसम Feet Foundation] WHO] UNICEF तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला अस्पताल, बागपत में किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों के डिलीवरी स्टाफ को नवजात पुनर्जीवन (Neonatal Resuscitation) की तकनीकों पर प्रशिक्षित किया गया, ताकि नवजात शिशुओं को समय पर और सही देखभाल मिल सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एस मलिक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.दीपा सिंह सहित संबंधित संस्थाओं के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।




## एक नजर

### युवती ने प्रेमी द्वारा शादी से इनकार करने पर जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सहारनपुर की एक युवती ने प्रेमी द्वारा शादी से इनकार करने पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वर्तमान में युवती की हालत गंभीर है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती का बालैनी के बुढ़सैनी निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों की मुलाकात तीन साल पहले सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी।

इस दौरान उनका रिश्ता आगे बढ़ा। युवती ने युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि प्रेमी ने उसे दो बार गर्भपात करवाने के लिए मजबूर किया। अब जब युवती ने शादी की बात की तो युवक ने इनकार कर दिया। इससे आहत होकर युवती ने यह कदम उठाया।

### तेज रफ्तार ट्रक ने भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पाली गांव के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक ने भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर ट्राली डिवाइडर से टकरा गई।

छपरौली से गाजियाबाद के मंडोला जा रहे ट्रैक्टर में सवार अमजद, सोहेल और आदिल घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर ट्राली डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली को सड़क किनारे खड़ा करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बच्चों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। इस घटना में परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के पीड़ित आरिफ ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 10 नामजद और 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में खालिद पुत्र जमील, मुशर्रफ पुत्र अफसर और मोनिश पुत्र खालिद शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया एक सरिया और एक डंडा बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार, अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।



# सिपाही पर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने व वीडियो वायरल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** जिले के एक गाँव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात एक सिपाही पर शादी का झांसा देकर लगातार बलात्कार करने, वीडियो बनाने और बाद में ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज आरोप लगा है। पीड़िता ने यह शिकायत पुलिस अधीक्षक को दी है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

महिला की शिकायत के अनुसार, पीड़िता एक विवाहित महिला है, जिसका गांव के ही एक व्यक्ति से धीरे-धीरे संपर्क बढ़ा जो उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत है, फोन और व्यक्तिगत मुलाकातों के जरिए महिला का कहना है कि वह उसको अपने प्रेमजाल में फँसाता गया। उसने भरोसा दिलाया कि यदि वह अपने पति से अलग हो जाए, तो वह उससे शादी कर लेगा और शामली में एक मकान भी दिलवाएगा। महिला के अनुसार, इस झूठे भरोसे में वह अपने पति से झगड़ा करने लगी और अंत: ससुराल छोड़कर मायके भी चली गई। इस दौरान आरोपी छुट्टियों में गाँव आता और महिला को बुलाकर या उसके घर पहुँचकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता। महिला ने बताया कि यह सिलसिला करीब 18 महीने तक चलता रहा। पीड़िता का आरोप है कि वह बार-बार शादी की बात कहती रही और मना भी करती रही, लेकिन आरोपी उसे यही कहकर चुप कराता रहा कि जल्द ही शादी करेगा। 2 जून 2024 को महिला का पति जब घर नहीं था, तब आरोपी ने उसे रात के समय अपने घर बुलाया और रात भर उसके साथ बलात्कार किया। सुबह जब महिला गायब मिली, तो उसके पति ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। मामला गाँव के पूर्व प्रधान और ग्रामीणों तक पहुँचा, लेकिन तब भी महिला ने दबाव में आकर सच्चाई नहीं बताई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने महिला के पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवाया और महिला को केस खत्म कराने के बहाने शामली बुलाकर फिर से होटल में बलात्कार किया। पीड़िता का कहना है कि 18 फरवरी 2025 के बाद आरोपी ने बात करनी ही बंद कर दी। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने यह सब किसी को बताया तो वह उसकी फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। उसने यह भी कहा कि वह पुलिस में है, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जनता वैदिक इण्टर कॉलिज के नवीन निर्वाचन के लिए प्राप्त नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के जनता वैदिक इण्टर कॉलिज के नवीन निर्वाचन के लिए प्राप्त नामांकन 15 मई 2025 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आपत्ति प्राप्त की गयी जिनका निस्तारण भी निर्धारित समयान्तर्गत किया गया।

शुक्रवार को नामांकन वापसी तथा अपराह्न 01.00 बजे प्रत्याषियों की सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। प्राप्त नामांकन पत्रों में एक पैनल विरेन्द्रपाल सिंह अध्यक्ष पद पर योगेन्द्र सिंह सोलंकी प्रबन्धक पद पर हरबीर सिंह उपाध्यक्ष पद पर रविन्द्र सिंह सहायक प्रबन्धक पद पर सतवीर सिंह कोषाध्यक्ष पद पर, डॉ.महक सिंह व सुनील संस्थापक सदस्य पद पर रामछेल भोपाल सिंह, सत्यपाल, खुशीराम व अजय कुमार सदस्य पद पर प्राप्त हुए। अन्य अन्जू द्वारा अध्यक्ष पद पर देवेन्द्र द्वारा अध्यक्ष पद पर व अजीत द्वारा प्रबन्धक पद पर नामांकन किया गया। जांचोपरान्त अजीत व अन्जू का नामांकन गलत विवरण भरे जाने के कारण निरस्त हुआ। 20 चुनाव चिन्हों में से चुनाव चिन्ह आवंटन हेतु प्रत्याषियों से प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये गये तथा अपराह्न 02.00 बजे प्रत्याषियों द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटन हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र पर विरेन्द्रपाल सिंह को चुनाव चिन्ह 'घोडा' व देवेन्द्र को चुनाव चिन्ह 'कुर्सी' आवंटित किया गया। प्रबन्ध समिति के 05 पदाधिकारियों, 02 संस्थापक सदस्यों व 05 सदस्यों में से केवल अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याषियों विरेन्द्रपाल सिंह व देवेन्द्र के नामांकन पत्र प्राप्त होने व सही पाये जाने के कारण 01जून 2025 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केवल अध्यक्ष पद हेतु मतदान व मतगणना सम्पन्न कराये जायेंगे। उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, सहायक प्रबन्धक, कोशाध्यक्ष, 02 संस्थापक सदस्य व 05 सदस्य पद हेतु कोई अन्य प्रत्याषी न होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित हुए है।



# जिलाधिकारी ने संबंधितों के साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शनिवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन समीक्षा की गई और संबंधित अधिका. रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान जिला. धिकारी ने निर्देशित किया कि जिले में जिन स्थानों पर सड़क से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रमुख स्थानों पर उचित सिग्नेज (चिह्न) लगाए जाएं ताकि आमजन को दिशा और सावधानी की जानकारी मिल सके। स्कूल वाहनों की सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए जिलाधिक. ारी ने कहा कि सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस का सत्यापन अभियान चलाया जाए। ओवरलोडिंग की सख्ती से रोकथाम होनी चाहिए। साथ ही, स्कूल आने वाले सभी वाहनों (चाहे वे निजी हों या वाणिज्यिक) का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि इन वाहनों के चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे बच्चों की यात्रा सुरक्षित और निर्बाध बनी रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ,पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, नगर निकायों तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# बागपत में पूर्व सांसद अपने कार्यकाल में जितने भी कार्य कराए सभी कार्य सराहनीय है:प्रमेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के चिकित्सक कैमिस्ट एसोसिएशन जनपद बागपत के अध्यक्ष देवेंद्र पवार एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रमेंद्र तोमर शुक्रवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद विकास पुरुष पूर्व केंद्रीय मंत्री गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार के कुलाधिपति डा.सत्यपाल सिंह से मुलाकात की गई है। दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात करते हुए उनके द्वारा कराए गए कार्यों की सहराना की। इस अवसर पर दोनों पदाधिकारीयों ने उनके द्वारा अमूल प्लांट के निर्माण कार्य शुभारंभ के लिए उनका योगदान होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रमेंद्र तोमर ने कहा कि बागपत में अपने कार्यकाल में डा. सत्यपाल सिंह ने जितने भी कार्य कराए में सभी कार्य सराहनीय हैं। दिल्ली में डा.सत्यपाल सिंह से मुलाकात करते हुए बागपत लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद का फूलमालाओं के साथ उनके आवास पर स्वागत किया गया।



# पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** चांदीनगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ा है जिस के पास से एक तमंचा दो कारतूस बरामद किये है।
अपराधों को रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत चांद. ीनगर पुलिस ने लुसाना रोड़ बुढाना निवासी तंयब पुत्र अनीश को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 315 बौर अवैध तमंचा दो कारतूस बरामद किया है जिसके खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।



# एक दर्जन गांव अति संवेदनशील, पुलिस की रहेगी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के एक दर्जन गांव पर पुलिस की निगरानी रहेगी क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत चुनाव को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई है। पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो चुका है। पंचायत चुनाव में खून खराबा रोकने के लिए पुलिस ने एक दर्जन गांवों को अति संवेदनशील की श्रेणी में शामिल किया है। क्योंकि इन गांवों में पंचायत चुनाव के दौरान हत्या समेत अन्य घटनाएं हो चुकी है। इन गांवों के लिए पुलिस ने विशेष योजना बनानी शुरू कर दी और पुलिस ने इनपर विशेष नजर रखनी शुरू कर दी।

पंचायत चुनाव का आयोग ने भले ही बिगुल नहीं बजाया हो, मगर दावेदारों ने गांवों में अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में बैठकों का दौरा जारी हो गया है वह अपने करीबियों के साथ चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा और व्यवस्था भी करते नजर आ रहे हैं। इसमें जिला पंचायत सदस्य पदों से लेकर प्रधान पद के दावेदार भी सामने आने लगे है तो उनके विपक्षी भी ताल ठोंकने लगे है। इसके साथ ही चुनाव से पहले अपराधी भी दबदबा कायम करने में लग गए हैं। बुधवार को पंचायत चुनाव लड़ने से रोकने के लिए ही प्रधान धर्मेंद्र तोमर की हत्या कर दी गई। इसके बाद पुलिस भी पंचायत चुनाव को लेकर हरकत में आ गई। पुलिस ने पंचायत चुनाव को लेकर हुई घटनाओं का रिकॉर्ड खंगालकर अति संवे. दनशील एक दर्जन गांवों की सूची तैयार की, जिनमें किरठल, बासौली, कुर्डी, बिजरौल, गांगनौली, धनौरा सिल्वरनगर, सिर. सली, निवाड़ा, ढिकौली, साकरौद गांव को शामिल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग पंचायत चुनाव की तैयारी में एक दूसरे के संपर्क में बैठक करने लगे हैं पुलिस प्रशासन भी अति संवेदनशील गांव में अपनी पैनी नजर रख रहे हैं सभी थाना प्रभारी अपराधियों की सूची का रिकॉर्ड देखने में लग गए हैं।

**सूचना**
मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0655986 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0530864 तथा बीएससी की डिग्री के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए है।
मीनू पुत्री रामकिशन त्यागी निवासी ग्राम नैथला जनपद बागपत।

# तालाब के पानी की निकासी न होने से ग्रामवासी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र के सिलाना गांव में तालाब के पानी निकासी की समस्या गंभीर बनी हुई है। गांव में एक छोटा तालाब पूरी तरह भर चुका है। इसका पानी मुख्य मार्ग पर आ जाता है।

ग्राम प्रधान आनंदपाल ने डीएम को बताया कि गांव में एक बड़ा तालाब दूसरी तरफ स्थित है। छोटे तालाब का पानी बड़े तालाब में भेजने के लिए 10 फीट की नाली बनाई जानी है।

नाली निर्माण का काम शुरू किया गया था, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने विरोध कर काम रुकवा दिया। ग्राम प्रधान के अनुसार ये लोग विकास कार्यों में लगातार बाधा डाल रहे हैं। मुख्य मार्ग पर पानी भरने से गंदगी फैल रही है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

ग्राम प्रधान ने नाली के तुरंत निर्माण की मांग की है। साथ ही विकास कार्यों में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की मांग भी की है। अधिकारियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



**सूचना**
मेरी पुत्रवधू का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्रवधू ललिता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी।
पुष्पा पत्नि स्व.गोपीचन्द निवासी ग्राम मीरापुर हिन्दु मण्डौला तहसील लोनी थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद।

**सूचना**
मेरी इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2245402087 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए है।
अरमान पुत्र शराफत अली निवासी अलावलपुर थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आकाश से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।
संतराम पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम निबाली थाना व जनपद बागपत।

# वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शुक्रवार को रेकी कर दोपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सोरखा गांव निवासी व्यक्ति ने 29 अप्रैल को अपनी स्पोर्ट्स बाइक चोरी होने की शिकायत दी थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के साथ ही वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। पुलिस की टीम शुक्रवार को सेक्टर-122 के पास चेकिंग कर रही थी तभी सर्विस रोड से एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक गुजरे।

संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। टीम ने पीछा कर तीनों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरो. पियों ने बताया कि उनके पास जो बाइक है, उसे उन्होंने बीते माह सोरखा गांव से चुराया था।

तीनों बाइक को बेचने जा रहे थे। आरोपियों की पहचान आगरा के डौकी निवासी कृष्णकांत सिंह, पश्चिम बंगाल के वर्धमान निवासी सनातन हलदर और हरदोई के अतरौली निवासी सर्वेश कुमार के रूप में हुई। कृष्णकांत की उम्र 22, सनातन की 23 और सर्वेश कुमार की 25 साल है।

आशंका जताई जा रही है कि तीनों ने पूर्व में भी कई वारदात की हैं। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के तीनों दोस्त हैं और नशे की लत को पूरा करने के लिए वाहन चोरी करते हैं।

## ज्यादा प्रोटीन लेने से बढ़ रहा हइपरटेंशन

**नोएडा।** विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर फोर्टिस अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। लोगों को इससे बचाव के तरीके बताए गए। इंटर्नल मेडिसिन के डायरेक्टर डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि पहले यह समस्या 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में देखी जाती थी, लेकिन अब युवाओं में भी इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

ओपीडी में आने वाले वयस्क मरीजों में लगभग 20 से 25 प्रतिशत मामले हाइपरटेंशन के देखने को मिल रहे हैं। युवा मरीजों में 15-20 प्रतिशत युवाओं को हाइपरटेंशन की समस्या देखने में आ रही है। इसका कारण मोटापा, खराब खानपान और बॉडी बनाने के लिए ज्यादा प्रोटीन का सेवन करने वालों में भी यह दिक्कत बनी हुई है।

# खिलाड़ियों को नहीं जाना होगा बाहर, शहर में ही बनेगा पहला सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में जिले का पहला सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक बनने जा रहा है। इसे सेक्टर-21। में स्थित नोएडा स्टेडियम में बनाया जाएगा। जिसका काम दस दिन बाद शुरू हो जाएगा। इसके निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण ने एक एजेंसी को टेंडर दे दिया है। इस ट्रैक की लंबाई 300 मीटर होगी। जिसके निर्माण की लागत करीब 2.90 करोड़ रुपये तय की गई है। नोएडा स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनने से खिलाड़ियों को अभ्यास करने में मदद मिलेगी और उनका खेल में उनका प्रदर्शन भी बेहतर होगा।

नोएडा प्राधिकरण के अनुसार सिंथेटिक ट्रैक को नोएडा स्टेडिम में स्केटिंग रिंग के पास खाली स्थान पर बनाया जाएगा। अगर जरूरत पड़ेगी तो रामलीला मैदान का कुछ हिस्सा भी ट्रैक के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इसके निर्माण के लिए प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने करीब 6 महीने पहले स्टेडियम का निरीक्षण किया था। जिसके बाद उन्होंने एथलेटिक्स ट्रैक बनाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। फिलहाल नोएडा में किसी स्टेडियम या ग्राउंड पर कोई सिंथेटिक ट्रैक नहीं है। यह जिले का पहला सिंथेटिक ट्रैक होगा। हालांकि ग्रेटर नोएडा के मलकपुर स्टेडियम में एथलेटिक्स ट्रैक है, लेकिन यह ट्रैक मिट्टी का बना है। प्राधिकरण के उपमहाप्रबंधक विजय रावल ने बताया कि निर्माण एजेंसी का चयन कर लिया गया है और जल्द ही इसका काम शुरू हो जाएगा।

**दौड़ के अलावा इन खेलों में भी होगा इस्तेमाल:** नोएडा स्टेडियम में इस सिंथेटिक ट्रैक के बनने से जिले के खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास करने की सुविधा मिलेगी। इसके निर्माण से नोएडा के करीब 200 स्टेट और नेशनल लेवल के एथलीटों को फायदा होगा। सिथेंटिक ट्रैक का इस्तेमाल 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और बाधा दौड़ समेत अन्य खेलों के लिए किया जा सकेगा। इसके बीच में खाली हिस्से पर लंबी कूद, ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, शॉटपुट, भाला फेंक और पोल वॉल्ट खेल का आयोजन हो सकता है। सिंथेटिक ट्रैक पर दौड़ने से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में और सुधार होगा। स्टेट और नेशनल कॉम्पिटिशन भी ऐसे ही ट्रैकों पर होते हैं, ऐसे में इस ट्रैक का इस्तेमाल अभ्यास के दौरान करने से एथलीटों को ऊंचे स्तर तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

# बिल्डर पर फ्लैट खरीदार से धोखाधड़ी में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर 16सी स्थित आरसिटी रीजेंसी पार्क हाउसिंग प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदार से ठगी का मामला सामने आया है। गाजियाबाद निवासी अमित कुमार वर्मा ने बिल्डर अरुण मित्तल और उनके सहयोगियों पर धोखाधड़ी, फर्जी फ्लैट ट्रांसफर का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पीड़ित अमित वर्मा के अनुसार उन्होंने 2015 में आरसिटी रीजेंसी पार्क की 13वीं मंजिल पर फ्लैट एक सबवेंशन प्लान के तहत खरीदा था। योजना के तहत बिल्डर को लोन की ईएमआई तब तक चुकानी थी। जब तक कि फ्लैट का कब्जा नहीं मिल जाता, लेकिन बिल्डर ने समझौते का उल्लंघन करते हुए ईएमआई देना बंद कर दिया। इसके कारण पीड़ित को लगातार बैंक द्वारा किस्त कटने और नोटिस मिलने लगे। 2018 में जब फ्लैट बेचने की कोशिश की, तो बिल्डर ने खुद खरीदार लाने का दावा किया और बैंक से लोन क्लोजर लेटर मंगवाने को कहा। उस समय बैंक ने 46 लाख रुपये की मांग की जिसे 45 लाख में समायोजित किया गया। बिल्डर ने मात्र 42 लाख रुपये ट्रांसफर किए और समझौता अधूरा रह गया। इस कारण खरीदार को ही बकाया राशि चुकानी पड़ी। 2022-23 में परियोजना एनसीएलटी के अधीन चली गई। जिसके बाद पीड़ित ने अपनी याचिका आईआरपी के समक्ष दर्ज कराई। उन्हें जनवरी 2025 में पता चला कि फ्लैट को बिल्डर ने धोखे से अपनी बेटी नेहा गोयल के नाम ट्रांसफर कर दिया है।

# गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर बुजुर्ग से पांच लाख 20 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने पीड़ित से खाते के अलावा क्रेडिट कार्ड से भी रकम ट्रांसफर करवाई। पीड़ित ने फेज-3 थाने में केस दर्ज कराया है। चिपियाना गांव निवासी 65 वर्षीय आनंद सिंह बिष्ट ने पुलिस को बताया कि उनका ऑफिस ट्रांसपोर्ट नगर में है। वह 27 मार्च को अपने ऑफिस में बैठे थे। दोपहर में उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को आईजीएल कंपनी का कर्मचारी बताया और दो घंटे के अंदर गैस कनेक्शन काटने की धमकी दी।




उसने गैस कनेक्शन का बकाया होने की जानकारी भी दी। उन्होंने जल्द ही बकाया भुगतान करने का वादा किया। इसके बाद कथित कर्मचारी द्वारा रकम का भुगतान करने के लिए व्हॉट्सऐप पर एक लिंक भेजा गया। आनंद ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उनका मोबाइल हैक हो गया। ठगों ने उनके खाते में जमा तीन लाख 44 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए। यही नहीं, ठगों ने इसके बाद आनंद के क्रेडिट कार्ड से भी एक लाख 76 हजार 10 रुपये ट्रांसफर कर लिए। इस दौरान आरोपियों ने आनंद के मोबाइल पर कॉल फॉरवर्ड कर दिया, ताकि कोई कॉल न आए। फोन हैक होने पर उन्हें ठगी की आशंका हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस उन खातों की जांच कर रही है, जिनमें ठगी की रकम ट्रांसफर हुई।

मामला पांच लाख रुपये से अधिक का है। ऐसे में संबंधित थाने की जांच के बाद इसे साइबर क्राइम थाने के लिए भेजा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा न करें। अगर कोई भुगतान संबंधी लिंक भेजता है तो उस पर क्लिक न करें। भुगतान के लिए संबंधित एजेंसी या बैंक में जाएं। बैंक और खाते संबंधी जानकारी किसी को भी न दें। पासवर्ड हमेशा गोपनीय रखें।

## एक नजर

### एनएमसी में नई कार्यकारिणी ने कराया हवन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा मीडिया क्लब की नई कार्यकारिणी ने शुक्रवार को सेक्टर 29 से स्थित मीडिया क्लब में हवन का आयोजन कराया इस दौरान विनोद कुमार शास्त्री द्वारा हवन का कार्यक्रम किया गया जिसमें मीडिया क्लब की नई कार्यकारिणी के अलावा शहर के मीडिया कर्मी भी मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों का वेतन नहीं मिलने पर कोतवाली के सामने बिखेरा कूड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को वेतन न मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कोतवाली के सामने कूड़ा बिखेर दिया और बाद में नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

नगर पंचायत में काम करने वाले करीब 40 सफाई कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 9 महीने से उन्हें पीएफ भी नहीं मिला है और विभाग की तरफ से दी जाने वाली वर्दी भी नहीं मिली है। मुकेश, रोहित, पप्पू, टीटू समेत कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी, वे काम नहीं करेंगे और धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### इंस्टाग्राम रील बनाकर बाइक बेचने वाले दो चोर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा की इकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के एक नए गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 7 बाइक बरामद की हैं।

गुरुवार की देर रात भाटी गोल चक्कर के पास से पकड़े गए आरोपियों की पहचान जारचा निवासी अमन और बुलंदशहर निवासी प्रियांशु राठी के रूप में हुई है। आरा. पी दिल्ली, मेरठ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और हरियाणा के विभिन्न जिलों में कंपनियों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों की बाइक चुराते थे।

चोरी की बाइक बेचने के लिए आरोपी एक अनोखा तरीका अपनाते थे। वे इंस्टाग्राम पर बाइक की रील बनाकर पोस्ट करते थे। इसके बाद ग्राहक उनसे संपर्क करते थे। आरोपी एक बाइक को 8 से 10 हजार रुपये में बेच देते थे। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, दोनों आरोपी पिछले 5 वर्षों से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। मेरठ समेत कई जगहों पर इनके खिलाफ चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### अस्पताल से सामान चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटा-2 कोतवाली की पुलिस ने निजी अस्पताल से लोहे का सामान चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एक सप्ताह पहले एक निजी अस्पताल से लोहे का सामान चोरी हो गया था। ठेकेदार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान कुलदीप निवासी उन्नाव, अजय उर्फ छोटे निवासी सेक्टर-3 ग्रेनो वेस्ट और सन्नी निवासी ग्राम लखनावली ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई वेल्डिंग मशीन, लोहा कटर मशीन, इन्वर्टर बैटरी, तार, लीड और केबल आदि सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मिस्त्री और मजदूरी का काम करते हैं। वे दिन में मजदूरी के बहाने घरों और अस्पताल की रेकी करते थे। इसके बाद रात में चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

### नोएडा प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर मिट्टी भराव कर किया अवैध अतिक्रमण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर मिट्टी से भराव कराकर अवैध अतिक्रमण करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। प्राधिकरण द्वारा बनवाई गई नाली को भी नुकसान हुआ है। लेखपाल ने गांव के चार लोगों के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में मामला दर्ज कराया है। उधर, नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी अवैध अतिक्रमण को लेकर लगातार सख्ती बरत रहे हैं। कब्जामुक्त कराने के अलावा मुकदमे दर्ज कराने की कार्रवाई कराई जा रही है। नोएडा प्राधिकरण की गांव व सेक्टरों में सरकारी जमीन है। सलारपुर गांव के खसरा संख्या 121 व 122 भी प्राधिकरण की अर्जित भूमि है। इस पर किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता है। गांव के कुछ लोग खसरे की जमीन पर नजर लगाए हुए हैं। वहां पर मिट्टी से भराव करा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से कई बार मिट्टी डलवाई जा चुकी है। इससे प्राधिकरण की ओर से बनवाई गई नालियों को भी नुकसान हुआ है। प्राधिकरण वर्क सर्किल छह के अधिकारियों की ओर से जांच कराई गई तो पता चला कि गांव के चाहत भाटी, श्रद्धा भाटी, विजयपाल भाटी व राजे काम करा कर रहे हैं। वर्क सर्किल छह के वरिष्ठ प्रबंधक ने तहसील को मामले से अवगत कराया था। लेखपाल की ओर से पुलिस से शिकायत की गई। थाना प्रभारी सेक्टर 113 कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर चार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# स्कूलों में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कार्याकल्प कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के सभी राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों का प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत कायाकल्प एवं निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। इसके साथ ही बच्चों को विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में करायें जा रहे कायाकल्प एवं निर्माण कार्यों कि समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. धर्मवीर सिंह ने डीएम को वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 व 2025-26 में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालयों में दीवार छत, फर्श खिड़की दरवाजे की मरम्मत, विद्यालय की रंगाई पुताई, शौचालय पेयजल से संबंधित मरम्मत कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष कक्षाएं, प्रयोगशाला, मल्टीपरपज हॉल, पुस्तकालय कक्ष व खेल के मैदान के निर्माण के संबंध में वर्तमान तक की गई प्रगति की जानकारी दी। उक्त सभी जानकारी मिलने पर डीएम ने कायाकल्प एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग, यूपीपीसीएल तथा आरईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालयों में कायाकल्प एवं निर्माण से संबंधित जो कार्य सौंपे गए हैं, उनको निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ किया जाए, साथ ही विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि उपरोक्त कार्य के लिए शासन से यथाशीघ्र शेष धनराशि को भी अवमुक्त करने के लिए पत्र प्रेषित किया जाए, ताकि सभी कायाकल्प एवं निर्माण कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा कराया जा सके। जिससे स्कूलों में पठन-पाठन के लिए बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके। डीएम ने बैठक में उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से कहा कि स्कूलों में पठन-पाठन की गुणवत्ता पर भी विशेष फोकस रखा जाए।

## रोजा याकूबपुर के लीजबैक के प्रकरणों पर हुई सुनवाई

**नोएडा।** किसानों के लीज बैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सुनवाई जारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और ओएसडी राम नयन सिंह ने शुक्रवार को रोजा याकूबपूर के 57 प्रकरणों पर सुनवाई की। किसानों से साक्ष्य भी प्राप्त किए। ओएसडी भूलेख गिरीश कुमार झा ने बताया कि किसानों की मांग पर लीज बैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आबादी व्यवस्थापन के लिए बनी समिति सुनवाई कर रही है। सुनवाई 24 मार्च से शुरू हुई है। शेष गांवों की भी सुनवाई तय शेड्यूल के मुताबिक की जाएगी।

# बैरियर तोड़ने के आरोपी बस चालक को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** टोल प्लाजा बैरियर तोड़कर कर्मचारियों को कुचलने का प्रयास करने वाले आरोपी बस चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बस चालक की पहचान माधव सिंह निवासी ग्राम खेडिया थाना खंदौली आगरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की बस को भी जब्त किया है।

13 मई को एक बस का चालक मथुरा टोल प्लाजा पर बिना टोल चुकाए बैरियर तोड़ते हुए फरार हो गया था। सूचना मिलने पर जेवर टोल प्लाजा कर्मचारियों ने बस को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने यहां भी रफ्तार कम करने के बजाय बैरियर तोड़ते हुए कर्मचारियों के ऊपर बस चढ़ाने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने किसी तरह जान बचाई। यह पहली बार नहीं था जब उक्त बस चालक ने इस तरह की हरकत की। आरोप है कि 11 मई को भी उसी चालक ने आगरा, मथुरा और जेवर टोल प्लाजा पर बैरियर तोड़कर बस को तेज रफ्तार में भगाया था। मामले में जेवर टोल प्लाजा कंट्रोलर श्रीनिवास ने जेवर कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी सार्थक सेंगर का कहना है कि आरोपी बस चालक के खिलाफ सख्त धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार जेल भेजा है। बस में सवारी भी थी। जांच में पता चला है कि आरा. पी सहायक था। बस का चालक कोई दूसरा था।

# सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग को लेकर जिलाधिकारी गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए ऐसे सभी विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जिनकी सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग अच्छी नहीं है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य प्राप्ति करते हुए प्रगति सीएम डैशबोर्ड पर शत् प्रतिशत फीड करायें एवं सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने हेतु विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत् प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन जिन विभागों की रैंकिंग खराब चल रही है उनकी विरुद्ध पत्राचार किया जाए।




जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।

जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व विभाग, स्टाम्प विभाग, परिवहन विभाग, जी0एस0टी0 विभाग, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यटन विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, आपदा विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य की पूर्ति करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी कहा कि यदि किसी भी अधिकारी को कोई समस्या हो वह मुख्य विकास अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्रुटि रहित डाटा फीडिंग करायें। सीएम डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग न करने वाले या गलत डाटा फीड करने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बोर्ड ने गैर हाजिर होने का कारण पूछा

**नोएडा।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन में गैरहाजिर रहे परीक्षकों से परिषद ने साक्ष्यों के साथ अनुपस्थिति का कारण पूछा है। उचित कारण न दिए जाने पर इन परीक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, मूल्यांकन के लिए 700 शिक्षकों की ड्यूटी लगी थी। इसमें हाईस्कूल में रोज 152 परीक्षक और इंटर में 131 शिक्षक मूल्यांकन केंद्र पर अनुपस्थित रहे। अधिकारी के अनुसार जुलाई-अगस्त में निजी स्कूलों में नए शिक्षक ज्वाइन करते हैं और कुछ माह बाद नौकरी छोड़ देते हैं, लेकिन उनके नाम की लिस्ट वेबसाइट पर पड़ी रह जाती है, इस कारण उनकी ड्यूटी लग जाती है। यही वजह है कि मूल्यांकन में अधिकतर निजी स्कूलों के शिक्षक अनुपस्थित रहे।

# बारिश ने लोगों को गर्मी से दी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान थे। इस बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है। जेवर, बिलासपुर, दनकौर और रबूपुरा समेत कई इलाकों में ओले गिरे। इसी तरह शुक्रवार शाम नोएडा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मौसम में आए इस बदलाव से पहले लोग गर्मी और अघोषित बिजली कटौती से परेशान थे। बारिश के बाद मुख्य सड़कों के अलावा सर्विस रोड पर कई फीट पानी भर गया है। जलभराव से स्थानीय लोगों का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हालांकि राहत की बात यह रही कि ओलावृष्टि से कोई नुकसान नहीं हुआ है। फसल काटने के बाद किसानों के लिए यह बारिश काफी फायदेमंद साबित हुई। इससे धान की रोपाई से पहले खेतों की एक बार सिंचाई हो गई है। सड़कें पानी से लबालब हैं। लेकिन किसान इस बारिश से खुश नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस बारिश से तापमान में गिरावट आई है और मौसम अच्छा हो गया है। ग्रेटर नोएडा के दीपांकर अभिषेक राहुल सचिन ने बताया कि इस बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है। पिछले कई दिनों से बढ़ती गर्मी के कारण जीना बहुत मुश्किल हो गया था।

# कई स्विमिंग पूलों पर हो सकता है एक्शन

■ विभाग बना रहा कार्रवाई की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में डूब क्षेत्र में अवैध रूप से स्विमिंग पूल की बाढ़ आ रही है। इसको लेकर विभाग कार्रवाई की योजना बना रहा है। सख्त कार्रवाई के अभाव में डूब क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद स्विमिंग पूल संचालक धड़ल्ले से संचालन कर रहे हैं।



यह हाल तब है जब पिछले साल ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अवैध रूप से बनाए गए स्विमिंग पूल में एक बच्चे की मौत हो गई थी। खेल विभाग द्वारा बिना एनओसी के स्विमिंग पूल का संचालन कर रहे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। लेकिन सख्त कार्रवाई के अभाव में डूब क्षेत्र में फार्म हाउस व अन्य जगहों पर सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर स्विमिंग पूल का संचालन किया जा रहा है।

**1000 स्विमिंग पूल में से सिर्फ 350 के पास ही एनओसी:** जिले में करीब 1000 स्विमिंग पूल का संच. ालन किया जा रहा है। इसमें से करीब 350 के पास ही एनओसी है। विभाग की कार्रवाई के बाद से संचालकों ने एनओसी लेना शुरू कर दिया है। हालांकि अभी भी काफी संख्या में संचालक नियमानुसार स्विमिंग पूल का संचालन नहीं कर रहे।

**जिले में डूब क्षेत्र में चल रहे करीब 50 स्विमिंग पूल:** जिले में डूब क्षेत्र में फार्म हाउस व अन्य जगह पर अवैध रूप से करीब 50 स्विमिंग पूल का संचालन किया जा रहा है। नोएडा सेक्टर 150, ग्रेटर नोएडा में हरनंदी के पास कुलेसरा व अन्य डूब क्षेत्रों में धड़ल्ले से चल रहे हैं। स्विमिंग पूल संचालक अवैध रूप से संचालन तो कर ही रहे हैं साथ ही सुरक्षा के मानकों का भी पालन नहीं कर रहे हैं।

# विधायक ने तालाब सौन्दर्यीकरण का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विधायक पंकज सिंह के द्वारा ग्राम सुल्तानपुर में तालाब को पुर्नजीवित कर सौन्दर्यीकरण करने के कार्य का शिलान्यास किया गया। ग्रामवासियों की मांग पर नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगभग 11000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में तालाब विकसित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

इस परियोजना की कुल लागत 434.45 लाख रुपए है। गांव में तालाब का निर्माण होने से जल संरक्षण को बढावा मिलेगा तथा इस तालाब में आम जनमानस के द्वारा छठ पूजा आदि त्यौहारों में उपयोग किया जा सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान समस्त ग्रामवासी, महानगर अध्यक्ष, महेश चौहान के साथ-साथ प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री, सिविल, जल व विद्युत यांत्रिकी खण्ड के वरिष्ठ प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# पुलिस ने फरार चल रहे 14 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र से 14 वारन्टियों को गिरफ्तार किया है। हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात ने फरार वारंटी गोविन्दा पुत्र प्रेमपाल, आक. ाश पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी न्यू भीमनगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड, इनाम पुत्र इन्तजार निवासी ग्राम सैना थाना सिम्भावली जनपद हापुड, थाना पिलखुवा पुलिस ने अमन पुत्र फरमान निवासी ग्राम सिखेडा थाना पिलखुवा हापुड, राहुल पुत्र अजीत निवासी ग्राम लाखन थाना पिलखुवा जनपद हापुड, प्रमोद उर्फ पापडवाला पुत्र प्रेमपाल निवासी मोहल्ला छिद्दापुरी थाना पिलखुवा जनपद हापुड, सतेन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र अशोक निवासी ग्राम गालन्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड, थाना धौलाना पुलिस ने प्रेमकुमार पुत्र हरीशचन्द निवासी ग्राम सपनावत थाना कपूरपुर जनपद हापुड, नारायण पुत्र मुनवीर निवासी ग्राम सपनावत थाना कपूरपुर जनपद हापुड, सुरेश पुत्र ढाल सिंह निवासी ग्राम छज्जूपुर थाना कपूरपुर जनपद हापुड, हारुन पुत्र नसीबू निवासी ग्राम पिपलैडा थाना धौलाना जनपद हापुड, सूफियान पुत्र यूसुफ कुरैशी निवासी मोहल्ला सोगना थाना धौलाना जनपद हापुड, थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने राजू पुत्र सुभाष निवासी बडी गटटी कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड और जक्सू उर्फ जसवंत पुत्र दीवान सिंह निवासी सहकारी समिति के पास कस्बा व थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ द्वारा कुल 14 वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है।








# टूटी सड़क व उड़ती धूल बनी राहगीरों की मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कहने को तो शहर में सड़कों का जाल है। मगर ज्यादातर सड़कें टूटी हुई हैं। जो लोगों के लिए मुसीबत बन रही हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर सड़क टूटने से धूल उड़ रही है।

टूटी सड़क और धूल उड़ने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोड खस्ताहाल होने से वहां रहने वाले लोग काफी परेशान हैं। क्योंकि सड़क टूटने से आए दिन बाइक फिसलने जैसी घटनाएं होती रहती हैं। वहीं धूल उड़ने से लोगों की आंखों में इंफेक्शन हो रहा है। कई महीने से सड़क खराब है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अभी तक अधिकारियों ने इसकी मरम्मत नहीं कराई है। शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ है। घरों के अंदर तक धूल पहुंच रही है। जिससे खाना-पीने की चीजें भी दूषित हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की है।



# मोनाड विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रपति भवन का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को मोनाड विश्व. विद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा छात्र एवं छात्राओं को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

वि.वि. के प्रतिकुलाधिपति डा. एनके सिंह, कुलपति डा. एम जावेद, उपकुलपति एवं कुलसचिव कर्नल डा. डीपी सिंह, उपकुलपति प्रशासनिक प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुलपति अकादमिक डा. जयदीप कुमार एवं उपकुलपति प्रवेश रोहित शर्मा ने छात्रों की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारतीय लोकतंत्र की संरचना, संविधानिक संस्थाओं और प्रशास. निक कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। इस शैक्षिक यात्रा में विधि विभाग के बीएएलएलबी, बीबीएएलएलबी और एलएलबी पाठ्यक्रमों के छात्रों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान छात्रों को राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक और वास्तुकला की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। वहीं वि.वि. के कुलपति डा. मोहम्मद जावेद ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्रों के समग्र विकास में सहायक होते हैं और उन्हें व्यावहा. रिक ज्ञान प्राप्त होता है। इस शैक्षणिक भ्रमण में विधि विभाग के लगभग 60 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा उनके सफल मार्गदर्शन हेतु विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक संजीव कुमार निमेष, डा. अमित सिंह, डा. मूल राज सिंह एवं डा. मनीषा शर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विधि विभाग के शिक्षक डा. अरविन्द कुमार, मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी, डा. गणेश शंकर, स्वाति त्यागी, अमित मित्तल एवं आशीष सांगवान आदि ने भी छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय सिन्हा का ब्यान बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण: गोपाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने प्रदेश कार्यालय से जारी बयान में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले की आतंकी दर्दनाक घटना से देश अभी उभरा नहीं। भारतीय सेनाओं के मुँहतोड़ जवाब से भारतीय नागरिको में उत्साह साफ देखाई दे रहा है। हमें भारतीय सेना के पराक्रम और साहस पर गर्व है।

उधर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय सिन्हा का भारतीय सेना पर बयान बेहद ही हीनभावना से प्रेरित एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश मांग करती है कि मध्य प्रदेश सरकार गैर जिम्मेदार मंत्री को तत्काल प्रभाव से मंत्री मंडल से बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाए।


पंडित गोपाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश

# अवैध रूप से कब्जाई गई भूमि को प्राधिकरण ने कराया कब्ज़ामुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण की टीम ने अवैध रूप से कब्जाई गई भूमि को कब्ज़ामुक्त कराया है।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने शुक्रवार को प्राधिकरण की आनन्द विहार आवासीय योजना के ब्लॉक-बी एवं ई स्थित खसरा संख्या 647 भूमि क्षेत्रफल 40910 वर्ग मीटर भूमि पर कृषको द्वारा अवैध रूप किये गये कब्जे को हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया। उक्त भूमि के कब्जामुक्त होने से प्राधिकरण द्वारा पूर्व में आवंटित भूखण्डो का आन्तरिक विकास कार्य व 30 मीटर चौड़ी सड़क संख्या-5 के अवशेष भाग निर्माण कार्य कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। किसी भी हाल में अवैध निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में अधिशासी अभियन्ता आरके वर्मा, सलाहाकार भू-अर्जन/पुर्नग्रहण, नृपेश सिंह तोमर, राकेश सिंह तोमर, वीरेश कुमार राणा, अवर अभियन्ता महेशचन्द उप्रेती, अंगद सिंह, जितेन्द्रनाथ दुबे, पीयूष कुमार जैन, अजय सिंघल तथा प्राधिकरण का सचल दस्ता एवं पुलिस बल थाना कोतवाली उपस्थित रहे।



# पुलिस अधीक्षक ने रिज़र्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने शुक्रवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली।

साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी, पीआरवी गाड़ियों व परेड निरीक्षण के उपरान्त पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया तथा मैस में खाने की गुणवत्ता, साफ-सफाई व अर्दली रूम में रजिस्टरों को चौक किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





## एक नजर

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो बहनों से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बहनों को छेड़छाड़ का विरोध करना भारी पड़ गया। छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने पीड़िता के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया और जमकर मारपीट की। जिसमें दोनों बहने गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी।

एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया था कि पड़ोस में रहने वाले तीन दबंग पीड़िता और उसकी बहन के साथ आये दिन आते जाते मौका देखकर तंज कसते थे और अपशब्दों का इस्तेमाल करते थे व छेडखानी करते थे। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत दबंगो के परिजनों से की तो इसकी रंजिश मानते हुए मौका पाकर तीनो दबंग घर में घुस आए और पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जमकर मारपीट की। आरोप है कि शोर मचाने पर पीड़िता की बहन उसे बचाने आयी तो दबंगो ने घर मे रखी थपकी व ईट से दोनों के साथ जमकर मारपीट की। जिसमे दोनों बहने गंभीर रूप से घायल हो गई। गुरुवार को पीड़िता ने अपनी बहन के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने संबंधित मामले में तीन आरोपी लखन, दीपक और अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को शहर के नागरिकों व भाजपा पदाधिकारियों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना के हालिया शौर्य प्रदर्शन को समर्पित थी और सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान के प्रति वंदन व अभिनंदन का प्रतीक बनी।

तिरंगा यात्र का नेतृत्व जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने किया। यात्रा को फ्री गंजरोड इस्थिति रेलवे पार्क से उत्तरप्रदेश सरकार मे कैबनेट मंत्री नरेन्द कश्यप और जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में भारत माता की जय और भारतीय सेना के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए गए। सबसे आगे चल रहे डीजे वाहन पर देशभक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। सड़कों पर उमड़ी जनसैलाब और लहराते तिरंगे इस बात का प्रतीक थे कि हापुड़ की जनता अपने वीर जवानों के सम्मान में एकत्र हुई यह यात्रा सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि हर देशवासी की ओर से भारतीय सेना को श्रद्धा, सम्मान और समर्थन का प्रतीक है। हम सबको गर्व है कि हमारे देश की सेना इतनी शक्तिशाली और समर्पित है। इस आयोजन के माध्यम से जनता को यह संदेश देना चाहती है कि देश की रक्षा में लगे जवानों के साथ पूरा भारत खड़ा है।

### खिचड़ा एमजी रोड से बाल श्रमिक रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** श्रम विभाग एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा खिचड़ा एमजी रोड क्षेत्र में बाल श्रम अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक होटल पर कार्य करता एक बाल श्रमिक चिन्हित किया गया। टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी उषा वर्मा, एसआई लीलाराम मीणा, सिपाही प्रवीण, पवन और रवि शामिल रहे। टीम ने मौके से बालक को मुक्त कराते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। होटल संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### नारी सशक्तिकरण को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासन में महिलाओं एवं गरीबों के लिए परोपकारी योजनाएं चलाने में धार्मिक एवं सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में याद किया जाता है। मालवा की रानी के रूप में अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासन में पूरे भारत में प्रमुख मंदिरों का पुनरुद्धार करया था। महिला सशक्तिकरण के लिए पूरे देश में काम किया भारतीय जनता पार्टी उनके 300 जन्मदिवस को त्रिशताब्दी स्मृति अभियान चलाकर देश की महिलाओं को यह संदेश देना चाहती है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए भाजपा सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है । इस अवसर पर नरेश तोमर विकास अग्रवाल हरेंद्र तेवतिया नगर पालिका अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर राकेश बजरंगी आदि रहे।

# जीएस हॉस्पिटल में नर्सिंग डे सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस हॉस्पिटल में नर्सिंग डे का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ। अस्पताल के सेकरेटरी डा. अंकित शर्मा, मेडिकल डायरेक्टर डा. रूपाली शर्मा, वाइस चान्सलर डा. यतीश अग्रवाल, डीन डा. प्रदीप गर्ग मेडिकल सुप्रिंटेन्डेन्ट, डा. सुरेन्द्र कुमार डिप्टी डायरेक्टर मनोज शिसोदिया हॉस्टिपल एडमिनिस्टेटर एसएन सिंह व अन्य सभी लोगों ने मिलकर केक काटा गया।

इस अवसर पर अस्पताल के नर्सिंग अधिक्षक डोन इलियास वरगीस एवं ज्ञानेश्वर के पर्यवेक्षण में सभी नर्सिंग स्टाफ के लिए एक भव्य आयोजन किया गया जिसमें सभी नर्सिंग स्टाफ ने अपनी उपस्थिति रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हुए सभी नर्सिंग स्टफ ने विभिन्न प्रकार की कला प्रस्तुति की। डा.अंकित शर्मा ने बताया कि हमारे नर्सिंग स्टाफ समाज के लिए सुपरहीरो हैं जो हमारे खुशहाल जीवन के लिए दिन और रात कड़ी मेहनत करते हैं। डा. रूपाली शर्मा ने बताया कि आज हम सभी लोगों के लिए बडे ही गर्व का विषय है कि आज हम आस.पास के क्षेत्र में सभी से अच्छी स्वास्थ सेवायें प्रदान कर रहे हैं। जिसमें हमारे नर्सिंग स्टाफ की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। अस्पताल के उपनिदेशक मनोज शिसोदिया ने बताया कि हम उन लोगो को क्षणिक खुसियां देने के लिए उनका आभार व्यक्त करने के लिए समाज में उनका महत्व बताने के लिए इक्कठा हुए हैं। जो सम्पूर्ण वर्ष हमारे समाज को खुसियां पहुचाते रहते हैं। जो दृढ़ समर्पणए करूणा और मानवता की सेवा की गहरी भावना से ओत.प्रोत होतें हैं कार्यक्रम में उपनिद. शक अंकित विझ एचआर हेड़ शशी प्रभा शर्मा एवं मोहर सिंह, दीपू, देवेन्द्र एवं रेनू व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुच. ेसर चौपला रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को कब्जे में ले लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुच. ेसर चौपला रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुता. बिक मृतक की पहचान बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुचेसर चौपला निवासी 38 वर्षीय सोनू पुत्र रविंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी जिसके बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।



# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा नाबा. लिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी इकराम पुत्र इस्लाम निवासी मजीदपुरा गली नं. 6 थाना हापुड नगर जनपद हापुड को आयशा नर्सिंग होम के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने सम्बंधित मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# भारत के आगे दम तोड़ता दिखा पाकिस्तान: विकास तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विकास तोमर से शाह टाइम्स संवाददाता ने बातचीत कि विकास तोमर ने बताया आतंक के ख़िलाफ़ भारत की सशक्त कार्रवाई और पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष से स्पष्ट हो गया है कि रक्षात्मक दृष्टिकोण अब बीते जमाने की बात हो गई है। आज का नया भारत पूरी आक्रामकता और तत्परता के साथ आतंकी संगठनों और उनको पनाह देने वालों के खिलाफ एक्शन करने में सक्षम है।

हमने पहलगाम की वीभत्स आतंकी घटना के बाद जिस तरह की कार्रवाई सीमापार बैठे आतंकी आकाओं पर की इसका साफ़ संदेश पूरी दुनिया में पहुंच गया है। जिन्होंने हमारी बहन बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था उन आतंकियों के अड्डों को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उजाड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग नहीं सहेगा। पाकिस्तान को जो भाषा समझ आती है उसी भाषा में उसे जवाब दे दिया गया। दुनिया के कई अन्य देशों को भारत ने अपनी कूटनैतिक क्षमता का उपयोग करते हुए अपनी कार्रवाई का मकसद बता दिया था लिहाजा कोई अन्य देश हमारे ख़िलाफ़ नहीं था बल्कि ज्यादातर हमारे साथ थे। आतंकवाद की किसी भी कार्रवाई को युद्ध मानकर एक्शन होगा। आतंकी संगठन विदेशी सीमाओं में भी सुरक्षित नहीं है। पीएम मोदी ने यह भी बता दिया है कि आतंक और वार्ता साथ साथ नहीं हो सकता और खून और पानी साथ साथ साथ नहीं बहेगा। यह हमारी भविष्य की रणनीति का ब्लूप्रिंट है। भारत ने आतंक के खिलाफ अभियान में कई महत्वपूर्ण सफलताएँ हासिल की हैं। भारत के हालिया सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान के एयरबेस को गंभीर नुकसान पहुँचा है। भारतीय वायुसेना ने कम से कम आठ एयरफोर्स बेस और कई रडार तथा एयर डिफेंस यूनिट्स को निशाना बनाया, जिससे पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया गया। भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेसों पर सटीक हमले किए, जिनमें सुक्कुर, नूर खान रावलपिंडी, रहीम यार खान, और जैकोबाबाद शामिल हैं



## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां
जिला प्रभारी, शाह टाइम्स
जनपद हापुड़
मो. 9897823485, 9927631162
जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# सीआईए टीम ने डेढ़ घंटे तक खंगाला नौमान का मकान



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** तीन दिन पूर्व पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए नौमान इलाही को लेकर पानीपत क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम कैराना पहुंची। जहां पर टीम ने आरोपी के बंद मकान को खुलवाकर करीब डेढ़ घंटे तक गहन तलाशी ली। इस दौरान आरोपी के आवास से पासपोर्ट, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। सीआईए टीम के सर्च अभियान के दौरान मोहल्ले में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

विगत मंगलवार को हरियाणा राज्य के पानीपत जनपद की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी नौमान इलाही को गिरफ्तार किया था। नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन जीनत के पास रहकर एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पानीपत के सेक्टर-29 में स्थित औद्योगिक क्षेत्र थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी फिलहाल एक सप्ताह के पुलिस कस्टडी रिमांड पर है। शुक्रवार प्रातः सीआईए-1 की दस सदस्ईय टीम एसआई देवराज सिंह के नेतृत्व में आरोपी नौमान को साथ लेकर कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर आमद दर्ज कराने के पश्चात टीम स्थानीय पुलिस के साथ में आरोपी के मोहल्ला बेगमपुरा स्थित बंद पड़े आवास पर पहुंची। टीम ने आरोपी के आवास को खुलवाकर गहन तलाशी अभियान चलाया। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक आरोपी के आवास पर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी के आवास से पासपोर्ट, आधार कार्ड, फोटो व अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। टीम ने मोहल्ले के लोगो से भी आरोपी के सम्बंध में जानकारी हासिल की। बताया जा रहा है कि सीआईए की टीम ने आरोपी की निशानदेही पर मोहल्ले के ही एक मकान से भी कुछ दस्तावेज बरामद किए है। हालांकि टीम में शामिल अधिकारियों ने कुछ भी जानकारी देने से मना कर दिया। इसके बाद सीआईए टीम आरोपी को साथ लेकर वापस लौट गई। टीम के सर्च अभियान के दौरान मोहल्ले के लोगो में हड़कंप मचा देखा गया। वहीं, कस्बे की किलागेट पुलिस चौकी प्रभारी एसआई आनंद कुमार भी पुलिस टीम के साथ में मौजूद रहे।

### बुधवार को जनसेवा केंद्र पर पहुंची थी सीआईए की टीम

सीआईए-1 की टीम विगत बुधवार को आरोपी नौमान को साथ लेकर मनी ट्रांसफर के एक मामले में पूछताछ के लिए कैराना के एक जनसेवा केंद्र संचालक के यहां पहुंची थी।

यह जनसेवा केंद्र कचहरी के सामने स्थित है, जिसका संचालक कस्बे के मोहल्ला आलकलां का रहने वाला बताया गया है। अगले दिन स्थानीय पुलिस ने भी यहां से दो जनसेवा केंद्र संचालकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, जिनसे एलआईयू, स्टेट आईबी व साइबर टीम ने संयुक्त रूप से गहन पूछताछ की थी। हालांकि हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पुलिस टीम कुछ खास हासिल नही कर पाई, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

### अलर्ट मोड़ पर है लोकल पुलिस व खुफिया विभाग

आरोपी नौमान की गिरफ्तारी के बाद से स्थानीय पुलिस, एलआईयू, स्टेट आईबी व साइबर विभाग की टीमें अलर्ट नजर आ रही है। मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण लोकल खुफिया तंत्र स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर गुप्त तरीके से आरोपी युवक की कुंडली खंगालने में जुटा हुआ है। पुलिस टीम जांच कर रही है कि आरोपी युवक कैराना में किन-किन लोगो के सम्पर्क में रहा है।

## सौ दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम जून से

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** राजकीय फल संरक्षण केन्द्र प्रभारी धर्मेन्द्र राठी ने बताया कि उद्यान एव खाद्य प्रसंस्करण-विभाग लखनऊ उप्र के अधीन राजकीय फल सरक्षण एवं प्रशिक्षण-केन्द्र शामली द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए 10 जून से कराया जाना प्रस्तावित है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता विकास हेतु बेरोजगार युवक व युवतियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के समस्त पहलुओं से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगे। उन्हें अपनी खाद्य प्रसंस्करण-इकाईया स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जाएगा ताकि उन्हें आय का स्रोत सुलभ हो सके।

## दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत के मामले में डीएम से मिल आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के मौहल्ला शांतिनगर निवासी दो दोस्तों की एक माह पूर्व हुई सडक हादसे में मौत के बाद परिजनों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान कराने की मांग की है।

शुक्रवार को शहर के मौहल्ला शांतिनगर निवासी मनोज कुमार व अमित कुमार ने जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को दिए पत्र में कहा कि पीडितों के दो बच्चे तुषार पुत्र अमित कुमार, तुषार कुमार पुत्र मनोज कुमार गत 12 अप्रैल को समय करीब 7:45 बजे शामली से मुजफ्फरनगर बाईक से जा रहे थे। इसी दौरान जाते समय लालूखेडी से आगे शेरा ढाबा के पास सामने से रॉग साईड से आ रहे टैक्टर ने जबरदस्त टक्कर मार दी जो टैक्ट्र ड्राईवर बडी तेजी व लापरवाही से चला रहा था और उसमें लाईट भी नही थी।

टक्कर लगने से दोनों बच्चों की दर्दनाक मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। दोनों लडके परिवार की रीढ थे जिनसे ही घर की आजीविका चलती थी वह भी बन्द हो गई है। उन्होने परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

## कैंसर से व्यक्ति का निधन

शाह टाइम्स संवाददाता



**शामली।** शहर के मौहल्ला गुजरातियान निवासी एक व्यक्ति की कैंसर की बीमारी के चलते मौत हो गई। मृतक लंबे समय से कैंसर की बामारी से जूझ रहे थे। शहर के मौहल्ला गुजरातियान निवासी पत्रकार सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक पिछले लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीडित थे। जिनका शामली से लेकर दिल्ली, उत्तराखंड जैसे अस्पतालों में उपचार चल रहा था, लेकिन लगातार कैंसर पेट में फैलता गया। काफी समय से नरेश कौशिक अपने घर पर ही उपचाराधीन थे। शुक्रवार सवेरे उन्होने अपने आवास पर अंतिम सांस ली और उनकी लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। नरेश कौशिक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही गणमान्य लोगों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी है।

## एक नजर

### टॉप करने वाली सावी जैन का कांग्रेस ने किया सम्मान



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सीबीएसई बोर्ड में बारहवीं में भारत वर्ष में शीर्ष रैंक प्राप्त करने पर शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्र सावी जैन को कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के प्रतिनिधि के तौर पर सीबीएसई परीक्षा में बारहवीं में भारत वर्ष में शीर्ष रैंक प्राप्त करने पर शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्र सावी जैन को उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के प्रतिनिधि के तौर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सावी जैन के घर पहुंचा। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा ने आशीर्वाद स्वरूप प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से एक स्मृति चिह्न और गुलदस्ता भेंट करते हुए सावी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैभव गर्ग, ठाकुर लाखन सिंह, विनोद अत्री, रविन्द्र आर्य, पुनीत शर्मा एवं सोहिल धीमान ने भी बिटिया सावी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### महिला सहित दो पर चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** हल्का लेखपाल ने ग्राम तिसंग में चरागाह की भूमि पर फसल की बुआई कर कब्जा करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को हल्का लेखपाल अकरम अली ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव तिसंग परगना बिडौली स्थित भूमि खसरा संख्या 98 रकबा 2.174 व खसरा संख्या 84 रकबा 0.655 है0 भूमि चारागाह ग्राम सभा के रूप में दर्ज है। खसरा संख्या 98 में 0.4200 है0 भूमि पर रामपाल पुत्र करताराम निवासी निवासी करनाल द्वारा अवैध रूप से फसल बोकर कब्जा किया गया था, वहीं खसरा सं0 84 पर 0.1840 है पर मुनेश पत्नि बालेन्द्र निवासी घन्सैनी मुजफ्फर नगर द्वारा अवैध धान की फसल बोकर कब्जा किया गया है। लेखपाल ने तहरीर देकर पुलिस से दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मे प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने महिला सहित एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष हेतू किया गया मैजिक शो का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** शासन आदेशानुसार डी-सेंट पब्लिक स्कूल में मुख्यमंत्री राहत कोष हेतू जादूगर सम्राट रिंकू वर्मा द्वारा विभिन्न स्तरीय अद्भुत जादुई करतब दिखाकर छात्र छात्राओं सहित समस्त विद्यालय परिवार को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की और से मुख्यमंत्री राहत कोष में 3100 की धन राशि जमा की गई। आयोजन के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या सन्तोष तोमर ने जादूगर सम्राट रिंकू वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए देश हित में सदैव सकारात्मक सोच के साथ इसी प्रकार सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

### बैंक्वेट हॉल में स्ट्रीट लाइट लाइन से बिजली चोरी का मामला, नगर पंचायत ने जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** थानाभवन नगर पंचायत क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के लिए बिछाई गई विद्युत लाइन से अवैध रूप से बिजली लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर के एक बैंक्वेट हॉल स्वामी को नगर पंचायत द्वारा नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई है।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि नगर में प्रमुख गलियों, मोहल्लों और बाजारों में प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत लाइन डाली गई है, जिसे जनरेटर के माध्यम से संचालित किया जाता है। हाल ही में जांच के दौरान पाया गया कि एक बैंक्वेट हॉल द्वारा नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइट लाइन से अवैध रूप से बिजली ली जा रही थी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि संबंधित बैंक्वेट हॉल स्वामी को दो दिन के भीतर विद्युत शुल्क और जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया गया है।

ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत सभी वर्गों के लिए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करती है और इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी को बिजली चोरी की जानकारी हो तो तुरंत नगर पंचायत को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## बोर्ड बैठक में 22 करोड़ के प्रस्ताव मंजूर



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विकास हेतु करीब 22 करोड़ रूपए अनुमानित व्यय होंगे। बोर्ड बैठक में अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं अधिशासी अधिकारी सहित लिपिक एवं सभासद मौजूद रहे।

शुक्रवार को नगर पंचायत बोर्ड बैठक का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं संचालन अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने किया।

बैठक में नगर के विकास हेतु आय करीब 24 करोड़ पचास लाख किया गया, वहीं नगर में सड़क निर्माण कार्य, मरम्मत कार्य, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश पथ व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था को सु.ढ बनाने हेतु लगभग 22 करोड़ पचास लाख रूपए बजट स्वीकृत किए गए। आंकलन बचत लगभग 18746337 रूपये का बचत बजट स्वीकृत किया। इस मौके पर मुख्य लिपिक अशोक कुमार, सहायक लिपिक एवं कम्प्यूटर आपरेटर नदीम चौधरी सहित सभासद पिंकी, भवानी सिंह, असलम, संजय, सभासद अनुज गुप्ता, नासिर मलिक, इस्तखार, जीशान, इकराम, हासिम, जहांगीर, तसलीम मौजूद रहे।

## मृतक संविदाकर्मी के आश्रितों को दस लाख की आर्थिक मदद, नौकरी के आश्वासन पर धरना समाप्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** चौसाना बिजली उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी मोनू कुमार की ट्रांसफार्मर पर फ्यूज लगाते हुए करंट दौडने से मौत हो गई थी। जिसको लेकर गांव मे आक्रोश फैल गया और गुस्साए लोगो ने पुलिस चौकी पहुॅचकर जेई मोबीन खान व संविदाकर्मी राजेश कुमार पर हत्या का आरोप लगा दिया।इसके बाद ग्रामीण एकजुट होकर बिजलीघर का घेराव करते हुए धरना शुरू कर दिया। रात्रि मे आठ बजे शुरू हुए धरने के बाद तहसीलदार मृदुला दूबे व प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुॅचें और धरनारत लोगो से बातचीत की। देर रात्रि करीब दो बजे एक्सईएन शामली सौरभ पाठक टीम के साथ मौके पर पहुॅचें और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के बाद धरनारत लोगो के बीच जाकर हादसे पर दुख जताया और मृतक के पीडित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। धरनारत ग्रामीणो ने पीडित के परिवार को आर्थिक मदद की मांग की। जिस पर एक्सईएन ने दस लाख की आर्थिक सहायता के साथ पीडित परिवार के एक व्यक्ति को संविदा पर नौकरी देने,जिला प्रशासन से आवास व खंड व मंडल स्तर से अधिकारियों के वेतन से एक निश्चित राशि बतौर सहायता मृतक की पत्नी को दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जेई व संविदाकर्मी राजेश पर कार्यवाही की मांग की। जिस पर एक्सईएन ने जेई की विभागीय जांच,राजेश पर उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। धरना करीब सात घंटे निरंतर चलता रहा।



मृतक संविदाकर्मी की पत्नी सोनिया विलाप करती हुई।



चौसाना बिजली उपकेन्द्र पर धरनारत ग्रामीण के बीच पुलिस प्रशासनिक अधिकारी

### बारह बजे धरनास्थल पर पहुंचा मृतक का शव

पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को ग्रामीण बिजली उपकेन्द्र ले आए और उपकेन्द्र मे रखकर विरोध किया। इस दौरान परिवार की महिलाए भी मौके पर पहुॅच गई और विलाप करती रही। धरना समाप्ति के बाद शव को घर ले जायया गया।

### सुबह होते ही शव का हुआ अन्तिम संस्कार

मृतक संविदाकर्मी मोनू का शव रात्रि करीब दो बजे गांव मे पहुॅचा तो कोहराम मच गया। परिवार की महिलाएं टूट टूट कर विलाप करती नजर आई। जिससे हर किसी की आंखे नम थी। सुबह होते ही शव का अन्तिम सस्कार कर दिया गया।

## जुमे की नमाज के बाद निकाली तिरंगा यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शुक्रवार को शहर के मौहल्ला आजाद चौक से भारतीय सेना को सलाम एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया।

शुक्रवार को शहर के मौहल्ला आजाद चौक स्थित मस्जिद कुरैशियान से जुमे की नमाज के बाद मुफ्ती जुबैर कासमी ने कहा कि हम हर खतरे में अपने वतन के साथ खड़े हैं। अपने बयान में भारतीय सेना की बहादुरी और मुल्क से वफादारी को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तरफ से किए गए अटैक का जिस मजबूती से जवाब हमारी सेना ने दिया, वह हर हिन्दुस्तानी के लिए फख्र का सबब है। यह कार्रवाई मुल्क की सरहदों की हिफाजत और भारत की अटूट ताकत का साफ पैगाम है।

हमारी फौज सिर्फ वर्दी नहीं पहनती, वो हमारी उम्मीदें, हमारी हिफाजत और हमारी आजादी की हिफाजत का नाम है। अगर दुश्मन ने हमारी तरफ आंख उठाई, तो हम सब मजहब, जात और जबान से ऊपर उठकर एक साथ खड़े हैं। उन्होंने इस्लाम की रोशनी में वतन से मोहब्बत को ईमान का हिस्सा बताया और जोर देकर कहा कि सरहद की हिफाजत करने वाले सिपाही हमारी दुआओं के मुस्तहिक हैं। इसके बाद मस्जिद से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया।

## समस्याओं के निस्तारण के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** विकास खण्ड कैराना के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामडा में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने ग्राम के विकास कार्यों को जाना और मौके पर जो भी गांव वासियों द्वारा समस्या बताई गई उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।आयोजित चौपाल में जिला पंचायत राज अधिकारी शामली खण्ड विकास अधिकारी कैराना, सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आयोजित ग्राम चौपाल में शौचालय, आवास, हैण्ड पंप आदि से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई जिनका निस्तारण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## प्रदेश के ग्रामों में सचिवालय के जरिये मिल रहा है योजनाओं का लाभ

**लखनऊ/शामली।** पंचायती राज व्यवस्था उप्र में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, और जिला पंचायत आते हैं। पंचायती राज व्यवस्था आम ग्रामीण जनता की लोकतंत्र में प्रभावी भागीदारी का सशक्त माध्यम है। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम के लागू होते ही प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पंचायत राज अधिनियमों अर्थात् उप्र पंचायत राज अधिनियम-1947 एवं उप्र क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 में अपेक्षित संशोधन कर संवैधानिक व्यवस्था को मूर्तरूप दिया गया। 73वें संविधान संशोधन के उपरान्त पंचायती राज संस्थाओं को 29 विषयों पर कार्य कराने का अधिकार प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायतों के माध्यम से अथवा ग्राम पंचायतों के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही, इस हेतु यह आवश्यक था कि ग्राम पंचायतों एवं उनको सौंपे गए दायित्वों को संचालित तथा क्रियान्वित किए जाने हेतु उनका एक कार्यालय हो। यह देखा गया कि वर्ष 2021 तक कुल 58,189 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र 33,577 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्मित थे जिसमें से कई पंचायत भवन उपयोग न होने के कारण जीर्ण-शीर्ण अथवा क्षत्रिग्रस्त हो गए थे। इस प्रकार कुल 24,612 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन उपलब्ध नहीं था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में गांवों और ग्रामवासियों का तेजी से विकास हो रहा है। जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन नहीं थे, उनमें पंचायत भवन का निर्माण कराया गया तथा जहां पंचायत भवन निर्मित है उनका आवश्यकतानुसार मरम्मत व विस्तार कराकर कार्यालय के रूप में रूप स्थापित किया गया। सरकार ने ग्राम पंचायतों के कार्यालय का नामकरण ग्राम सचिवालय किया है। ग्राम पंचायतों में निर्मित लगभग 33,000 पंचायत भवनों का जीर्णोधार/मरम्मत कराया गया तथा लगभग 23,916 ग्राम पंचायतों में नवीन पंचायत भवन निर्माण कराकर ग्राम सचिवालय स्थापित किया गया। प्रदेश सरकार ने ग्राम सचिवालय संचालन हेतु प्रत्एक ग्राम पंचायत में एक पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर की तैनाती की कार्यवाही की है, जोकि कार्यालय अवधि में संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में उपस्थित रहते है। ग्राम सचिवालय को कार्यालय के रूप में विकसित किए जाने हेतु ग्राम सचिवालय में कार्यालय उपकरण यथा कम्प्यूटर, प्रिन्टर, इण्टरनेट, कुर्सी, मेज इत्यादि की भी व्यवस्था कराई गई। जिससे कार्यालय कार्यों में कोई बाधा न आए। ग्राम सचिवालय की स्थापना में ग्राम प्रधानों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है तथा प्रदेश में कई ग्राम सचिवालय ऐसे स्थापित कराए गए है जो देखने में सुन्दर एवं सुसज्जित है। ग्राम सचिवालय कार्यालय अवधि में खुले, यह सुनिश्चित करने हेतु पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर की आनलाईन उपस्थिति Geo-Fenced Face Recognition Based Online Attendance System के माध्यम भी कराई जा रही है तथा ग्राम पंचायतों से सीधा संवाद स्थापित करने एवं पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर सचिवध्ग्राम प्रधान की समस्याओं के समाधान हेतु राज्य स्तर पर एक कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है। ग्राम सचिवालयों को प्रभावी रूप से क्रियाशील बनाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा यह अनिवार्य किया गया कि समस्त पंचायतों में ई-ग्राम स्वराज तथा पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम एवं इण्टरनेट के माध्यम से ही किया जा रहा है। जिसके अनुश्रवण हेतु पंचायत गेटवे पोर्टल की व्यवस्था की गई जिसमें पंचायत गेट-वे पोर्टल ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर में इंस्टाल कराया गया तथा इसी पोर्टल के माध्यम से ई-ग्राम स्वराज पी.एफ.एम.एस. वेबसाईट पर जाकर भुगतान किए जाने का प्राविधान किया गया है, जिससे ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे भुगतान की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इसके उक्त के अतिरिक्त ग्राम सचिवालयों में जनसेवा केन्द्र स्थापित किए जाने की कार्यवाही की गई जिसमें कुल 243 जनसेवाओं यथा आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि को ग्रामीण जनों को प्रदान किया जाता है जिसका उद्देश्य यह था कि ग्रामीणजनों को विकास खण्ड जनपद स्तर पर न जाना पड़ें एवं यह सुविधाएं उन्हें अपनी ग्राम पंचायत पर ही उपलब्ध हो जाए। ग्राम सचिवालयों में तैनात पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर से योजनाओं के संचालन में अपनी महती भूमिका अदा कर रहे है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) में पंचायत सहायक द्वारा व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों का ऑनलाईन फार्म भरा जा रहा है तथा रेट्रोफिटिंग सर्वे, ओ.डी.एफ. प्लस के कार्यों का सत्यापन रिर्पाटिंग, अर्न्तवैयक्तिक संप्रेषण, प्रचार प्रसार, कार्ययोजना में सहायता इत्यादि कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में सहायता की जा रही है।

ग्राम सचिवालयों के कारण ही आज प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों के साथ नवीन संचार माध्यमों से एक साथ वी.सी. करके उनसे संवाद स्थापित कर प्रदेश सरकार की मंशा व्यक्त की जा रही है। वर्तमान में सभी ग्राम प्रधानों, सचिवों, ग्राम पंचायत के सदस्यों, पंचायत सहायक तथा ग्रामीणजनों तक प्रदेश सरकार के संदेश त्वरित गति से प्रसारित हो रहे है एवं उनका क्रियान्वयन भी त्वरित गति से प्रारम्भ हो जाता है। ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों की स्थापना करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता तथा निर्बाध जनसेवाओं को सुनिश्चित कराने का प्रयास किया गया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाओलिनी-गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिड़ंत

**रोम, वार्ता।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाईं। पाओलिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।

### पीकेएल सीजन-12 के लिए होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**मुम्बई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए मुम्बई में 31 मई और एक जून को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने आज आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों के नीलामी की तारीखों की घोषणा कर दी। सीजन 12 की यह नीलामी एक और शानदार सीजन की शुरुआत का संकेत है। एक बार फिर चैंपियन टीम अपनी ट्रॉफी बचाने उतरेगी और देश-विदेश से जुड़े प्रशंसक कबड्डी के जोश को नए स्तर पर ले जाएंगे। प्रो कबड्डी के नए सत्र को लेकर मशाल के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 के खिलाड़ियों की नीलामी की।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की नजर प्लेऑफ पर




**■ कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हाल में जीतना होगा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण एक सप्ताह के लिए स्थिगित हुए आईपीएल में ब्रेक के बाद आरसीबी के लिए अच्छी खबर रहीं उसने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के साथ मयंक अग्रवाल, अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह का स्वागत किया है। इससे उनकी टीम मजबूत हुई है। आरसीबी अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीत से उत्साहित है। आरसीबी फिलहाल 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स के 12 मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने शेष दोनों मैच महत्वपूर्ण अंतर से जीतने होंगे तथा अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा। विराट कोहली आरसीबी के लिए ताबीज बने हुए हैं, जिन्होंने इस सीजन में 63.12 की औसत से 505 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 32 पारियों में 1,021 रन बनाये है। आरसीबी को उम्मीद है कि वह अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखेंगे। फिल साल्ट की वापसी से टीम को एक और बढ़ावा मिला है, जबकि रोमारियो शेफर्ड ने सीएसके के खिलाफ 14 गेंदों पर नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेली, जो निचले क्रम के लिए खतरा साबित हुई। रजत पाटीदार (239 रन) और टिम डेविड ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भुवनेश्वर और क्रुणाल पांड्या के गेंदबाजी आक्रमण को अनुभव प्रदान करने के साथ, बेंगलुरु संतुलित दिख रही है। हालांकि, यश दयाल और रसिख डार जैसे युवा गेंदबाजों पर दबाव बना रहेगा कि वे मुश्किल समय में अपना संयम बनाए रखें। इस बीच, केकेआर इस मैच में कमजोर स्थिति में है वह पिछले पांच मैचों में केवल दो में ही जीत हासिल कर पाए हैं और उनके अभियान में सामंजस्य की कमी है। आंद्रे रसेल का शानदार प्रदर्शन 'पिछली दो पारियों में 95 रन' उम्मीद जगाता है, जबकि अजिंक्य रहाणे 375 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी सूची में सबसे आगे हैं।

## स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार



**सिडनी, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इन्कार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जायेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का फाइनल में नहीं पहुंचना तय है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जायेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाये तो जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुकाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंगलिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है। उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

## जापान की तर्ज पर देशभर में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर बनाएगा भारत

**● बीसीसीआई 2-3 खेलों का जिम्मा उठाएगा, राजीव शुक्ला बोले- खेलों के नाम मंत्रालय तय करे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल मंत्रालय जापान की तर्ज पर देशभर में ओलिंपिक ट्रेनिंग सेंटर्स बनाने जा रहा है। ये सेंटर्स कारपोरेट के सहयोग से बनाए जाएंगे। इनमें से 2-3 सेंटर्स की जिम्मेदारी बीसीसीआई लेगा। इस योजना पर इस साल काम शुरु हो जाएगा।

बीसीसीआई ने खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। इस बैठक में कारपोरेट जगत के 58 मेंबर्स ने हिस्सा लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि ओलिंपिक स्पोर्ट्स के विकास के लिए कारपोरेट जगत की भागेदारी तय करने के लिए आयोजित इस बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलिंपिक सेंटर्स खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड दो-तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे। हर सेंटर में एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग हर सेंटर में एक-एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग होगी। लास एंजिलिस ओलिंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक ट्रेनिंग सुविधाएं और स्पेशलिस्ट मुहैया कराए जाएंगे। बताया जा रहा है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के ओलिंपिक सेंटर्स से प्रेरणा ली है। जहां से कई ओलिंपिक मेडलिस्ट निकले हैं। भारतीय मूल के खिलाड़ियों का चयन होगा भारतीय खेलों खासकर टेनिस और फुटबाल को मजबूत बनाने के लिए विदेश में बसे भारतीय मूल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन की पात्रता फिर देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस पर 2008 में रोक लगा दी गई थी और केवल भारतीय पासपोर्ट धारक ही भारत के लिए खेल सकते हैं।



# मुस्तफिजुर के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ

**■ मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे बीसीबी ने 18 से 24 मई के लिए एनओसी दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ हो गया है। 29 साल के तेज गेंदबाज को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। बीसीबी ने शुक्रवार को एक स्टेटमेंट जारी कर बताया कि रहमान 18 से 24 मई के बीच आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अनुसार, रहमान 17 मई को यूएई के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेलेंगे।

उसके बाद इंडिया के लिए रवाना होंगे। जहां 18 से 24 मई तक दिल्ली के बचे लीग मैचों में हिस्सा लेंगे, हालांकि वे प्लेऑफ शुरू होने से पहले लौट जाएंगे। रहमान को दिल्ली कैपिटल्स ने 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। वे ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे। स्टार्क ने दिल्ली की ओर से आईपीएल के बचे मैच नहीं खेलने का फैसला लिया है। वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के बचे मुकाबले 17 मई से शुरू हो रहे हैं। इन्हें भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रोक दिया गया था। बीसीबी के सीईओ ने कहा था कि हमने एनओसी नहीं मांगा दिल्ली ने रहमान को 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा था कि अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने कहा था- श्मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है।

मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है।श ऐसे में रहमान के आईपीएल में खेलने पर संदेह था। आईपीएल का शेडड्ूल बांग्लादेश के यूएई दौरे से क्लैश हुआ आईपीएल के बचे मैच का शेडड्ूल और बांग्लादेश के यूएई दौरे का शेडड्ूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ यूएई के लिए रवाना भी हो गए हैं। रहमान ने बुधवार को यूएई के लिए रवाना होने के बाद यह फोटो पोस्ट की थी। 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपये में शामिल किया हैं।

# टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम आगे




**मुंबई, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुमराह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है। फिर भी अगर बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुमराह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है। भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फार्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं। पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फार्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है। शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं।

# वानखेड़े में रोहित के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन

**■ रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस भी मौजूद रहे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के स्टैंड्स का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने रोहित और पवार के अलावा पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर स्टैंड्स का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके अलावा एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले के नाम पर एमसीए दफ्तर का लाउंज का उद्घाटन किया गया है। एमसीए ने पिछले महीने वार्षिक आम बैठक के दौरान इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव पारित किया था। वानखेड़े स्टेडियम ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम शरद पवार स्टैंड, ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 का नाम अजीत वाडेकर स्टैंड और दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान रोहित ने कहा, आज जो कुछ भी हो रहा है, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। बचपन से मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। कोई भी इस बारे में नहीं सोच सकता। मेरे लिए खेल के दिग्गजों के साथ मेरा नाम होना, इस अहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो प्रारूप से संन्यास लिया है, लेकिन अभी भी एक प्रारूप में खेल रहा हूं। रोहित ने कहा, 21 तारीख को जब मैं यहां आऊंगा और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलूंगा तो यह एक अवास्तविक अहसास होगा, क्योंकि इस मैदान पर मेरे नाम का स्टैंड हो गया है, तो यह एक बहुत ही विशेष अहसास है। यह उस वक्त भी विशेष रहेगा जब कभी भी मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने आऊंगा। मैं इतने सारे लोगों, विशेषकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां उपस्थित हैं।

### बंगाल वॉरियर्स ने नवीन कुमार को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैंचाइची का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी। बंगाल वॉरियर्स के नए कोच नवीन कुमार का खेल में शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने 10वें दक्षिण एशियाई खेलों (2006), 15वें एशियाई खेलों (2006), दूसरे विश्वकप (2007) और दूसरे इनडोर एशियाई खेलों (2007) सहित कई टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक जीते हैं। कोच बनाये जाने पर नवीन कुमार ने कहा कि बंगाल वॉरियर्स के साथ मुख्य कोच के रूप में जुड़कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम विकसित करने का एक रोमांचक अवसर है। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने और मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हूँ। नए सत्र से पहले हमारे पास बहुत समय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि वॉरियर्स एक चैंपियन टीम बने। बंगाल वॉरियर्स के मुख्य कार्यकारी अपूर्व गुप्ता ने कहा कि नवीन कुमार अपने साथ बहुत सारा अनुभव और रणनीतिक विशेषज्ञता लेकर आए हैं, जो उन्हें हमारी टीम के लिए एक आदर्श नेतृत्व है। उनकी जीतने की मानसिकता और युवा प्रतिभाओं को विकसित करने की क्षमता इस सत्र में हमारी सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा के लिए पारदर्शी रास्ता निकालें: क्रिकेट वेस्टइंडीज

**■ ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है**

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए साफ और पारदर्शी रास्ता निकालने की मांग की है।

सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने कहा कि कैरेबियाई टीम ने ओलंपिक में हमेशा अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और अपनी एथलेटिक प्रतिभा से दुनिया को प्रेरित किया है। 2028 खेलों में क्रिकेट की वापसी हमारे युवा क्रिकेटरों को उसी सपने से वंचित नहीं कर सकती जिसने हमारे एथलीटों को प्रेरित किया है। ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है। हम बस यही मांग कर रहे हैं कि इन सिद्धांतों को न केवल भावना में बल्कि संरचना में भी बरकरार रखा जाए। वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए रास्ता निकाला जाना चाहिए और प्रतिस्पर्धा करने का हकदार है। वेस्टइंडीज, कैरेबियाई द्वीप के रूप में आता हैं और इसके क्रिकेट का संचालन क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) करता है, लेकिन केवल संप्रभु राष्ट्रों को ही ओलंपिक खेलों में भाग लेने की अनुमति है। पूर्व ाोषणा के अनुसार लॉस ऐंजिलिस ओलंपिक में पुरुष और महिला वर्ग की टी-20 प्रतिस्पर्धा में केवल छह देश हिस्सा लेंगे। आईसीसी ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को दिए गए अपने प्रस्ताव में सुझाव दिया था कि छह टीमों को कट-ऑफ तारीख पर टी- 20 रैंकिंग के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाए।

# शास्त्री ने बताई कोहली के संन्यास की वजह

## लोगों के लगातार कमेंट्स से परेशान थे, कहा-रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता



**दुबई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली के रिटायरमेंट की वजह का खुलासा किया है। शास्त्री के अनुसार 'कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से मानसिक रूप से थक चुके थे।' शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में बताया कि उन्होंने संन्यास का फैसला सार्वजनिक करने से पहले कोहली से बात की थी। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि उनके संन्यास की घोषणा से एक सप्ताह पहले उनका दिमाग बहुत स्पष्ट था। उन्हें कोई पछतावा नहीं है। विराट ने मुझे चौंका दिया क्योंकि मुझे लगा कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम दो-तीन साल बाकी हैं।

जब आप मानसिक रूप से थके हुए होते हैं तो यही आपके शरीर को बताता है। उन्होंने रोहित शर्मा की फार्म पर कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कोच होता तो सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा को बाहर नहीं होने देता। विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एक इंस्टा पोस्ट में लिखा कि टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कोहली के संन्यास पर रवि शास्त्री ने कहा कि मैं विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से हैरान था। क्योंकि मुझे लगता है कि विराट में टेस्ट खेलने के लिए 2-3 साल और बचे थे। कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से बर्नआउट हो गए शास्त्री ने कहा, श्आप अपनी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ियों से अधिक फिट हो सकते हैं, लेकिन मानसिक रूप से आप थके हैं। तो यह शरीर को एक संदेश भेजता है। आप जानते ही हैं। कोहली लगातार सुर्खियों में रहने के कारण बर्नआउट (थकान) हो गए। कोहली के दुनियाभर में फैन, लोगो को क्रिकेट देखने प्रेरित किया शास्त्री ने कहा कि कोहली को दुनिया भर में प्रशंसा मिली है।

पिछले दशक में किसी भी अन्य क्रिकेटर की तुलना में उनके पास अधिक प्रशंसक हैं। चाहे वह ऑस्ट्रेलिया हो, चाहे वह दक्षिण अफ्रीका हो, उन्होंने लोगों को खेल देखने के लिए प्रेरित किया। अगर कोहली ने कुछ ठाना, तो अपना 100प्रतिशत दिया कोहली ने भारत को 68 टेस्ट मैचों में 40 जीत दिलाई जो किसी भी भारतीय कप्तान की अब तक की सबसे ज्यादा जीत है। इस पर शास्त्री ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ करने का फैसला किया तो उन्होंने अपना शत प्रतिशत दिया जिसकी बराबरी करना आसान नहीं है एग्रेशन कोहली को दूसरे प्लेयर्स से अलग बनाता है कोहली के एग्रेशन पर शास्त्री ने कहा कि एक खिलाड़ी अपना काम करता है, फिर आप आराम से बैठ जाते हैं। लेकिन कोहली के साथ ऐसा नहीं है, जब टीम आउट हो जाती है तो ऐसा लगता है जैसे उन्हें सभी विकेट लेने हैं, उन्हें सभी कैच लेने हैं, उन्हें मैदान पर सभी फैसले लेने हैं। इतना ज्यादा पार्टिसिपेशन, मुझे लगता कि अगर वह आराम नहीं करता है तो कहीं वह बर्नआउट होने वाला है। मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं होने देता शास्त्री ने बीजीटी में रोहित शर्मा की फार्म पर बात करते हुए कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कप्तान होता तो रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट में बाहर नहीं होने देता। शास्त्री-कोहली की जोड़ी सबसे सफल रही शास्त्री ने कोहली के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल कोच-कप्तान की जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने 2018 में भारत ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जिताई।

# शौर्य का प्रतीक सिंदूर

भारतीय महिला के माथे का सिंदूर न केवल सुहाग का, बल्कि शौर्य का प्रतीक भी है। ये बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही। यह बात सौ प्रतिशत सही है कि भारतीय महिलाओं का सुहाग सिंदूर से ही प्रतीत होता है, लेकिन जिस तरह पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर महिला के पतियों और महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया, तभी से ये सिंदूर शौर्य का प्रतीक बन गया है। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि अभी तो ये केवल ट्रेलर है, फिल्म तो अभी बाकी है। उनका कहना था कि अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। रक्षा मंत्री ने बताया कि अभी पाकिस्तान को एक मौका दिया जा रहा है कि वह सुधर जाए, नहीं तो अबकी बार उससे भी बड़ा हमला हम करेंगे। उनका यह कहना जवानों में और जोश भर गया। वास्तव में भारतीय सेना दुनिया की सबसे अनुशासित सेना है। चीन की सेना पैसों के लिए लड़ती है, जबकि भारत की सेना देश के लिए लड़ती है। जिस शौर्य से भारतीय जवानों ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में नाकाम किया है, उससे भारतीय सेना की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोषता है और इसके लिए वह आईएमएफ से धन भी लेता है। आईएमएफ को धन देने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि पाकिस्तान किस मद के लिए धन ले रहा है, लेकिन आईएमएफ ने भी शायद आंखें बंद कर ली हैं। भारत ने आईएमएफ को याद दिलाया है कि वह पहले पाकिस्तान से यह पूछे कि वह धन किस लिए ले रहा है, अगर अपने देश के विकास के लिए धन चाहिए, तो भारत को कोई दिक्कत नहीं है। अगर पाक आतंकवाद के लिए धन मांग रहा है, तो फिर भारत अपनी आपत्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठा सकता है। पाकिस्तान ने एक बार अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान वादा किया था कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ है, लेकिन उसने धोखा दिया और अब तक धोखा देता आ रहा है। अब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद समर्थित होने के और सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। भारत की मंशा साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं कर देता, उससे किसी प्रकार की कोई बात संभव नहीं है। इसीलिए अब भारत सरकार पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर स्पष्ट करने हेतु बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजने जा रही है। कांग्रेस ने इस पहल में भाग लेने की सहमति दी है। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठाया गया है। जब पाकिसतान के खिलाफ सबूत एकत्र हो जाएंगे, तब उन्हें यूएन में रखा जाएगा और तब पाकिस्तान दुनिया से अलग-थलग हो जाएगा। भारत की यही रणनीति है। उधर पाक का साथ देने के लिए तुर्की के बायकाट की तैयारी भी भारत ने तेज कर दी हैं। भारत पाकिस्तान के बीच जब तनाव का माहौल था, तब तुर्की ने सबसे पहले पाकिस्तान का साथ दिया था। जिसके बाद से भारत में तुर्की के सेबों का बायकाट ट्रेंड तेजी से चल रहा है। इसके कारण तुर्की को 821 करोड़ का झटका लग सकता है। भारत में तुर्की उत्पादों का बहिष्कार होना शुरू हो गया है, खासकर सेब का। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। तुर्की ने पाकिस्तान की मदद की, जिसमें ड्रोन की आपूर्ति भी थी। जब से ये सच तुर्की का सामने आ गया, तब से भारत में बॉयकाट का ट्रेंड तेजी से चल रहा है।

## इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा



मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह को बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भाजपा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए, हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं, सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है, इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, भाजपा मूक-दर्शक बनी नहीं रहेगी और श्री मोदी छिपे नहीं रह सकते, अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा वड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात श्री मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन-सहमति और संरक्षण है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस प्रवक्ता**

# हाईपरटेंशन से जन्म लेती हैं अन्य बीमारियां




बदली जीवनशैली के चलते देश-दुनिया में बड़ी संख्या में लोग हाईपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त हैं। हाई बीपी कई दूसरी गंभीर बीमारियों की वजह बनता है। इसका नियमित चेकअप जरूरी है। वहीं यदि लक्षण सामने आएं तो डॉक्टरी सलाह से उपचार कराना चाहिए।

हाईपरटेंशन हमारी सेहत के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभर रहा है। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा भी बढ़ता है, लेकिन आजकल अनियमित जीवनशैली के चलते कम उम्र के व्यस्कों में भी इसका खतरा बढ़ गया है। हाईपरटेंशन पीड़ित अधिकतर लोगों को जागरूकता न होने पर पता ही नहीं चलता, जब तक कोई समस्या न खड़ी हो जाए। दुनिया में एक बहुत बड़ी तादाद में लोग हाईपरटेंशन से ग्रस्त हैं जिनमें से दो-तिहाई लोग विकासशील देशों में हैं। भारत की बात करें तो हर तीन में से एक व्यक्ति को हाईपरटेंशन की समस्या है। गांवों में 10 प्रतिशत व शहरों में 25 प्रतिशत लोग इससे ग्रस्त हैं। मरीजों में से दो-तिहाई की उम्र 60 साल से कम होती है। वहीं 85 प्रतिशत लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें हाईपरटेंशन के विकार के साथ कोई दूसरी बीमारी भी होती है।

### क्या है हाईपरटेंशन

हृदय हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और उससे ब्लड सर्कुलेशन पूरे शरीर में होता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय होने वाले ब्लड के दवाब को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है तब प्रेशर ज्यादा होता है जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। वहीं दूसरी बीट से पहले हार्ट रिलेक्स कर रहा होता है तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। विभिन्न व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर में अंतर हो सकता है। व्यक्ति को ब्लड प्रेशर के नंबर जानना जरूरी है यानी सिस्टोलिक (ऊपर वाला) और डायस्टोलिक (नीचे वाला) का पता होना चाहिए। ब्लड प्रेशर दैनिक प्रक्रियाओं से प्रभावित होता है। अगर व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 140/90 या उससे अधिक हो तो इसे हाईपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर की अवस्था कहते हैं। कई बार हार्ट आर्टरीज पर दबाव पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक हो जाती है। ब्लड सर्कुलेशन बाधित होने पर ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जबकि स्वस्थ रहने के लिए ब्लड प्रेशर के दोनों पॉइंट्स को कंट्रोल करना जरूरी है। खासकर 55-60 साल से ज्यादा उम्र के बाद सिस्टोलिक हाईपरटेंशन का नियमित चेकअप कराना जरूरी है। इससे कार्डियोवेस्कुलर डिजीज होने का खतरा रहता है।

### दो तरह का हाईपरटेंशन

**प्राइमरी हाईपरटेंशन**- इसके अधिकतर मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर का कोई कारण स्पष्ट नहीं होता।

**सेकेंडरी हाईपरटेंशन**-यानी किसी बीमारी या दूसरे कारणों से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाईपरटेंशन को नियंत्रित रखने के लिए इसके कारण को जानना जरूरी है। करीब 95 प्रतिशत लोगों को बिना किसी कारण से एसेंशियल हाईपरटेंशन है जिसे मेडिसिन और लाइफ स्टाइल में बदलाव लाकर कंट्रोल किया जा सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

मरीजों की बड़ी संख्या है, जिन्हें हाईपरटेंशन के कारणों का पता नहीं लगता, जिनमें कारणों का पता चल जाता है, उनका समुचित इलाज किया जा सकता है। छोटे बच्चों और युवाओं में हाईपरटेंशन के कई सेकेंडरी कारण रहते हैं। जैसे-अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, खाने में नमक की अधिकता, पढ़ाई और कैरियर को लेकर तनाव, मोटापा, किडनी की बीमारी, आर्टरीज में ब्लॉकेज, हार्मोन संबंधी तकलीफ, गर्भावस्था, थायरॉयड, फैमिली हिस्ट्री, स्मोकिंग, एल्कोहल और नमकीन स्नैक्स का अधिक सेवन।

### कैसे जानें हाई ब्लड प्रेशर को

हाईपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि इससे ग्रस्त 90 % रोगियों में इसके कोई लक्षण नहीं होते। बढ़ने पर सिरदर्द, धड़कन तेज होना, चलते समय सांस फूलना, चक्कर आना व थकावट आदि लक्षण होते हैं।

### क्या है रिस्क

सामान्य व्यक्ति में सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 और डायसिस्टेलिक 90 से नीचे होना चाहिए। जबकि डायबिटीज के मरीजों में रिस्क बहुत बढ़ जाता है इसलिए उनका ब्लड प्रेशर 130/80 से कम होना चाहिए।

हाई ब्लड प्रेशर को पहचानकर सही इलाज न हो तो इसका बढ़ा हुआ स्तर हार्ट,ब्रेन, लिवर, आंखों आदि को क्षति पहुंचाता है। मरीज को कई समस्याएं हो सकती हैं जैसे- हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन स्ट्रोक, पैरालाइसिस होने का खतरा, रेटिनल हैमरेज, पेरिफरल मस्कुलर डिजीज, किडनी फेल्योर आदि।

### समुचित उपचार है जरूरी

हाईपरटेंशन के मरीज लक्षण या दिक्कत महसूस न होने पर आमतौर पर उपचार कराने से कतराते हैं, लेकिन इससे उनका ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और दूसरी समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है।

जबकि हाई ब्लड प्रेशर की जांच शुरुआती स्टेज पर होने और समुचित ध्यान रखने पर इसे ठीक किया जा सकता है। डॉ. मरीज को जीवनशैली में बदलाव लाने की सलाह देते हैं। अगर 2 महीने तक मरीज का हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल में नहीं आता, तो उसे मेडिसिन दी जाती हैं।

### ऐसे करें बचाव

जरूरी है नियमित रूप से हाई ब्लड प्रेशर की जांच करवाएं और जानें कि आपका ब्लड प्रेशर स्टेटस क्या है। अगर आप प्री. हाईपरटेंशन मरीज की कैटेगरी में आते हैं तो इससे बचाव के समुचित कदम उठाने जरूरी हैं। समुचित जांच, सही सलाह और जीवनशैली में बदलाव से सिस्टोलिक हाईपरटेंशन को नियंत्रित किया जा सकता है। खासकर युवाओं को अपना ब्लड प्रेशर जरूर चौक कराना चाहिए।

अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा हो तो डॉ. को कंसल्ट करें। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल-सब्जियां हों। केला, मौसमी, अनार, नारियल पानी जैसे पोटेशियम रिच पदार्थों का सेवन अधिक करें। फास्ट फूड, जंक फूड व वसायुक्त आहार से परहेज करें। ज्यादा नमक वाली चीजें कम खाएं। चाय-कॉफी का सेवन सीमित मात्रा में करें। घर पर ब्लडप्रेशर मॉनीटर से रेगुलर चेक करें। अगर आपका ब्लड प्रेशर काफी समय से 140/90 मिमी एचजी से अधिक हो तो डॉक्टर के परामर्श से नियमित दवाई लें। वॉक, योगा, मेडिटेशन या एक्सरसाइज करें।

# समाज से कब बंद होंगे नफरती बोल

**सोशल मीडिया पर सेना और शहीदों के परिजनों को निशाना बनाते ट्रोलर्स के रवैये से देश में आक्रोश देखा गया। शहीद की विधवा हिमांशी नरवाल द्वारा कश्मीरियों के प्रति सौहार्द की अपील को भी ट्रोल किया गया। राजनीतिक दबाव के चलते मंत्री शाह के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक मंत्री को संवेदनशील समय में जिम्मेदारी से बयान देना चाहिए।**

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गई। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था।

निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिए वक्त की आवाज भी थी, लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ गटर की भाषा इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगाई। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिए गुहार लगाई तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं, लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की।

यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिए कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि




चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिए अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिए सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# दरगाह-ए-आलिया नजफ-हिन्द आज भी है एकता की मिसाल

दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा भारत की अहम दरगाहों में से एक है। इसकी अहमियत तब ओर भी बढ़ जाती है, जब इसे नजफ-ए-हिन्द के खिताब से नवाजा जाए। इसमें जरा भी शक नहीं है कि इस जगह मुश्किल कुशा हजरत अली के कदम आए हैं। इसी वजह से इस जगह से न सिर्फ लोगों की मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं, बल्कि ऐसे-ऐसे काम बने हैं, जो मुमकिन नहीं थे।

### जोगीपुरा कैसे पहुंचे

जोगीपुरा उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के नजीबाबाद में स्थित है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से जोगीपुरा दरगाह की दूरी मात्र 12 किमी है। जोगीपुरा एक छोटा सा गांव है। सड़क के किनारे लोग बसे हुए हैं। इस गांव से एक मील की दूरी पर रायपुर सादात है। बादशाह शाहजहां के दीवान सैयद सलाउद्दीन इसी गांव के रहने वाले थे। सैयद राजू उन्हीं के बेटे थे, जिनके जमाने में जोगीपुरा में चमत्कार (मौअज्जा) हुआ। आज से लगभग 400 साल पहले यह बाग जंगलों से घिरा था। दरगाह के उत्तर में आज भी पहाड़ नजर आता है।

### करिश्मा क्यों हुआ

इस बाग और जंगल की किस्मत उस समय चमकी जब इस भारत की जमीन पर हजरत अली अपने चाहने वाले से मिलने के लिए आए। इतना ही नहीं, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि यह जगह हमें पसंद आ गई है। यहां रोजा बनाओ, जो नहीं जानते, वे जान लें कि हजरत अली आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.) के वली उत्तराधिकारी, शियो के इमाम, सुन्नियों के चौथे खलीफा, रसूल की बेटी जनाबे फातिमा ज़हरा के शोहर का नाम है। इराक के शहर नजफ में हजरत अली की कब्र है। हजरत अली भारत के जोगीपुरा में कैसे और क्यों आए। यह सवाल उठा रहा हूं, ताकि लोगों को इस जगह का महत्व पता चल सके। हजरत अली हर उस व्यक्ति की मदद के लिए आए, जो उन्हें पुकारता है। भले ही वह किसी भी धर्म का हो। अब फिर सवाल उठता है कि हजरत अली को किसकी मदद के लिए आना पड़ा। सन 1657 की बात है अपने बाप शाहजहां को कैद करने के बाद औरंगजेब ने अपने को बादशाह घोषित कर दिया, अपने पिता शाहजहां के वफादार कर्मचारियों और सिपाहियों को ढूंढ-ढूंढकर कत्ल करवा रहा था, उन्हीं में एक सैयद राजू भी थे, सैयद राजू को डर था कि औरंगजेब उन्हें नहीं छोड़ेगा वह उन्हें तलाश कर जरूर कत्ल करवाएगा, चूंकि सैयद राजू हजरत अली की शक्ति और ताकत जानते थे। इसलिए वह अपने गांव जोगीपुरा के पास के जंगल में आ गए। कोई देख न सके इसलिए वह पेड़ पर बैठ जाते और 'या अली अदरिकिनी' यानि या अली मदद करो पढ़ते रहे। अंधेरा हो जाता, जो छिपकर अपने घर आ जाते और वहां भी हजरत अली से मदद मांगते रहते। काफी दिन बीत गए थे, लेकिन उनके दिल से यह डर नहीं निकल पाया था कि औरंगजेब उनका कत्ल नहीं कराएगा वह रोजाना सवेरे इसी जंगल में आ जाते और दिल से पुकारते। नमाज में औरंगजेब के शर से बचाने की दुआएं मांगते। 'नादे अली' पढ़ा करते। सैयद राजू ने यह तय कर लिया था कि हजरत अली ही उन्हें औरंगजेब के हाथों कत्ल होने से बचा सकते हैं। इसलिए वह सोते-जागते हर दम हजरत अली को पुकारते ही रहे। एक दिन सैयद राजू की तबियत कुछ खराब हुई। वह इस हालत में नहीं थे कि जंगल में जा सकें। इसलिए उन्होंने अपने पहरेदारों को लगा दिया कि कहीं से भी कोई आए, फौरन सूचना दें, ताकि जान बचाई जा सके। हर आदमी सतर्क और चौकन्ना था। उस दिन गांव का एक बूढ़ा ब्राह्मण इसी जगह से घास काट रहा था, जिस जगह आज हजरत अली को रोजा है। घास काटते-काटते इस ब्राह्मण के कानों में घोड़े की आवाज सुनाई दी। ब्राह्मण चौंका



### कौन थे सैयद राजू

**सैयद राजू जोगीपुरा के रईस सलाउद्दीन के बेटे थे, उनके इंतकाल के बाद बादशाह ने उनके पुत्र सैयद राजू को उनकी जगह नियुक्त कर लिया था।**

### मजलिस का आगाज

**हर साल की तरह इस साल भी चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई तक चलेगी, जिसमें देश-विदेश से लाखों जायरीन आएंगे, दरगाह के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़वी ने बताया कि चार दिवसीय मजलिसों से पूर्व जायरीनों के लिए सभी इंतेजाम पूरे कर लिए जाएंगे।**

इधर-उधर देखने लगा। उसे लगा कि आज कोई मुसीबत सिर पर आ गई है। उसने इरादा किया कि चल कर किसी तरह सैयद राजू को खतरे की सूचना दी जाए। अभी वह अपनी जगह से उठा ही था कि दो घुड़सवार उसके सामने आ गए उन्हें देखकर ब्राह्मण की हालत खराब हो गई। घुड़सवारों ने उसकी तरफ इशारा करके कहा कि मेरे सरदार तुम्हें बुला रहे हैं। घुड़सवार ब्राह्मण को सरदार के पास ले गए। सरदार ने ब्राह्मण से सवाल किया कि तुम मांगने की क्या सोच रहे हो। यह सवाल सुनकर ब्राह्मण सकपका रह गया और बहाना बनाना चाहा, मगर सरदार ने ब्राह्मण से कहा कि डरो नहीं औरंगजेब का लश्कर नहीं है। हम सैयद राजू की मदद करने वाले हैं। घराबाओ नहीं फौरन जाओ और सैयद राजू से कहो कि जिसको तुम रात-दिन पुकारते हो, वह आज आए हैं। यह भी कह देना कि यह जगह हमें पसंद आई है तुम यहां हमारे नाम से एक रोजा बनाना। बूढ़े ब्राह्मण ने सरदार के हुक्म को सुनकर इतना कहा कि मेरी आंखों में रोशनी कम है, इसलिए मैं सैयद राजू के पास जल्दी नहीं पहुंच सकता। सरकार ने कहा कि तुम आंख बंद करो और थोड़ी देर में आंखें खोली, तो रोशनी सही हो चुकी थी। यह देख ब्राह्मण सैयद राजू को बुलाने के लिए उनके मकान की तरफ भागा और सारा हाल सैयद राजू को बताया। सैयद राजू यह सुनकर समझ गए कि कौन आया है। हजरत अली का नाम लेते हुए वह जंगल की तरफ भागे। उन्हें भागते देखकर उनके चाहने वाले भी उनके पीछे भागने लगे। सैयद राजू ने लोगों को मना किया पर लोग नहीं माने। आखिर सैयद राजू अब उस जगह पहुंचे, तो उन्हें वहां कोई नकाबपोश नजर नहीं आया। सैयद राजू को उस जगह घोड़े की टाप के निशान और घोड़े के मुंह से निकला झाग दिखा ई दियां वह इस जगह बैठकर बहुत देर तक रोए। घोड़े की टाप के निशान को सुरक्षित कर लिया। चौकी के इर्द-गिर्द रोजा बनवाया गया।

### रोजे की तामीर

जंगल में रोजे का निर्माण करना आसान काम नहीं था, लेकिन यह काम हजरत अली की मदद से बड़ी आसानी से हो गया। रोजे के निर्माण का काम कब शुरू हुआ। इस बारे में कोई तारीख नहीं मिलती। इस जगह पर और खुदाई की गई, तो पानी का चश्मा निकला। इस पानी से मरीजों को शिफा मिलती है। इस चश्मे का पानी हल्का मीठा है।

**सुझाव के लिए व्हाट्सएप नंबर- 9837776610**
**email id-ziaabbaszaidist@gmail.com**



# भारत-अफगान संबंधों में बढ़ी नजदीकियां

## जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात

नई दिल्ली, वार्ता



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा।

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। जयशंकर ने इस बात के लिए भी अफगान सरकार का शुक्रिया किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई। तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी का भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही। भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था।

तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था। तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी। तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय के जाइंट सेक्रेटरी आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को मुत्ताकी से मुलाकात की थी। उस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। अब एस जयशंकर और मुत्ताकी की फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन भारत ने पिछले 20 सालों में अफगानिस्तान को 20 हजार करोड़ रुपये की मदद कर चुका है। पिछले साल नवम्बर में तालिबान ने मुंबई स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास में अपना डिप्लोमैट अपाइंट किया था। रूस, चीन, तुर्की, ईरान और उज्बेकिस्तान में पहले से ही अफगान दूतावास हैं। कतर के मीडिया संस्थान अलजजीरा ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्तों में धीरे-धीरे नजदीकी बढ़ रही है। एक्सपर्ट राघव शर्मा ने कहा कि भारत जानता है कि तालिबान सरकार को नजरअंदाज करना अब मुमकिन नहीं है। भारत हमेशा अफगानिस्तान को 'रणनीतिक रूप से अहम' देश बताता रहा है। जब तालिबान सत्ता में आया, तो भारत ने उसे लगभग नजरअंदाज कर दिया था और सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही ध्यान दिया। तालिबान के पाकिस्तान के रिश्ते अब अच्छे नहीं हैं। ऐसे में वह दुनिया को दिखाना चाहता है कि वे सिर्फ पाकिस्तान के भरोसे नहीं हैं। तालिबान अब भारत जैसे देशों से संपर्क बढ़ाकर यह दिखाना चाहता है कि उनके पास और भी विकल्प हैं और वे सिर्फ पाकिस्तान की कठपुतली नहीं है।

## पंजाब के जालंधर में पाकिस्तान का जासूस गिरफ्तार

**जालंधर।** गुजरात पुलिस ने शुक्रवार को जालंधर पुलिस की मदद से एक संयुक्त ऑपरेशन में पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद मुर्तजा अली को जालंधर के भार्गव कैंप क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अली गांधी नगर में किराये के मकान में रहता था और वहां एक आलीशान कोठी का निर्माण भी करवा रहा था।




**नई दिल्ली। तुर्की के पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी पोस्टर पकड़े हुए।**

## हमने 1971 की जंग का बदला लिया: शहबाज शरीफ

### पाक पीएम ने कहा: शांति के लिए बातचीत को तैयार, कश्मीर मुद्दा शामिल करना होगा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सैनिकों से बात करते हुए कहा कि, इस जंग में हमने 1971 की जंग का बदला ले लिया है। शहबाज ने पंजाब में कामरा एयरबेस पर पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित करते समय यह बात कही।

इस दौरान उनके साथ डिप्टी पीएम इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख असीम मुनीर, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी थे। इसके अलावा उन्होंने भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। वहीं, पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की कोई मांग नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि भारत ने पहले हमला रोका था। भारत-पाक ने 3 बार सीजफायर बढ़ाया इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान और भारत के सैन्य अभियान महा. निदेशकों (डजीएमओ) ने सीजफायर पर चर्चा के लिए हाटलाइन पर बात की। द डान की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच अब 18 मई को बातचीत होगी। डार ने संसद में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद सैन्य संघर्ष रोकने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। इसे 12 मई तक बढ़ाया गया और फिर 14 मई और फिर 18 मई तक किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक वार्ता होगी और सभी समस्याओं का हल निक. ालने पर बात की जाएगी।

## नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 85 किलो हेरोइन बरामद

**तरनतारन।** पंजाब में तरनतारन पुलिस ने ब्रिटेन स्थित ड्रग हैंडलर लल्ली द्वारा संचालित एक सीमा पार, आईएसआई-नियंत्रित-पाकिस्तान आधारित नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उसके भारत स्थित ऑपरेटिव, अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू, गांव भिट्टेवाड, अमृतसर ग्रामीण निवासी को गिरफ्तार कर उसके पास से 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमरजोत सीमा पार के तस्करों से खेप प्राप्त कर रहा था और पूरे पंजाब में ड्रग्स की आपूर्ति कर रहा था। उसका निवास नेटवर्क के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में काम करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### यमन से आने वाली मिसाइल को रोका गया: इज़रायल

**यरूशलेम।** इज़रायल ने गुरुवार शाम को यमन से उनकी ओर दागी गई मिसाइल को रोक लिया। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा, मैगन डेविड एडोम ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, सिवाय कुछ मामलों में घबराहट और आश्रय की ओर भागते समय लोगों के घायल होने के। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ ने वेस्ट बैंक में एलोन श्वुत की इज़राइली बस्ती में मिसा. इल के कुछ हिस्सों के गिरने की फुटेज प्रकाशित की। आईडीएफ ने प्रक्षेपण के बाद तेल अवीव और यरुशलम सहित मध्य इज़रायल के बड़े क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

### अल नाहयान व ट्रम्प ने की साझेदारी बढ़ाने के लिए वार्ता

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गुरुवार को अबू धाबी में राष्ट्रपति भवन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वार्ता की। जिसमें दोनों देशों की अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। यूएई की सनकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएम के अनुसार दोनों नेताओं ने निवेश, ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। शेख मोहम्मद ने यूएई-अमेरिका संबंधों की गहराई पर प्रकाश डाला, जो उन्होंने कहा कि पांच दशकों से अधिक समय तक फैला हुआ है।

### भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का पहला परिसर दुबई में खुला

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त शैक्षणिक निकाय, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने भारत से बाहर अपना पहला परिसर संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह संस्थान की वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शिक्षा में भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का दुबई परिसर शिक्षा मंत्रालय से अनुमोदन और विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के साथ संभव हुआ है।

## इजरायल ने किया घातक हवाई हमला, 93 लोगों की मौत

### गाजा के कई क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही, सैकड़ों लोग घायल

**गाजा।** इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इजरायल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। शुक्रवार को हुए ताजा हवाई हमलों में कम से कम 93 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें, तो गाजा के दीर अल-बलाह और खान यूनिस जैसे क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही।

इतना ही नहीं जबालिया शरणार्थी कैंप और बैत लाहिया जैसे क्षेत्रों से लोग जान बचाकर पैदल, गाड़ियों और गधों पर सवार होकर भागते नजर आए। बता दें कि इजरायल इन दिनों लगातार गाजा पर हमला कर रहा है। ये हमला ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट के आखिरी दिन के दौरे पर थे। हालांकि ट्रंप ने अपने इस दौरे के माध्यम से कई बार ऐसा संदेश दिया है कि वो गाजा पर ध्यान दे रहे है और इस युद्ध को खत्म करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

**जबालिया शरणार्थी कैंप व बैत लाहिया से लोग जान बचाकर भागते नजर आए**

मामले में एक विस्थापित नागरिक फैसल अल-अत्तर ने कहा कि सेना ने हम पर बम बरसाए, हमने मुश्किल से घर छोड़ा, कुछ भी साथ नहीं ले पाए। हालांकि इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने शुक्रवार को 150 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें मिसाइल अड्डे और सैन्य ढांचे शामिल थे। साथ ही इजरायली अधिकारियों ने कहा कि ये हमले गाजा में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी हैं और अगर हमास बंधकों को नहीं छोड़ता तो यह आपरेशन जल्द शुरू हो सकता है। हालांकि दूसरी ओर इसी सप्ताह एक नई अमे. रिकी समर्थित संस्था श्गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशनश ने घोषणा की है कि वह महीने के अंत तक गाजा में राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर सकती है। इसमें अमेरिकी सैन्य दिग्गज, सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व राहत समन्वयक शामिल होंगे। ध्यान रहे कि इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच ये लगातार तीसरा दिन है जब इजरायल ने गाजा पर घातक हवाई हमला किया है। इससे पहले गुरुवार को इजरायल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर हवाई हमला किया था, जिसमें 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए।

## हांगकांग में कोरोना के 31 मामले मिले

### सिंगापुर अलर्ट पर, कोविड केस में 28 प्रतिशत इजाफा, चीन-थाईलैंड में भी बढ़ सकते हैं मामले

**हांगकांग।** हांगकांग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हांगकांग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं। हांगकांग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानक. ारी दी है। इससे पहले सिंगा. पुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया है।



सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14200 हो गई है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस साल अब तक कोरोना के 14200 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। स्वास्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विक. राल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है।

हांगकांग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पाजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। थाइलैंड में क्लस्टर आउटब्रेक के ऐसे दो मामले सामने आ चुके हैं।

## नाइजीरिया में लासा बुखार से मरने वालों की संख्या 138 हुई

**अबूजा।** अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में लासा बुखार के प्रकोप से मरने वालों की संख्या इस साल की शुरुआत से 138 हो गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, नाइजीरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (एनसीडीसी) ने कहा कि अब तक 717 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं। एनसीडीसी ने कहा कि इस साल अब तक देश के 36 राज्यों में से कम से कम 18 राज्य वायरल रक्तस्रावी बीमारी से प्रभावित हुए हैं, जिसमें दक्षिणी राज्य ओंडो और उत्तरी राज्य बाउची और तराबा सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां कुल पुष्ट मामलों का 71 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, इस विकास ने देशव्यापी हस्तक्षेप के बावजूद लगातार हॉटस्पॉट का संकेत दिया है। एनसीडीसी ने कहा कि नवीनतम मृत्यु दर के साथ, मृत्यु दर बढ़कर 19.2 प्रतिशत हो गई है, तथा कुल मिलाकर, हताहतों की संख्या में यह वृद्धि चिंताजनक बनी हुई है।

## पुतिन ने की रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख की नियुक्ति

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव को रूसी सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया है। रूसी सरकार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। जनरल साल्युकोव को रूसी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर-इन-चीफ के अपने वर्तमान पद से मुक्त कर दिया जाएगा, जिस पद पर वह 2014 से है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रमुख सैन्य अभियानों की देखरेख की और मॉस्को में रेड स्क्वायर पर विजय दिवस सैन्य परेड की कमान संभाली, जिसमें इस साल 9 मई को आयोजित सबसे हालिया परेड भी शामिल है। तास समाचार एजेंसी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1955 में सारातोव में जन्मे जनरल साल्युकोव दशकों का अनुभव रखने वाले सैन्य अधिकारी हैं।

## हूती ने ली इजरायली हवाई अड्डे पर हमले की जिम्मेदारी

**सना/यरूशलम।** यमन के हूती समूह ने गुरुवार रात कहा कि उसने मध्य इज़रायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर एक नया बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है, जिसे कथित तौर पर रात में इज़रायली रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया था।

हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि हमने हाइप. रसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग करके बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक गुणात्मक सैन्य अभियान चलाया। प्रवक्ता ने कहा कि बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हवाई नेविगेशन पर प्रतिबंध लगाने के लिए हूतियों का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि इज़रायल गाजा पट्टी के फलस्तीनी एन्क्लेव के खिलाफ़ अपना आक्रमण और नाकाबंदी समाप्त नहीं कर देता। इससे पहले रात में इज़रायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यमन से दागी गई एक मिसाइल को रोक दिया। प्रक्षेपण के बाद, आईडीएफ ने मध्य इज़रायल के क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

## रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने पर बातचीत शुरू

### तुर्की में दोनों देशों के प्रतिनिधि मौजूद, ट्रम्प बोले: मेरे बिना कोई डील नहीं हो सकती

**अंकारा।** रूस और यूक्रेन में जंग खत्म करने पर तुर्की में बातचीत शुरू हो गई है। इस्तांबुल में हो रही इस बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल है, जिसकी मध्यस्थता तुर्की के अधिकारी कर रहे हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव और रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमिर मेंडिस्की कर रहे हैं।

रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जंग जारी है। बीते 3 साल में ऐसा पहली बार है जब दोनों देशों के बीच शांति को लेकर सीधी बातचीत हो रही है। बातचीत से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेस्की ने कहा कि यह फैसला उन्होंने इसलिए लिया, क्योंकि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन का सम्मान करते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी डेलीगेशन में कोई भी ऐसा शख्स शामिल नहीं है जो वास्तव में फैसले लेता हो। इससे पहले शांति वार्ता में हिस्सा लेने के लिए पहले जेलेंस्की और पुतिन के शामिल होने की चर्चाएं थीं लेकिन क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन इसमें शामिल नहीं होंगे। पुतिन ने शांति वार्ता में न पहुंचने के फैसले के बाद ट्रम्प ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जब तक पुतिन और मैं एक साथ नहीं आते, तब तक कुछ भी होने वाला है, चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं। लेकिन हमें इसे हल करना होगा क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं।

### यूक्रेन ने लड़ाकू मिशन पर एफ-16 जेट से संपर्क खो दिया

**कीव।** यूक्रेनी वायु सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने लड़ाकू मिशन के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू जेट से संपर्क खो दिया। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पायलट द्वारा तीन हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने और विमान की तोप से चौथे को नष्ट करने के बाद विमान में एक आपात स्थिति उत्पन्न हुई, पायलट ने विमान को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले जाने में कामयाबी हासिल की और फिर विमान से बाहर निकल गया और बाद में उसे ढूंढकर निकाला गया। यूक्रेन ने बताया कि पिछले महीने एक 26 वर्षीय पायलट एफ-16 से जुड़े लड़ाकू मिशन पर मारा गया था।

## बीएलए ने 14 पाक सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली

### कहा: पाकिस्तानी सेना किसी कोने में सुरक्षित नहीं

इस्लामाबाद, वार्ता



**बलूच** लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 14 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली है। यह हमला 9 मई को बलूचिस्तान के पंजगुर जिले में पाक सेना की गाड़ी पर हुआ था। बीएलए ने 14 मई को सेना का काफिले पर हमले का एक वीडियो भी जारी किया।

बलूच आर्मी ने पाक सेना के खिलाफ अपने हमलों को आप. रेशन हेरोफ नाम दिया है। बीएलए ने बयान जारी कर कहा, बलूचिस्तान की आजादी का आंदोलन लोगों के समर्थन से मजबूत हो गया है। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान के किसी कोने में सुरक्षित नहीं है। बीएलए ने आप. रेशन हेरोफ के तहत पिछले कुछ हफ्तों में बलूचिस्तान प्रांत में 58 से अधिक जगहों पर 78 कार्डिनेटेड हमलों की जिम्मेदारी ली है। 11 मई को बीएलए की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक इनमें केच, पंजगुर, मस्तुंग, क्वेटा, जमुरान, तोलांगी, कुलुकी और नुशकी इलाके शामिल हैं। यहां बीएलए ने पाकिस्तानी सेना, खुफिया ठिकानों और स्थानीय पुलिस स्टेशनों को निशाना बनाया है। इस बयान में बीएलए ने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवादियों का गढ़ बताया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उसे आतंकवादी देश घोषित करने की मांग की। बीएलए ने कहा कि वे भविष्य में भी पाकिस्तानी सेना और उनके सहयोगियों पर ऐसे हमले जारी रखेंगे। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान किया। उन्होंने इसके पीछे दशकों से बलूच लोगों के मानवाधिकार हनन, किडनैपिंग और हिंसा का हवाला दिया। मीर यार बलूच ने एक्स पोस्ट में कहा: बलूचिस्तान के लोगों ने अपना 'राष्ट्रीय फैसला' दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। आओ हमारा साथ दो। उन्होंने लिखा कि बलूच लोग सड़कों पर हैं और यह उनका राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और दुनिया अब और मूक दर्शक नहीं रह सकती।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required:**
**Faculty For MCA**

**Qualification: As per AICTE/AKTU/UGC Norms**

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to AKTU Lucknow

Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com